हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित


शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 03 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 294 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
|---|---|---|
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

## मुख्य अतिथि

## श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे

स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची

## उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

## शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतर्गत मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PR No. 337917 / IPRD / 2024-25


**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

## संक्षिप्त समाचार

### शहर के तीन प्रमुख क्षेत्रों में तीन घंटे बिजली ठप

**नालंदा।** स्मार्ट सिटी योजना के तहत होने वाले विकास कार्यों के कारण बुधवार को शहर के तीन प्रमुख क्षेत्रों में तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सोहसराय, नूरसराय और थरथरी पावर सब स्टेशन (पीएसएस) से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। बिजली विभाग के उप-प्रभागीय अधिकारी (एसडीओ) संजीव कुमार ने बताया कि शहर की बाजार समिति के पास स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण विकास कार्य किए जाने हैं। इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए 33 केवी की तीनों लाइन सोहसराय, नूरसराय और थरथरी को अस्थायी रूप से बंद करना आवश्यक है।

### प्रतियोगिताओं में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा



**नालंदा।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय नालंदा में 2022-23 बैच के बच्चों ने 2023-24 बैच के बच्चों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं भी शामिल थी। प्रतियोगिता में बैच 2023-24 के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब कौशल कुमार और मिस फ्रेशर का खिताब संध्या भारती ने अपने नाम किया। पास और प्ले गेम में अमन कुमार, बैलून एंड ग्लास गेम में आलोक कुमार , सानू कुमार, राहुल रंजन, सुधांशु कुमार, अभयानंद राठी, ही-इंग्लिश में राज कुमार और की शोल्डर व कप में आलोक कुमार विजेता रहे। उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं, कविता में रोहित कुमार और अमृता सिंह ने अपना दबदबा बनाया। इन सभी कार्यक्रमों के परिणाम का निर्णय जज के रूप में 2022-23 बैच के चिंटू कुमार, शंभू कुमार, विकास कुमार, सोनू कुमार और रंजीत कुमार ने किया। मौके पर मौजूद प्राध्यापक डॉक्टर पियूष चंद्रा ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया और उनका हौसला बढ़ाया। वहीं, 2022-23 बैच से आदित्य कौशिक, सूरज कुमार, सोनू कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार, नवीन कुमार, अमरजीत कुमार, विवेक कुमार, ऋषभ कुमार, कन्हैया कुमार, और उनके सहपाठी मौजूद थे। जिन्होंने अपने जूनियर का उत्साह बढ़ाया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बिजली विभाग के अफसरों ने स्मार्ट मीटर की खूबियां गिनाई

**गया।** गया में डीएम डॉ त्यागराजन की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अफसरों ने स्मार्ट मीटर की खूबियां ही गिनाई। वहीं उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर हर दृष्टिकोण से ग्राहकों के लिए फायदेमंद है। कहा कि 2012 से लगातार बिजली के क्षेत्र में प्रदेश सरकार हर सम्भव सुविधाएं दे रही है। सरकार की ओर से 22 से 24 घंटे दी जा रही सुविधाएं नजर भी आ रही हैं। उन्हीं सुविधाओं में से एक स्मार्ट मीटर भी है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के फायदें अनेक हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में कुछ भ्रांतियां लोगों के बीच है। यही नहीं कुछ भ्रांतियां फैलाई भी जा रही है। ऐसे में उन्होंने लोगों से अपील की अगर कोई समस्या आती है, तो वे सम्बन्धित विभाग के अफसर से जानकारी लें। ग्राहकों की हर समस्या का निदान किया जाएगा। जब बिजली विभाग के अफसर से दैनिक भास्कर ने यह कहा कि नेटवर्क और सौफ्ट वेयर की परेशानियों की वजह से रिचार्ज और बैलेंस ओवर होने की जानकारी अक्सर सात या आठ दिनों में मिलती है। ऐसे में लोगों के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर संशय तो उत्पन्न होना लाजिमी है। इस पर डीएम ने कहा कि इस मसले पर प्रदेश स्तर की हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में चर्चा हुई है। उसे दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं बिजली विभाग के अफसर से जब यह पूछा गया कि रिचार्ज करने पर जो मैसेज दिया जाता है। वह पूरी तरह से विभागीय भाषा होती है। जिसे समझना आम जन मानस की बस की बात नहीं है। ऐसे में ग्राहक असमंजस में पड़ा रहता है। इस सवाल बिजली विभाग के कोई जवाब नहीं दिया। इसके अलावा जब उनसे यह जानने की कोशिश की गई कि यदि कोई ग्राहक स्मार्ट मीटर को लेकर किसी प्रकार की परेशानी में है, तो उसकी समस्या के समाधान के लिए कोई फोन नम्बर भी जारी किया गया है। इस पर बिजली विभाग के अफसर ने कहा कि सप्ताह में दो दिन बिजली विभाग जनता दरबार लगाएगी, उसी के तहत समस्या का समाधान किया जाएगा।

### गया में अज्ञात युवती का शव बरामद

**गया।** गया में मंगलवार को सरदार पुल के पास एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया। शव पानी निकासी वाले स्थान पर लावारिस पड़ा हुआ था। मृतका की उम्र तकरीबन 20 साल होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधगरे-चिरैला रोड स्थित है। स्थानीय लोगों ने शव को देख पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे SI मिश्री प्रसाद ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। कागजी प्रक्रिया को पूरा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। इधर, चिरैला ढोंगा पर युवती का अस्त व्यस्त शव पड़े मिलने की सूचना पर आसपास सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में चिरैला, मायापुर, बुधगरे, कईया के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। शव का शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक छिटदार ट्राउजर, काली टीशर्ट, आसमानी स्टॉल पहन हुए है। मृतक के दाएं हाथ में मेटल का कंगन, नाक में नोजपिन है। मृतक के दांए हाथ में स्लाइन सेट लगा हुआ था। आशंका व्यक्त की जा रही है की इलाज के दौरान युवती की मौत हुई होगी। इसके बाद लोग उसे फेंक कर भाग गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि अहले सुबह कईया गांव का एक बच्चा ढोंगा (कल्वर्ट,ह्यूमन पाइप) के उस पार शौच के लिए बैठा था। तभी व्हाइट कलर की चार पहिया वाहन मौके पर रुक4। तीन व्यक्ति वाहन से बाहर निकले और शव को पानी में फेंक दिया। इस दौरान शोर मचाए जाने पर वहां तेज रफ्तार में चिरैला के दिशा में भाग खड़ा हुआ। वहीं नाम नंही छापने के शर्त पर चिरैला के एक व्यक्ति ने कहा कि तेज रफ्तार टाटा सूमो चालक पहले बरतारा गांव जाने का रास्ता पूछे। फिर करीब 3 मिनट के अंदर ही तेजी से गया नवादा रोड की तरफ भाग निकले। ग्रामीणों की माने तो मार्ग में पड़ने वाले सीसीटीवी चेक किए जाने पर वाहन की पहचान की जा सकती है। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या जहर खाने का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। फिलहाल पुलिस मार्ग में पड़ने वाले सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

### तीर्थयात्रियों की सेवा में लीन रही करुणा स्वयं सेवी संस्था

**गया।** गया में पितृपक्ष मेला अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। मेला के समापन में अब एक दिन शेष रह गया है। मेला 17 सितंबर से शुरू हुआ था। 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस 17 दिनों में जिला प्रशासन और पुलिस के अलावा खुद सेवी संस्थाओं ने अहम भूमिका निभाई। किसी ने चाय बिस्कुट तो किसी ने भंडारा तो किसी ने केवल पानी का काउंटर लगा कर दिन रात तीर्थ यात्रियों की सेवा की। करुणा स्वयं सेवी संस्था ने अपने स्तर से रेलवे स्टेशन परिसर के मुख्य गेट के पास न केवल रेल यात्रियों को शुद्ध पेयजल पिलाए, बल्कि बतौर पूछताछ काउंटर के रूप में भी काम किया। पानी पीने के लिए काउंटर तक आने वाले तीर्थ यात्रियों को उन्हें उनके गंतव्य तक जाने के साधन व रास्ते भी बताए। करुणा स्वयं सेवी संस्था के अध्यक्ष शेखर कुमार और सचिव डॉ गणेश कुमार ने बताया कि यह संस्था बीते 8 वर्ष से यह काम करते आ रही है। इस बार भी रेलवे की मदद से पिंडदानियों के लिए पानी का काउंटर लगाया गया। गया में भीषण गर्मी होने की वजह से पेयजल की अहमियत व जरूरत दोनों बढ़ जाती है। प्रत्येक दिन 50 जार की खपत होती रही है। इसका लाभ सबसे अधिक तीर्थ यात्रियों को ही मिला है।

# फल्गू में डूबे पांच नाबालिग, 2 की मौत

निज संवाददाता। गया

गया में पितृपक्ष मेला के अंतिम दिन अमावस्या को संगतघाट पर स्नान कर रहे एस्कॉर्ट एंड गाइड के पांच नाबालिग फल्गू नदी में डूब गए हैं। जिसमें दो की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान बेलागंज निवासी 17 वर्षीय रीषा कुमारी और आलोक कुमार (16) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में मानपुर निवासी नैंसी कुमारी (17), मनीषा कुमारी (16) और औरंगाबाद निवासी विकास कुमार शामिल हैं। तीनों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा कि पहले दो किशोर डूबे थें, उन्हें बचाने के चक्कर में तीन और डूब गए।



**बच्चे फूल माला लाकर दे रहे थेः** स्कॉर्ट एंड गाइड की इंचार्ज मधु शर्मा का कहना है कि अपने पितरों का तर्पण कर रही थी। इस बीच बच्चे नहाने लगे। नहाने के दौरान एक डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में सभी डूबने लगे। दो की मौत हो गई। तीन को बचा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शी स्काउट विमल कुमार ने बताया कि मैम तर्पण कर रही थीं। उनका फूल-माला बच्चे खरीद कर ला रहे थे। उसी दौरान देखा कि कुछ बच्चे डूब रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए मैं भी गया।

**गोताखोर और एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यूः** डीएम डॉ. त्यागराजन ने कहा आज सुबह लगभग 9:00 बजे के आसपास पिता महेश्वर घाट के सामने फल्गु नदी में वार्ड संख्या-53 के 5 स्थानीय बच्चे नहाने गए थे। इसी दौरान 2 डूबने लगे, उनको बचाने गए अन्य 3 बच्चे जाने लगे। गोताखोर और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू किया। समुचित इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया। दो की मौत हो गई। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता आपदा विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मामले में अग्रेतर कार्रवाई करें। राजद नेता विश्वनाथ यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की लापरवाही की वजह से यह दुखद घटना हुई है। मृतकों को मुआवजा मिलना चाहिए। साथ में अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

♦ नदी में नहाने गए थे दो किशोर, एक-दूसरे को बचाने पांचों पानी की गहराई में गए

## नालंदा में अलग-अलग हादसों में महिला समेत 2 की मौत



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दो अलग-अलग जगहों पर हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। मामला अस्थावां और एकंगरसराय थाना क्षेत्र है। मृतकों की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के निजामपुर वार्ड नंबर 2 निवासी शिवनंदन चौधरी की 48 वर्षीय पत्नी कुंती देवी और एकंगरसराय थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी बच्ची प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। मृतका कुंती देवी के परिजन ने बताया कि महिला 30 सितंबर को घर से निकली थी।

इसके बाद से वह लापता थी। खोजबीन के क्रम में बुधवार की अहले सुबह गांव के बाहर सोयवा नदी से शव को बरामद किया गया। शव मिलने के बाद कोहराम मच गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।

**करंट के चपेट में आने से गई युवक की जानः** एकंगरसराय निवासी राजेश कुमार के परिजन ने बताया कि युवक बुधवार की अहले सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकाला था। तभी वह करंट के चपेट में आ गया। जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह जब लोग अपने-अपने कामों के लिए खेतों की ओर जाने लगे तब जाकर घटना का खुलासा हुआ। अस्थावां थाना अध्यक्ष लाल मुनि दुबे और एकंगरसराय थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। दोनों ही मामले में यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# गया में फाइनेंस कंपनी में डकैती, 3 को मारी गोली

निज संवाददाता। गया

गया में निजी फाइनेंस कंपनी आईबीएम फ्यूचर निधि में डकैती हुई है। वारदात को अंजाम देने 10 की संख्या में अपराधी आए थे, जो करीब 3 लाख रुपए लूटकर ले गए। चोर-चोर शोर होने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। जिसमें 3 लोगों को गोली लगी है। कंपनी के डायरेक्टर रणविजय सिंह की हालत गंभीर है, आंख के पास बुलेट लगी है। उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि,दो घायलों में राकेश और उसकी बहन नेहा शामिल हैं। दोनों बैंक की बिल्डिंग में रेंट पर रहते हैं। घटना बुनियादगंज थाना क्षेत्र के खाजहापुर की है।



**बंधक बनाकर की लूटपाटः** कंपनी में काम करने वाले गोस्वामी ने कहा कि 10 बजे बैंक खुलने के बाद सभी स्टाफ काम कर रहे थे। इसी बीच 10 की संख्या में नकाबपोश बैंक के अंदर आ गए। उसके बाद उन्होंने हथियार के बल पर सभी को बंधक बना लिया। बदमाशों ने सभी का मोबाइल भी ले लिया। वे नगद लूटकर जा रहे थे कि डायरेक्टर रणविजय बैंक के अंदर आने लगे। उन्हें अंदर आता देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली रणविजय के सीने में लगी और दो गोली किरायदारों को लगी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश भाग निकले। वहीं एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि खंजहा पुर स्थित फाइनेंस कंपनी में लूट हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी है। लूटकांड में एसआईटी गठित कर दी गई है। शीघ्र अपराधी पकड़े जाएंगे। गोलीबारी में 4 लोग जख्मी हैं। एक को रेफर कर दिया गया है। बाकी का इलाज चल रहाहै।

♦ 10 नकाबपोश बदमाशों ने बंधक बनाकर 3 लाख लूटे, एक की हालत गंभीर

# नालंदा में डीजे ट्रॉली और बाइक में लगाई आग

निज संवाददाता। नालंदा

नालन्दा के बिंद थाना क्षेत्र के बकरा गांव में मंगलवार रात को अज्ञात बदमाशों ने एक डीजे ट्रॉली में आग लगा दी गई। इस घटना में लगभग 6 से 7 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित डीजे संचालक नीरज कुमार ने बताया कि उनकी डीजे ट्रॉली रोज की तरह गांव के पोस्ट ऑफिस के पास खड़ी थी। रात के अंधेरे में किसी ने ट्रॉली में आग लगा दी, जिसके कारण उपकरण पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आग लगाने वाले की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। नीरज कुमार ने बताया कि इस घटना में उनके कीमती उपकरण नष्ट हो गए। जिनमें जेबीएल के 5 साउंड बॉक्स, एक जेनरेटर,



तीन साउंड मिक्सर मशीन, दो एम्प्लीफायर मशीन (5000 और 10000 वाट), 10 पंखे, 7 हॉर्न और 6 माइक के अलावा पास में खड़ी एक डिस्कवर मोटरसाइकिल भी जलकर राख हो गई।


**जल्दी मामले का खुलासा कर लिया जाएगाः** स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना की सूचना बिंद थाना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बजाय केवल एक चौकीदार को भेज दिया। यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों में असंतोष का कारण बनी हुई है। बिन्द थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस मामलें की जांच में जुट गई है। अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगाई गई है। जल्द ही मामलें का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

♦ सात लाख रुपए का हुआ नुकसान, कई कीमती उपकरण जलकर हुए राख

# डीएम-एसपी ने दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था के लिए दिए निर्देश, मूर्ति विसर्जन का होगा विशेष रजिस्टर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में आगामी दुर्गा पूजा समारोह को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए डीएम शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कई निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र हिलसा और राजगीर अनुमंडलीय क्षेत्रों के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था के भौतिक सत्यापन पर विशेष जोर दिया। लॉज, होटल और धर्मशालाओं की जांच, मूर्ति विसर्जन का विशेष रजिस्टर रखने, जिला नियंत्रण कक्ष से 24×7 निगरानी का आदेश है।



**तीन प्रमुख निर्देश दिए गएः** 3 से 14 अक्टूबर तक वाहन और पैदल गश्त की व्यवस्था, पंडालों में अग्नि सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों पर कड़ी निगरानीविसर्जन स्थलों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य।

**अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा गयाः** पुलिस अधीक्षक सोनी ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के साथ-साथ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों को हर समय सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दुर्गा पूजा उत्सव हर्षोल्लास के साथ-साथ पूर्ण सुरक्षा के साथ मनाया जाए।

## आज समाप्त होगा पितृपक्ष मेला

निज संवाददाता। गया

बुधवार को अमावस्या है। इस दिन फल्गु में अर्पण-तर्पण और श्राद्ध का खासा महत्व है। बड़ी संख्या में स्थानीय और तीर्थयात्री अर्पण-तर्पण और श्राद्ध कर अपने पितरों को विदाई देते हैं। माना जाता है कि अमावस्या के दिन पितर भी अपने वंशजों के किए गए अर्पण-तर्पण से खुश होते हैं। पूरे वर्ष वे अपने वंशजों के ऊपर कृपा बनाए रखते हैं। पितृपक्ष से चले जाते हैं। यही वजह है कि सुबह से विष्णुपद मन्दिर स्थित देवघाट व सीताकुंड पर पिंडदानियों की भारी भीड़ उमड़ी है। हर कोई अपने पितरों को फल्गु का जल अर्पण करने में सुबह से ही जुटे हैं। ब्राह्मण भी बड़ी संख्या में विधिवत रूप से तर्पण व श्राद्ध कराने में जुटे हैं।



**जिन्हें पूर्वजों के निधन की तिथि याद नहीं, वे भी कर सकते श्राद्धः** पण्डा मणि लाल बारीक बताते हैं कि अमावस्या तिथि को कोई भी व्यक्ति अपने पितरों के नाम अर्पण और श्राद्ध कर सकता है। जिस व्यक्ति को अपने पूर्वजों के निधन की तिथि याद नहीं है वह भी इस दिन अर्पण व श्राद्ध कर सकता है। यह शास्त्र में निर्देशित है। उन्होंने बताया कि अमावस्या को हर व्यक्ति को अपने पितरों के नाम फल्गु का जल अर्पण करना चाहिए। इससे पितृ प्रसन्न होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमावस्या को गया जिले के अलावा आसपास के जिले के लोग भी बड़ी संख्या में आते हैं और फल्गु का जल अर्पण या श्राद्ध कर ब्राह्मणों को दान देते हैं और उन्हें भोजन भी कराते हैं। इस दिन दान का भी विधान है।

## सिलाव में दूसरे दिन भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

निज संवाददाता। सिलाव

स्थानीय प्रशासन ने लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया गया और अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई। सीओ आकाशदीप सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी भावना और थानाध्यक्ष मो. इरफान खान की मौजूदगी में अभियान चलाकर सिलाव बायपास पर दुकानदारों और टोटो से जुर्माना वसूल किया गया। हालांकि प्रशासन की टीम के जाने के बाद फिर से अतिक्रमण हो गया। खाजा दुकानदारों ने फिर से नाले पर काउंटर लगा दिए और मुर्गा मछली की दुकानें फिर से मुख्य मार्ग पर आ गईं।अतिक्रमणकारियों का प्रशासन को खुला चुनौती देना बड़ा सवाल खड़ा करता है। एसडीओ कुमार ओमकेश्वर ने कहा कि मुख्य मार्ग पर मुर्गा मछली की दुकान नहीं लगेगी। कार्यपालक पदाधिकारी को साफ तौर पर निर्देशित किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जुर्माना लगाया जाएगा और गलत मंशा वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# गाय छुड़ाने में हो रही परेशानी, मुस्लिम होना मुसीबत

निज संवाददाता। गया

गया नगर निगम द्वारा आवारा घूम रहे दो बाछी को पकड़े जाने और जुर्माना भरने के बाद भी गोशाला द्वारा नहीं छोड़े जाने का मामला थाने में पहुंच गया है। इस मामले में अब मवेशी पालक बबलू कुरैशी ने बोधगया के खजवती स्थित गोशाला के खिलाफ यूनिवर्सिटी थाने में तहरीर दी है। बाछी के मालिक द्वारा शिकायत करने के बाद इस मामले में अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष रंजीत सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।



**मुस्लिम होने पर गाय देने से मनाहीः** मामले को लेकर पीड़ित ने बताया कि 23 सितंबर को नगर निगम ने सड़कों पर आवारा घूम रहे दो बाछी को पकड़ कर बोधगया स्थित खजवती गोशाला को दे दिया था। उन्हें जब इस बात की भनक लगी तो वो 5 हजार रुपए का जुर्माना भरने के बाद गोशाला पहुंचे। वहां उसे बताया गया कि गायें उन्हें नहीं दी जा सकती है। इसके बाद वह वापस लौट आया। वापस आने के बाद उसने गोशाला की प्रबंधक को फोन कर गाय छोड़ने की बात कही। जिसके बाद प्रबंधक ने गाय देने से मना कर दिया। इसके बाद जब उसने कारण पूछा तो बताया गया कि बस गाय आपलोगों को हम नहीं दे सकते। यही नहीं उसने यह भी कहा कि गाय आपको नहीं दे सकते। इस बात को आप भी समझते हैं। इसके बाद उसने फोन काट दिया।

**मवेशी पालक ने थाना में लगाई न्याय की गुहारः** बता दें कि इस बात की शिकायत बबलू ने अपने वार्ड पार्षद इस्लाम से की तो उन्होंने बबलू कुरैशी को अपने लेटर पैड पर यह प्रमाणित करते हुए चिट्ठी लिखी की गाय का असली मालिक बबलू कुरैशी ही है।

बबलू और उसका परिवार गाय पाल कर ही अपना गुजर बसर करता है। इसके बाद नगर निगम ने भी एक चिट्ठी गोशाला प्रबन्धक को लिखा कि गाय बबलू कुरैशी को दे दी जाए। इसके बावजूद गोशाला प्रबंधन द्वारा गाय रिहा नहीं की गई। इस बात से तंग आकर बबलू कुरैशी अब गोशाला के खिलाफ थाना की शरण में पहुंच गया है। उसने थाना पुलिस से केस दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। थाने को दिए गए आवेदन के साथ उसने नगर निगम की चिट्ठी, गोशाला की मैनेजर के साथ फोन पर हुई बातचीत की रिकार्डिंग, जुर्माना की पर्ची, वार्ड पार्षद की गवाही से जुड़ी चिट्ठी भी सौंपा है।

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11





खेल

टी20 वर्ल्ड कप में खेलेगी सबसे अमीर महिला क्रिकेटर एलिसा पेरी



Page 10





देश

धामी सरकार ने तीन साल में शुरू किए दो मेडिकल कॉलेज



शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 03 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 294 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## शैलपुत्री



मां दुर्गा का प्रथम स्वरूप 'शैलपुत्री'

03 अक्टूबर को नवरात्र का पहला दिन है और इस दिन घटस्थापना के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन, अर्चन और स्तवन किया जाता है। शैल का अर्थ है हिमालय और पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है।

नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री ने झारखंड में 80 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**निज संवाददाता** | हजारीबाग (झारखंड)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड के हजारीबाग में 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया, 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया और 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी



न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने झारखंड की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कुछ दिन पहले सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए अपने जमशेदपुर आगमन को याद किया। श्री मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत झारखंड के हजारों गरीबों को पक्के मकान सौंपने का जिक्र किया। आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण और कल्याण से जुड़ी 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समुदायों के प्रति सरकार की प्राथमिकता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज की परियोजनाओं के लिए झारखंड और भारत के लोगों को बधाई दी। महात्मा गांधीजी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण के प्रति उनकी दृष्टि और विचार भारत की पूंजी हैं।

### 35 वनधन विकास केंद्रों को दी गई मंजूरी

झारखंड में अपने पहले वर्ष में ही पीएम-जनमन योजना की कई उपलब्धियों के बारे में चर्चा करते हु, श्री मोदी ने कहा कि 950 से अधिक अति पिछड़े गांवों में हर घर में पानी पहुंचाने का काम पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 35 वनधन विकास केंद्रों को भी मंजूरी दी गई है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा

# पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान जल्द होगी शुरू : मंगल पांडेय

**निज संवाददाता** | पटना



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कि आयुष्मान योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत जल्द होगी। इसके तहत तहत बिहार के 352 ग्राम पंचायत के तहत 75 हजार 70 जनजातीय परिवार लाभान्वित होंगे। इस योजना से आदिवासी समाज को उचित स्वास्थ्य लाभ की सुविधा उपलब्ध कराने की सोच सरकार की है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्कैन एंड शेयर के माध्यम से किए गए ओपीडी रजिस्ट्रेशन मामले में बिहार राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर है। मंत्री ने प्रदेश में स्कैन एंड शेयर टोकन सिस्टम के तहत एक दिन के अंदर 1 लाख से ज्यादा टोकन की प्रक्रिया पूर्ण करने पर हर्ष जताया। कहा कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए हॉस्पिटल में ओपीडी अंतराल ( 2 बजे) के बाद डाटा ऑपरेटरों को अन्य रजिस्ट्रेशन के हिसाब से 5 रुपया प्रति कार्ड प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिससे कार्ड बनाने की दिशा में तेजी लाया जा सके। उन्होंने पात्र लाभुकों का मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# कार और ऑटो की टक्कर से तीन की मौत और पांच घायल




**निज संवाददाता** | समस्तीपुर

बिहार के समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना के जनकपुर में नेशनल हाइवे-28 पर बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया है। यहां सड़क पर कार की ठोकर से ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला व एक पुरुष शामिल हैं। वहीं घायलों में कार व ऑटो के चालक के अलावा दो अन्य लोग शामिल हैं। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। जख्मी लोगों का दलसिंहसराय अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बुधवार करीब 12 बजे यह हादसा हुआ। बताया गया है कि मुसरीघरारी की ओर से दलसिंहसराय की ओर ऑटो और दलसिंहसराय से मुसरीघरारी की ओर कार आ रही थी। जनकपुर में एनएच 28 पर ही तेज रफ्तार कार ने पीछे से ऑटो में ठोकर मार दी। जिससे ऑटो पर सवार एक महिला और पुरुष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कार व ऑटो के चालक समेत पांच लोग जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची उजियारपुर थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी लोगों को आननफानन में इलाज के लिए दलसिंहसराय अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया।

# महात्मा गांधी के जन्मदिन पर सीएम ने 'बापू टावर' का किया उद्घाटन

**निज संवाददाता** | पटना



गांधी जयंती के मौके पर बुधवार को सीएम नीतीश कुमार पटना में बापू टावर का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। मंत्री लेसी सिंह भी कार्यक्रम में पहुंची।

उद्घाटन को लेकर पूरे बापू टावर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। आस-पास सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। बापू टावर का निर्माण 129 करोड़ की लागत से हुआ है। 2 अक्टूबर, 2018 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर इसका शिलान्यास सीएम नीतीश ने किया था। 7 एकड़ में बापू टावर का निर्माण किया गया है। एक एकड़ में दो भवन बने हैं। इसमें एक रेक्टुंगुलर छह मंजिला और दूसरा पांच मंजिला गोलाकार भवन है।

मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में भवन निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन बापू टावर समिति का गठन किया गया।

# स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन



**निज संवाददाता** | पटना

ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय पटना में दो अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं अध्यक्षता निगम के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गाँधी न केवल भारत बल्कि विश्व के धरोहार है अतः पारिवेशिक सामाजिक एवं नैतिक स्वच्छता के लिए हमारा कर्तव्य बनाता है कि हम महात्मा गाँधी के सिद्धांतों एवं आदर्शों को अपने जीवन में निष्ठापूर्वक अपनाए तथा स्वच्छता को केवल पखवाड़ा तक ही सीमित न रखें बल्कि इसे नियमित रूप से अपनाए। सहायक निदेशक अजीत कुमार शर्मा द्वारा मंचासिन अधिकारियों का स्वागत किया गया एवं कहा गया कि स्वच्छता को केवल त्यौहार नहीं बल्कि व्यवहार के रूप में अपनाना चाहिए। सहायक निदेशक डीके रंजन द्वारा पखवाड़ा के दौरान आयोजित स्वच्छता कार्यक्रमों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता पर सेमिनार एवं कार्यशाला एक पेड़ मां के नाम अभियानए स्वच्छता दौड़ कार्यालय के अंदर प्रांगण एवं आस-पास साफ-सफाई स्वच्छ भारत मिशन पर नारा लेखन पोस्टर प्रतियोगिता पुस्तकों एवं पुस्तकालय आदि के स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में कार्यालय के प्रांगण में अवस्थित लगभग 1 टन कूड़े का निष्पादन कर प्रांगन को स्वच्छ किया गया एवं उक्त स्थान पर स्वच्छता जश्न मनाया गया।




## न्यूज बाइट्स

### रजिस्ट्री ऑफिस में तैनात एक होमगार्ड जवान को अपराधियों ने मारी गोली

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** जिला मुख्यालय सासाराम के रजिस्ट्री ऑफिस में तैनात एक होमगार्ड जवान को मंगलवार की रात बेखौफ अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया है। घायल होमगार्ड जवान का फिलहाल सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है, जहां वह खतरे से बाहर बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल होमगार्ड जवान रामशंकर राय जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लडुई ग्राम के निवासी बताए जाते हैं। जो प्रतिदिन की तरह सासाराम से ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। हालांकि पीड़ित जवान का सासाराम नगर थाना क्षेत्र के फजलगंज में भी एक निजी मकान है लेकिन वह अक्सर ड्यूटी खत्म करने के बाद अपने गांव लौट जाया करते थे। मंगलवार की रात भी जब वे सासाराम से अपना कार्य संपन्न कर बाइक से गांव लौट रहे थे तो मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाराडीह के समीप एक पेट्रोल पंप के पास बेखौफ अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। दरअसल गोली होमगार्ड जवान के कमर में लगी है और चिकित्सकों की देख-रेख में उनका बेहतर इलाज चल रहा है।वहीं घटना समरडीहा पेट्रोल पंप के समीप सासाराम चौसा पथ की बताई जाती है। जो जिले के तीन थानों का सीमावर्ती इलाका है। हालांकि होमगार्ड जवान को गोली मारने के पीछे अपराधियों की क्या मंशा थी इसका अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इधर घटना के बाद वरीय पुलिस अधिकारी भी पीड़ित का हाल-चाल लेने सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे हैं और एक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है।

### शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों के साथ बैठक कर सचिव ने महाविद्यालय का विवाद सुलझाया

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** अनुदान राशि को ले स्थानीय चौधरी चरणसिंह महाविद्यालय में उपजे विवाद को सचिव डाक्टर शशि कान्त द्वारा शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों के साथ बैठक कर सुलझा लिया गया। विवाद सुलझाते ही महाविद्यालय कर्मियों ने मांग को सचिव द्वारा मान लिएं जाने पर पाच दिन से जारी हड़ताल खत्म कर अपने अपने कार्य में लग गए। सचिव ने कहा कि महाविद्यालय के कुछ कर्मी ग़लत फहमी के शिकार हो हड़ताल करने लगे थे। उन सभी लोगों के साथ बैठक कर एक एक बिंदु पर बात कर उन्हें संतुष्ट कर दिया गया। जब सही जानकारी से अवगत हुए तो स्वत अपना हड़ताल खत्म कर काम पर लौट गए। सभी का अनुदान राशि दे दी गई है। अनुदान रोकने का कोई औचित्य ही नहीं है। वर्ष 2009 का अनुदान उस समय कर्मी को ही दी जाएगी न की 2014के लोगों को मिलेगा।जब 2014 का वितरण होगा तो उसे भी प्राप्त होगा। इसी ग़लत फहमी का शिकार हो अनुचित क़दम उठाए थ। सचिव ने सभी आंदोलन रत कर्मियों को मिठाई खिलाकर हड़ताल खत्म करा दिया। बैठक में प्रोफेसर कामख्या सिंह, सुमेशवर सिंह, सुधांशु सिंह, अजय सिंह, प्रधान लिपिक राजेन्द्र सिंह,रमासन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### गांधी जयंती के शुभ अवसर पर पूर्व सभापति पम्मी वर्मा ने की पौधा वितरण

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** नगर परिषद अंतर्गत मुख्य बाजार में दुल्हन ज्वेल्स के पास पूर्व सभापति पम्मी वर्मा ने 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर पौधा वितरण की जिसमें आम का पौधा कदम का पौधा अशोक का पौधा आंवला का पौधा पीपल का पौधा सागवान का पौधा छात्र एवं छात्राओं के बीच पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर पम्मी वर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे लगाए और इसकी देख भाल जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल सामाजिक कार्यकर्ता विजय सेठ अनिल चौधरी कमलेश सिंह अनुराग सिंह काजल कुमारी मुकेश सिंह प्रोफेसर श्याम लाल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# आज से बदल जाएंगे ट्रैफिक के सभी नियम नई बस स्टैंड का डीएम ने किया निरीक्षण

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**




यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं, ताकि शहर को जाम से मुक्त किया जा सके। डीएम उदिता सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन ने नई यातायात व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए हैं, जो 3 अक्टूबर 2024 से लागू होंगे। सभी बसों का संचालन न्यू बस स्टैंड बेदा से होगा। बक्सर, वाराणसी, पटना, गया, और अन्य शहरों के लिए बसें यहीं से चलेंगी।ऑटो और अन्य छोटे वाहन सड़क किनारे बनाए गए उजली रेखा के बाहर एक कतार में पार्किंग करेंगे। करगहर मोड़ पर भारी वाहनों के लिए टर्न निषेध रहेगा, और हल्के वाहन यू-टर्न ले सकेंगे। भारी वाहन फजलगंज एवं रेलवे मैदान, बौलिया मोड़ के पास बने कट से यू-टर्न लेंगे। पोस्ट ऑफिस चौक पर आरा-सासाराम पुल से आने वाले वाहनों को दाहिना टर्न निषेध रहेगा। हल्के वाहन दाहिने टर्न के लिए नेहरू पार्क के पास बने कट से यू-टर्न लेंगे। भारी वाहन बौलिया मोड़ के पास बने कट से यू-टर्न लेंगे। धर्मशाला क्रासिंग सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। हल्के वाहन फल मंडी एवं रेलवे मैदान के पास बने कट से यू-टर्न लेंगे।सुबह 7 से रात 9 बजे तक भारी वाहनों की रहेगी नो एंट्री भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक शहर में निषेध रहेगा। इस दौरान लोडिंग-अनलोडिंग की अनुमति नहीं होगी। नो एंट्री पॉइंट्स में एसपी जैन चौक, मोकर नहर पुल, कुम्हऊ गेट और बाराडीह नहर पुल शामिल हैं। नो एंट्री में प्रवेश करने पर प्रवर्तन पदाधिकारियों द्वारा एमवी एक्ट के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।इन बदलावों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, जिसमें एसपी जैन मोड़, कुम्हऊ गेट, मोकर नहर पुल, बाराडीह नहर पुल, धर्मशाला चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, करगहर मोड़, हास्पीटल गेट, रौजा रोड गेट, प्रभाकर मोड़, नेहरू पार्क गेट, फल मंडी, सासाराम कोर्ट, बेदा नहर मोड़, बौलिया मोड़, गौरक्षणी दुर्गा मंदिर, बाजार समिति गेट एवं तकिया जैसे इलाके शामिल हैं। बता दें की आज गांधी जयंती के अवसर पर सासाराम के धर्मशाला मोड़ स्थित गांधी प्रतिमा पर डीएम और मेयर ने माल्यार्पण भी किया है। मेयर ने आज धर्मशाला रोड, मवेशी अस्पताल के पास डीलक्स सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन किया है।

## जयंती पर याद किए गए शास्त्री व राष्ट्र पिता महात्मा गांधी

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** परखणड के सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर गुदडी के लाल समुचे दुनिया में जय जवान, जय किसान की नारा बुलंद करने वाले शास्त्री जी व ब्रिटिश सरकार से भारत माता को आजादी दिलाने के महानायक गांधी जी के जीवन चरित्र व उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया। सभी स्कूलों में छात्रों को इनके बारे में बताया गया, साथ हीं दोनों महान हस्तियों पर बच्चो के बीच निबंध लेखन व संबोधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन स्कूल छनहा, मे आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन व विचार जाति व धर्म से ऊपर उठ मानवता का था।

# बुजुर्गों को खास होने का अहसास दिलाता है अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस : रामायण पांडेय

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**




अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं गांधी जयंती के अवसर पर नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा वुधवार को कुशवाहा सभा भवन में व्योश्रेष्ठ सह श्रवणपुत्र सम्मान समारोह का आयोजन कर 80 साल उम्र के ऊपर वरिष्ठ नागरिकों एवं अपने बुजुर्गों का सेवा करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन, सीताराम संग्रहालय बक्सर के अध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा, संघ के प्रधान संरक्षक जगतगुरु महर्षि अंजनेशजी महाराज, एवं राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौंन ने किया। एसडीओं कहा कि वरिष्ठ नागरिक भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, समाज एवं परिवार में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है, वे अनुभवों का खजाना है उनसे सिख लेना व वृद्धजनों की समुचित देखभाल तथा उनके गरिमामयी जीवन के लिए प्रयत्न करना हम सभी का सामाजिक एवं नैतिक कर्तव्य है। कहा कि सरकारी स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों का हर तरह का सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुग्रीव प्रसाद सिहं तथा संचालन सत्यनारायण स्वामी ने किया। संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय 'एलौन' ने कहा की विश्व में वरिष्ठ नागरिकों की चुनौतीयों की समझ, मुद्दों को उजागर एवं उसका समाधान, उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार, भेदभाव, उपेक्षा और अन्याय को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से संयुकराष्ट्र महासभा द्वारा एक अक्टूबर 1991 को अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाने की शुरुआत की गई है। वही भारत मे 1999 से इसकी शुरुआत की गई है जो समाज मे उन्हें खास होने का अहसास दिलाता है। श्री एलौन ने कहा कि वृद्धजन समाज के महत्त्वपूर्ण आधार स्तंभ है जो हर दिन हर वक्त सम्मान पाने का हकदार है परन्तु बूढ़ा होने पर इन्हें गैर-ज़रूरी एवं बोझ मान लिया जाता है जबकि वे बोझ नही हमारे धरोहर है जिनको समाहलने की जिम्मेवारी युवापीढ़ी की है। कहा की आज वे परिवार में ही प्रताड़ित हो रहे है वही सुविधाओं में कटौती कर सरकार ने भी बुजुर्गों की परेशानिया बढ़ा दिया है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की बन्द की गई रेल किराया रियायत को पुनः बहाल करने, पर्याप्त पेंशन देने की व्यवस्था करने, सुलभ चिकित्सा व्यवस्था, सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत परिवारजनों के बीच मध्यस्थता से त्वरित न्याय दिलाने के लिए जिला एवं अनुमंडल स्तरीय कमिटी बनाने, आयुष्मान भारत विशिष्ट कार्ड बनाने के लिए गांवो में कैम्प लगाने की मांग दुहराई। ललित कुमार, विजय शर्मा, बाबा लीलानंद, सत्यनारायण सिह, बद्री बैठा, रामजी दुबे, राधा प्रसाद, कामता सिह को व्योश्रेष्ठ तथा रौशन कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, प्रिंस कुमार, बूट्स तिवारी, कौशल कुमार को श्रवनपुत्र सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर सचितानंद सिह, जगरोपन सिह, प्रो.शीतला प्रसाद तिवारी, रामायण चौबे, हरिनाथ राम, योगेंद्र प्रसाद सिंह, सूर्यनाथ सिह, इलियास अंसारी, शिवपूजन शर्मा, देवी बसन्ती त्रिपाठी, कुशुम देवी, स्वामी रणजितेश, निर्भय कुमार सिंह, कवि दशरथ प्रसाद, दीनानाथ सिहसहित अन्य उपस्थित थे।

सोन वर्षा वाणी में विज्ञापन देकर लाभ उठाएं
9934957121
7766886433

# जन सुराज अभियान राजनीतिक दल में परिवर्तित

**निज संवाददाता | पटना**

2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर जन सुराज आधिकारिक तौर पर दल में परिवर्तित हो गया हैं। पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में लाखों की संख्या से बिहार के कोने-कोने से आए लोगों की सहमति से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने दल के पहले कार्यवाहक अध्यक्ष के साथ साथ दल के संविधान के पांच प्रमुख प्रावधानों को बिहार और देश की जनता के समक्ष रखा। प्रशांत किशोर ने अपने संबोधन में सबसे पहले जनता को जन सुराज के पांच बड़े वादों को जनता के सामने रखा। पहला बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाना। बिहार के गौरवशाली इतिहास में पूरे विश्व से लोग नालंदा और विक्रमशिला में ज्ञान प्राप्ति के लिए आते थे। उस बिहार में उसके बच्चों के लिए फिर से ऐसी व्यवस्था बनाना। दूसरा हर युवा के हाथ में बिहार में ही रोजगार ताकि बिहार से पलायन को बंद कर सके। तीसरा हर 60 वर्ष की आयु से ऊपर हर महिला-पुरुष को प्रतिमाह 2 हजार रुपए की पेंशन। इसी के साथ महिलाओं को सरकारी गारंटी पर व्यवसाय के लिए 4 प्रतिशत सालाना ब्याज पर पूंजी उपलब्ध कराना और पांचवा वादा कि बिहार के किसानों को सहयोग करके बिहार में हो रही पेट भरने वाली खेती से कमाने वाली बनाना। प्रशांत किशोर ने आज बिहार को यह सुनिश्चित कराया की जन सुराज आएगा और यह 5 काम हो जाएंगे। सर्वसम्मति से हुआ जन सुराज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती का चयन प्रशांत किशोर ने दल की घोषणा करने के बाद इसके पहले कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व भारतीय राजनयिक मनोज भारती के नाम को औपचारिक तौर पर लोगों के बीच रखा। प्रशांत ने मनोज भारती का परिचय देते हुए बताया कि इनका जन्म मधुबनी में हुआ है और ये अनुसूचित जाति से आते हैं। मनोज की शुरुआती शिक्षा जमुई के सरकारी विद्यालय से हुई और उसके बाद उन्होंने नेतरहाट से पढ़ाई की। उन्होंने IIT कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की। फिर IIT दिल्ली में पढ़ाई करते हुए उनका चयन भारतीय विदेश सेवा में हुआ। वे चार देशों में देश के राजदूत रहे भी रहे। प्रशांत किशोर ने जन सुराज दल के संविधान के प्रमुख प्रावधानों को भी जनता के सामने रखा और उनकी इन सभी पर सहमति भी ली। सबसे पहले उन्होंने बताया की जन सुराज के अध्यक्ष का कार्यकाल 1 साल का होगा और लीडरशिप काउंसिल का 2 साल। दूसरा उन्होंने बताया की जन सुराज देश का पहला दल होगा जो Right to Recall (राइट टू रिकॉल) लागू करेगा। जनता ही अपना उम्मीदवार का चयन करेगी और उनको मध्य कार्यकाल में ही हटाने का अधिकार भी जनता के पास होगा। इसी के साथ में उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए ऐलान किया कि जन सुराज ने चुनाव आयोग को अपने आधिकारिक झंडे के लिए आवेदन किया है उसमे महात्मा गांधी के साथ-साथ बाबा साहेब अंबेडकर का भी चित्र होगा। जन सुराज से जुड़े साथियों और प्रशांत किशोर ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे और बिहार को बेहतर बनाएंगेः मनोज भारती जन सुराज के नव चयनित कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप बिहार से बिहारी को दूर कर सकते हैं पर उनके दिल से बिहारी मानसिकता को नहीं निकाल सकते हैं। उन्होंने उत्तर बिहार में आए बाढ़ पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जन सुराज यह सुनिश्चित करेगा कि जो नदियाँ बिहार के लिए अभिशाप बन गई हैं, उन्हें जन सुराज वरदान बना सके। अपने राजनयिक जीवन का उदहारण देते हुए उन्होंने कहा कि जब वह किसी विदेशी नेता या राजनयिक को तोहफा देते थे तो वह मधुबनी की चित्रकला, भागलपुर का सिल्क, आदि होता था। साथ ही उन्होंने अपने नेतरहाट के दिनों को याद करते हुए अपने अनुभवों को भी साझा किया। जन सुराज को उन्होंने एक ऐसी पार्टी बताया जो गहन अध्ययन करने के बाद ठोस निर्णय लेती है। प्रशांत किशोर और मनोज भारती के साथ-साथ नालंदा विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी केसी सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता वाई बी गिरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव, पूर्व सांसद मोनाजीर हसन, रामबली चंद्र वंशी ने भी जनता को संबोधित किया।

# महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के जयंती पर चलाया गया स्वच्छता सेवा अभियान

**निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बारुण के विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में नगर पंचायत बारुण में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य पार्षद इंदु देवी, उपमुख्य पार्षद सरोज यादव, ईओ सोनाली प्रिया, स्वच्छता अधिकारी अभिषेक कुमार, पार्षद प्रतिनिधि रौशन चौधरी, मो. रिजवान, मो. इरशाद, रामशकल गुप्ता, दीपक कुमार प्रजापति, अरविंद निषाद, बिरजू राम, सुरेंद्र कुमार यादव, आनंद कुमार, पूर्व मुखिया सतीश सिंह, बाबुधन सिंह, और कर्मी रोहित कुमार, चन्द्रशेखर चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि हमें गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने बताया कि इस दिन को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## शोरूम से बाइक और कैश ले गए चोर

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद में टीबीएस रिद्धि सिद्धि बाइक एजेंसी से एक अपाचे बाइक और कैश काउंटर से 1.80 लाख रुपए चोरी हुई है। एजेंसी के मालिक शहर के छोटी इमादपुर निवासी विमलेश कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि 28 सितंबर शाम 7:00 बजे शोरूम बंद कर घर चले गए। 29 सितंबर की सुबह देखा कि शोरूम का सेल रूम का दोनों गेट खुला हुआ था। कैश काउंटर का लॉक टूटा हुआ था। चोर एक बाइक भी ले गए। घटना रफीगंज शहर के कासमा रोड की है। उन्होंने बताया कि घटना में लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। यही नहीं शोरूम में लगे सीसीटीवी का डीवीआर और मशीन भी चोर लेकर भाग गए। रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# इंटरस्तरीय आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का हुआ उद्घाटन

**निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)**



नवनिर्मित इण्टरस्तरीय कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय +2 नरवर भगीरथा, कोचस का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने फीता काट कर किया। जिसका अध्यक्षता शिवपूजन शास्त्री उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नरवर भगीरथा के प्राचार्य सह कस्डीयन मीना ने की संचालन जय प्रकाश सिंह ने किया। विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों को फूल माला, अंगवस्त्र पहनकर देकर स्वागत किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि आवसीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खुल जाने से ऐसी छात्राओं के लिए है जो कि आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े परिवारों से आती हैं। केजीबीवी में दाखिला मिलने बाद इन छात्राओं के 12वीं तक की पढ़ाई का पूरा खर्च सरकार उठाती है। ऐसे में जो पैरेंट्स अपने बेटी का दाखिला केजीबीवी में कराना चाहते हैं, कस्टोडियन से मिलकर नामांकन कर सकते हैं। डीपि ओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार उद्बोधन में बताया की बालिका किसी से कम नहीं है बालिका है तो अपनी मेहनत और बलबूते पर अपना स्थान सुनिश्चित करती है उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत देश में राष्ट्रपति भी एक आदिवासी महिलाएं है इसलिए बालिकाएं अपने आप को कमजोर नहीं समझे आप अपने पढ़ाई में और खेलों में ज्यादा रुषि रखें। कार्यक्रम के समापन भारत प्रसाद सिंह ने किया मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी दीप चंद जोशी,अंचल अधिकारी विनीत व्यास, सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम पदाधिकारी रोशन कुमार रोहित, सुधीर मोहन, पूर्व प्राचार्य भगवान सिंह, पूर्व प्राचार्य राम प्रसाद सिंह सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख शिवपूजन मुखिया प्रतिनिधि मेजर महेन्द्र प्रसाद सिंह, रामलाल सिंह, प्रधानाध्यापक भारत प्रसाद सिंह, वार्डेन रंजना कुमारी, बीपीएम अखिलेश, बीआरपी हरिद्वार तिवारी, अकाउंटेंट के के उपाध्या, विजय कुमार, अमित कुमार त्रिपाठी, कृष्णानंद सिंह, पारसनाथ सिंह, अमित कुमार, सत्येंद्र कुमार अत्रेय, नरेन्द्र, अजय बहुत से लोग उपस्थित थे।

# आरएसके पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती का आयोजन

**निज संवाददाता | डेहरी ऑन सोन (रोहतास)।**




आरएसके पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान और नुक्कड़ सभा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, और स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांधी जी के स्वच्छता और सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों को समाज में फैलाना और उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर डेहरी थाना प्रभारी सुभेंदर कुमार, इंद्रपुरी थाना प्रभारी मनीष कुमार, जागरण क्लब के अध्यक्ष कृष्ण सिंह, सचिव मनोज अज्ञानी, नंद किशोर सिंह, मनोज सिंह, मुन्ना सिंह, समाजसेवी पंकज गुप्ता समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, और विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरवासी भी शामिल हुए, जिन्होंने गांधी जी के संदेशों को आत्मसात करने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वच्छता अभियान की शुरुआतः विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने इस अवसर पर गांधी जी के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के प्रति गांधी जी का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हमारा कर्तव्य है, और यह कार्य सिर्फ 2 अक्टूबर को नहीं बल्कि निरंतर जारी रहना चाहिए। आनंद सिंह ने बताया कि स्वच्छता अभियान की शुरुआत बस्तीपुर गांव से की गई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्थानीय लोग झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे। नारायणपुर मोड़ और थाना चौक तक सफाई करते हुए, सैकड़ों लोगों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाजसेवा और शिक्षा का संगमः स्वच्छता अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा जेसीबी और ट्रैक्टरों की सहायता से कूड़ा-कचरा उठाया गया और शहर को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आरएसके पब्लिक स्कूल न केवल शिक्षा बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कार और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। गांधी जी के विचारों का प्रसारः कार्यक्रम में नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन, उनके संघर्ष और आदर्शों पर आधारित नाटकों का प्रदर्शन किया। इस नाटक के जरिए गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को उनके विचारों के प्रति प्रेरणा मिली। विद्यार्थियों ने स्वच्छता और सामाजिक समानता के महत्व को भी अपने प्रदर्शन के माध्यम से उजागर किया। समाजसेवी पंकज गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल बच्चों में बल्कि समाज के हर वर्ग में जागरूकता बढ़ती है। यह हमारे शहर के लिए गौरव की बात है कि आरएसके पब्लिक स्कूल जैसे शिक्षण संस्थान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता न केवल हमारे परिवेश को सुंदर बनाती है बल्कि यह एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी मददगार होती है। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल महात्मा गांधी के सिद्धांतों को सम्मान देने का एक प्रयास था, बल्कि समाज को स्वच्छता और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने का भी एक महत्वपूर्ण कदम था।

# भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के प्रमुख प्रणेता थे महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री

» कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सीनेट सदस्य एवम् भाजपा नेता प्रो0 डॉ0 मनीष रंजन ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता के रूप में याद किया। डॉ रंजन ने बताया कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

स्थानीय वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह एवं संचालन प्रो वीर बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सीनेट सदस्य एवम् भाजपा नेता प्रो० डॉ० मनीष रंजन ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता के रूप में याद किया। डॉ रंजन ने बताया कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। साथ ही साथ लाल बहादुर शास्त्री जैसी महान विभूति जिन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया, उनके जीवन चरित्र से हम सभी को शिक्षा लेनी चाहिए। पूरा जीवन स्वतंत्रता संग्राम में बिताते हुए भारत के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने वाले ऐसी महान विभूति थे हमारे लाल बहादुर शास्त्री डॉ रंजन ने यह भी बताया कि आज के दिन हमारे देश के दो महान महापुरुषों का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को हम लोग बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रुप से महाविद्यालय के सचिव लालबिहारी सिंह, प्रो उमाशंकर सिंह, प्रो विजय सिंह, प्रो दिनेश कुमार, प्रो कुमार विवेक, प्रो बलवंत सिंह, प्रियतम कुमार, अभय कुमार सिंह, रोहित कुमार तिवारी, मंटू कुमार चौधरी, नरेंद्र कुमार सिंह, परवेज खान, चंदेश्वर पांडे और सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र० सं०** 1, **ई–निविदा सं०:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–29–24–25 एकल पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम:** डीडीयू डिवीजन के डेहरी ऑन सोन स्टेशन के हावड़ा छोर के किलोमीटर 553/28–30 पर मौजूदा 48 मीटर स्पैन बो स्ट्रिंग गर्डर और रनिंग ट्रैक पर फैले सुपरस्ट्रक्चर को हटाना, रनिंग ट्रैक के बीच नींव के साथ अतिरिक्त सबस्ट्रक्चर का प्रावधान एवं मौजूदा आरओबी के रेलवे हिस्से के पुनर्वास के लिए अन्य सहायक कार्यों के साथ–साथ नए कंपोजिट गर्डर्स की आपूर्ति, निर्माण, लॉन्चिंग का कार्य , **अंकलित मूल्य (रू):** 9,00,24,732.92, **बोली प्रतिभूति (रू):** 6,00,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.10.2024, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।:

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**
पीआर/01246/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/24–25/40

## न्यूज बाइट्स

### शांति एवं सद्भाव के साथ शारदीय नवरात्रि को लेकर निकाली कलश यात्रा



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** शारदीय नवरात्रि को लेकर बुधवार को गायत्री परिवार की ओर से शांति एवं सद्भाव के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गायत्री ज्ञान मन्दिर कौआकोल से निकाली गई। जिसमें 2000 से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। अपने अपने सर पर कलश रखकर सैकड़ों महिलाओं एवं कन्याओं ने जोगाचक, कौआकोल बाजार एवं रानीबाजार गांव का परिभ्रमण किया। इसके बाद सभी कलश लिए श्रद्धालुजन रानी बाजार सूर्य मंदिर के पास अवस्थित बघेल नदी से जल भरकर पुनः बिझो मार्ग होते हुए गायत्री मन्दिर पहुंचे। गायत्री मन्दिर के व्यवस्थापक सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि कलश को मन्दिर परिसर में रखकर विधिवत रूप से गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन स्थापित कर मां दुर्गा की आराधना की जाएगी। वहीं मन्दिर परिसर में नौ दिनों तक लगातार भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर कलश यात्रा में गायत्री परिवार से जुड़े श्रीचंद प्रसाद, मदन कुमार, नीलम देवी, जयशंकर प्रसाद,नीलम देवी, संगीता देवी, बजरंग दल के मुकेश कुमार, विहिप के राजीव कुमार, ईश्वरी महतो,पुरुषोत्तम नारायण, श्रीकांत प्रसाद समेत हजारों लोग शामिल हुए।

### जयंती पर श्रद्धा से याद किये गए गाँधी एवं शास्त्री



**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की 156 वी जयंती समारोह एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की 120वीं जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के साथ उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया। गांधी जी कहते थे मेरा धर्म सत्य और अहिंषा पर आधारित है एवं कर्म में ईमानदार होना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने हरित क्रांति की शुरूआत की जिससे भारत आज भी स्वधानन में आत्म निर्भर बना। वे सादगी एवं सत्य निष्ठा के प्रतीक थे। देश के लिये उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। स्मारख की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष द्रोण प्रसाद ने किया। समारोह में गणेश सिंह, शत्रुधन सिंह, राकेश कुमार, अनिल सिंह, जयराम सिंह, श्याम सुंदर कुशवाहा, सुनील पासवान, मोहित कुमार आदि लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प समर्पित कर उन्हें नमन किया।

### स्वच्छता ही सेवा के तहत रैली निकाल कर किया गया जागरूक



**नवादा (नि.सं.)।** स्वच्छता ही सेवा मेगा कार्यक्रम 2024 का समापन सह गांधी जयंती के रूप में मनाया गया यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र नवादा के जिला युवा समन्वयक ईशा गुप्ता के निर्देशन में सदर प्रखंड अंतर्गत इंटर विद्यालय आती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सह राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित संतोष कुमार वर्मा ने किया यह कार्यक्रम 15 दिनों से लगातार अलग-अलग कार्यक्रमों के रूप में पूरे जिले में चल रहा था जिसका समापन आज गांधी जयंती के दिन किया गया कार्यक्रम के शुरुआत में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर शुरू हुआ साथ ही बच्चों के द्वारा रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम गाना गाकर शुरुआत की गई।इसके बाद इस कार्यक्रम में भाग ले रहे 50 प्रतिभागियों को टी-शर्ट टोपी देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों के साथ-साथ राष्ट्र सेवा को समर्पित युवा साथी योगेश जांगिड़ शैलेंद्र कुमार अवधेश नारायण पाल आदि लोगों ने कादिरगंज पूरा बाजार मे एक स्वच्छता रैली का आयोजन कर एवं जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों में संदेश दिया की स्वच्छ रहना कितना जरूरी है। नहीं तो आगे आने वाले दिनों में लोग और भी ज्यादा बीमार पड़ेंगे रैली को हरी झंडी दिखाते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने रैली को रवाना किया युवाओं के द्वारा लोगों को स्वच्छता का संदेश एवं नारा लगाते हुए जागरूक करने का प्रयास किया नारा के तहत 'हर लोगों का एक ही सपना स्वच्छ रहे भारत अपना 'हर लोगों की एक दवाई घर को रखो साफ सफाई 'आदि नारे गूंजते हुए पूरा बाजार भ्रमण किया गया। वहीं स्वच्छता अभियान के तहत कादिरगंज थाना कादिरगंज बाजार आती मोड, आती स्टेडियम विद्यालय परिसर आदि जगहों पर चलाया गया कार्यक्रम में शिव कुमार प्रसाद प्रबोध कुमार पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

### मारपीट कर युवक को किया जख्मी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप मंगलवार की रात को एक युवक को लोहे के रॉड से मारकर जख्मी कर दिया। जिसे जख्मी हालत में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज भर्ती कराया गया। जहां वह अपने फर्द बयान बयान में बताया कि मैं अपना मोटरसाइकिल से नारदीगंज सब्जी मंडी के पास खड़ा था तो वहां पर पांडपा निवासी पातो देवी मेरी गाड़ी का चाबी निकाल लिया और गाली गलौज करने लगीं।जिसके बाद मैं साइकिल लेकर जहांनपुर के लिए अपनी भतीजी का लड़का देखने चले गए। जब मैं प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचा तो शंकर चौधरी, शिव चौधरी, विनोद चौधरी सभी साकीन पडपा के द्वारा पूर्व से घात लगाए हुए बैठा हुआ था। अचानक मुझे गाली गलौज करने लगा और लोहे के रॉड से मेरे सर पर मारा। जिससे मेरा सर फट गया इसके बाद वहां उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा मुझे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज लाया गया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया।

### शराब पीकर ससुराल में हंगामा करने पर एक शराबी गिरफ्तार

**नौहट्टा/ रोहतास (सासाराम) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सिंहपुर से बुधवार को एक शराबी दामाद को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया की झारखंड के कांडी थाना क्षेत्र के भुड़वा निवासी दीपक प्रजापति पिछले 3 दिन से ससुराल आया था जो रोज शराब पीकर ससुराल में हंगामा पत्नी सहित ससुराल वालो के साथ मारपीट कर रहा था।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनायी गांधी व शास्त्री की जयंती

निज संवाददाता | नवादा




जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम प्रार्थना सभा कर देश के महान विभूतियों को याद किया गया। उसके बाद उनके चित्र पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गई। सिंह ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी ।महात्मा गांधी, जिन्हें प्यार से 'बापू' कहा जाता है, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और सत्य व अहिंसा के अनुयायी थे। उनका जीवन कई प्रेरणादायक घटनाओं से भरा हुआ है, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को प्रभावित किया। चाहे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ संघर्ष हो या भारत में ब्रिटिश शासन से मुक्ति के लिए चलाए गए आंदोलनों का नेतृत्व, गांधीजी का हर कदम सत्य, अहिंसा और मानवता की बेहतरी के लिए उठाया गया था। इस ब्लॉग में, हम महात्मा गांधी के जीवन की उन महत्वपूर्ण घटनाओं पर चर्चा करेंगे जिन्होंने उन्हें एक महान नेता बनाया। महात्मा गांधी के जीवन की घटनाएं जानने से पहले महात्मा गांधी के बारे में जानना जरूरी है। महात्मा गांधी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था, और उनका जन्म 02 अक्टूबर 1869 गुजरात के पोरबंदर गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम करमचंद गाँधी तथा माता का नाम पुतलीबाई था। महात्मा गांधी के पिता कठियावाड़ के छोटे से रियासत (पोरबंदर) के दिवान थे। 13 वर्ष की आयु में गांधी जी का विवाह कस्तूरबा से हो गया था। गांधीजी हमेशा अहिंसा के पथ पर चलते थे। गांधीजी ने वकालत की पढ़ाई लंदन से पूरी की और 1893 में दक्षिण अफ्रीका में भारतीय समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष शुरू किया। वहां उन्होंने सत्याग्रह का सिद्धांत विकसित किया। 1915 में भारत लौटने के बाद, उन्होंने असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों का नेतृत्व किया, जिससे भारतीय जनता को एकजुट किया। उनका जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक सुधार के प्रति समर्पित था। 30 जनवरी 1948 को उनकी हत्या कर दी गयी लेकिन उनकी शिक्षाएं आज भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। सोशल मीडिया के जिला अध्यक्ष गोपेश कुमार ने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी बातें रखी। भारतीय राजनीति के ऐसे आदर्श पुरुष थे जिनकी सादगी, निष्ठा और सेवाभाव ने देशवासियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया। उनका जीवन संघर्ष और सिद्धांतों का प्रतीक है। देश के लिए उनकी सेवाएं, उनके सिद्धांत, और 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। लाल बहादुर शास्त्री ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरित होकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे 1920 में असहयोग आंदोलन के दौरान पहली बार जेल गए। इसके बाद 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और फिर से जेल गए। शास्त्री जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन वे कभी अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। उनके संघर्ष और साहस ने उन्हें कांग्रेस के मुख्य नेताओं में स्थान दिलाया। वे जवाहरलाल नेहरू के करीबी माने जाते थे और नेहरू जी ने हमेशा शास्त्री जी को अपने भरोसेमंद सहयोगी के रूप में देखा। आज देश के महान विभूतियों के योगदान को देश के सामने गोदी मीडिया के सहारे धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। हम गाँधी के अनुआई हैं। जनता के मुख्य मुद्दा से सरकार को भटकने नहीं देगें| बापू और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे-अक्षय कुमार उर्फ गोरे लाल सिंह, गोपेश कुमार, अंजनि कुमार पपू, जमाल हैदर सिद्दीकी, राजा, मोहम्मद उमर खान, शमा परवीन महिला जिला अध्यक्ष, मुकेश कुमार, रामाशीष कुमार, अरविंद कुमार, रुक्नु उदीन, अजीत कुमार, रोशन यादव, रविंद्र यादव, मोहमद राजा, गायत्री देवी, पंकज कुमार, नीरज पासवान, रोह प्रखंड अध्यक्ष आदि लोगों उपस्थित रहे। अकबरपुर में प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह व रजौली में रामरतन गिरी की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता व शास्त्री की जयंती मनाई गयी।

### राजेश सिंह कुशवाहा के हत्यारों की गिरफ्तारी की उठी मांग

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** जिले के प्रखंड-मोरवा अंतर्गत ग्राम-ररियाही निवासी राजेश कुमार सिंह कुशवाहा को दो दिन पूर्व रात्री में अपराधियों के द्वारा गोली मार कर बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी गई है। कुशवाहा समाज के लोगो को टार्गेट कर चुन-चुन कर आये दिन हत्या की जा रही है। पीड़ित परिवार सविता कुमारी पत्नी, शौरभ राज पुत्र, लाड़ली कुमारी पुत्री व राकेश कुमार सिंह भाई के सदस्यों के अनुसार परिवार के लोग भय के माहौल में जी रहे है। प्रशासन के द्वारा अपराधियों कि गिरफ्तारी के लिये घटना के 48 घंटे का समय लिया गया था। परन्तु अभी तक पुलिस प्रशासन के स्तर से आश्वासन ही दिया जा रहा है। गरिमा संघ के संयोजक रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर से टेलीफोनीक बात कि गयी हैं। मैं उन से आग्रह किया हूँ कि परिवार के सदस्यों को प्रशासनिक सुरक्षा दे व इस घटना की अविलंब उच्च स्तरीय जांच कर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मांग करते है कि इस घटना की सी बी आई जांच करावें।

## पहाड़पुर पंचायत में हुआ विशेष ग्रामसभा का आयोजन




निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत में बुधवार को सरकार एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष आम सभा का आयोजन किया गया। पहाड़पुर पंचायत के मुखिया हेमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित आमसभा में प्रखंड के बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,बीपीआरओ शमा बानो समेत कई विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में ग्रामीणों से जन समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उसके निष्पादन का निर्देश दिया गया। वहीं ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। सरकार के निर्देश पर आयोजित इस विशेष ग्राम सभा में दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को पारित भी किया गया। मौके पर पंचायत सचिव खीरु प्रसाद समेत अन्य संबंधित लोग एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पूर्व मध्य रेल द्वारा महात्मा गांधी को श्रमदान और वृक्षारोपण के साथ श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | वैशाली (हाजीपुर)




स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अंतिम चरण एवं स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के दूसरे दिन, 2 अक्टूबर 2024 को पाटलीपुत्र रेल परिसर, दीघा में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा श्रमदान एवं वृक्षारोपण करके महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांधी जी के सिद्धांतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक के साथ पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, मुख्यालय हाजीपुर के सभी विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर, और सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं सफाई मित्रों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर स्वच्छता के इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम के दौरान, पाटलीपुत्र रेल परिसर के तथागत उपवन और स्पोर्ट कोर्ट एरिया की सफाई के लिए रेलवे अधिकारियों ने श्रमदान किया। दो घंटे से अधिक चले इस कार्यक्रम में कुल 125 वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे परिसर को हरियाली से भरा गया। स्वच्छता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए स्वच्छता बैनर, पोस्टर और सेल्फी पॉइंट भी लगाए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन स्थलों पर सक्रियता से भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को लोगों के बीच फैलाने का प्रयास किया। इस अभियान के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में भी श्रमदान, वृक्षारोपण और अन्य व्यापक कार्यक्रमों के माध्यम से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया गया। इस पहल से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि गांधी जी के सिद्धांतों को भी पुनः जीवित किया गया।

### महात्मा गांधी की मनाई गई जयंती

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** नटवार रोड स्थित मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। मौके पर सफाई के बाद महात्मा गांधी के संदेशों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के बाद गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।शिक्षकों द्वारा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उनकी जयंती मनाने का उद्देश्य बताया गया। गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम सभी ने एक साथ मिलकर गाया। लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी चर्चा करते हुए उनके आदर्शों उनकी सादगी और कर्तव्यनिष्ठता के बारे में बताया गया। बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर बीजेपी गोडारी मंडल मोहन सिंह, निदेशक मो.अय्यूब खान आदि।

# हरदिया में विशेष आम सभा का आयोजन वरीय नागरिक को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित पंचायत भवन में बुधवार की दोपहर को मुखिया पिन्टू साव के नेतृत्व में स्वराज के 75वें वर्ष के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी से ग्राम स्वराज की स्थापना है। इस दौरान बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार, पंचायत सचिव शिवनन्दन प्रसाद यादव, पीटीए मनोज कुमार, पीआरएस अंजनी कुमार, राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमार, कृषि समन्वयक रणधीर राम, फायर ऑफिसर मो. सैफुरुद्दीन,अग्निक चालक ऋषिमुनि देव, अग्निक राकेश कुमार, अग्निक गुड्डू पासवान, बिजली विभाग से सुपरवायजर इरफान आलम व स्मार्ट मीटर सुपरवायजर बिक्रम पाण्डेय, आंगनबाड़ी सेविका सेविका मंजू कुमारी, चन्द्रवती कुमारी व रेखा राजवंशी के अलावे जिंदल कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर शम्स तबरेज भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में हरदिया सेक्टर ए निवासी वरीय नागरिक ब्रह्मदेव सिंह को शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद ग्राम पंचायत के मुखिया पिन्टू साव ने अपने पंचायतवासियों को सम्बोधित किया। वहीं वरीय ग्रामीणों ने मुखिया पिन्टू साव द्वारा विगत अपने पद के लगातार दो कार्यकाल में हुए गांव के विकास का गुणगान किया। साथ ही मुखिया द्वारा सड़क व नाली निर्माण के अलावे गरीब को आवास योजना, बच्चों की शिक्षा समेत अन्य विकास के कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही पंचायत के विकास के लिए भविष्य में उठाये जाने वाले जनकल्याणकारी बातों को रखा गया। इस दौरान ग्रामीणों की मदद से एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। साथ ही स्वच्छता शपथ, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध शपथ एवं फिट इंडिया शपथ लोगों को दिलाया गया। वहीं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के बाद किया गया।

### विशेष ग्रामसभा में वरिष्ठ नागरिकों ने साझा किया अनुभव

**पकरीबरावां (नवदा) (नि. सं.)** प्रखण्ड के गुलनी, ढोढा एवं कबला पंचायत में विशेष आमसभा आयोजित की गई। आमसभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया ने की। आमसभा में उपस्थित लोगों की राय लेकर पंचायत के विकास की रणनीति बनाई गई। आमसभा में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया एवं उनका अनुभव लिया गया। गुलनी में मुखिया मनोज चौरसिया, ढोढा में रेखा यादव एवं कबला में उर्मिला देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर पंचायत के विकास की योजनाओं पर चर्चा की गई। पौधरोपण भी किया गया। ग्राम पंचायत डुमरामा में मध्य विद्यालय डुमरामा में गांधी जयंती के पुनीत मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक चंदन कुमार की अध्यक्षता में गांधी जयंती मनाए गए।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती



निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयन्ती बुधवार को प्रखण्ड के विभिन्न संस्थानों एवं विद्यालयों में धूमधाम से मनाई गई। बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार की अध्यक्षता में लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया एवं दोनों महापुरुषों के जीवनी के बारे में बताया गया। वहीं दूसरी ओर प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार समेत अन्य लोगों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया। इस दरम्यान सर्व धर्म प्रार्थना का भी आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने हेतु लोगों को प्रेरित किया। इसके पूर्व बापू जी की जयंती पर गांधी पार्क सहित जेपी आश्रम परिसर में सामूहिक साफ-सफाई का कार्य किया गया। मौके पर जयबंत, सुचिता तिर्की, रविकांत, मन्नू कुमार, रौशन कुमार, अंगद कुमार, दिनेश मंडल, सोनाली कुमारी, सलोनी कुमारी, नीलम कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान जच्चा- बच्चा की मौत

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पटना क्लीनिक में बुधवार को जच्चा- बच्चा की मौत हो गई। मृतका 26 वर्षीया शोभा देवी पकरीबरावां थाना क्षेत्र के एरुरी गांव की रहने वाली थी। मृतका के पति मनीष कुमार मांझी ने बताया कि वह बुधवार को लभगग 11 बजे अपनी पत्नी को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया। उस समय डयूटी पर तैनात एएनएम एवं आशा ने बताया कि यहां बच्चा हो जाएगा। ढाई घण्टे के बाद उसे बताया गया कि उसकी पत्नी को नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चर्चा है कि मृतका को नवादा ले जाने की बजाय दलालों ने हॉस्पिटल से थोड़ी दूर आगे स्थित पटना क्लीनिक में पहुंचा दिया। मृतका के पति के अनुसार उससे 50 हजार रुपए एवं ब्लड की मांग की गई। बताया जाता है कि ऑपरेशन के दौरान जच्चा- बच्चा की मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला की मौत के बाद नर्सिंग होम के कर्मी उसे नवादा इलाज के लिए ले जाने के बहाने शव को नर्सिंग होम से हटा दिया। परिवार वालों द्वारा महिला के बारे में पूछे जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर गुस्साए लोगों ने नर्सिंग होम में तोड़- फोड़ शुरू किया। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष अजय कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतका के शव को डुमरावां पेट्रोल पंप के पास से बरामद कर लिया। इस बीच पुलिस नर्सिंग होम के दो डॉक्टर एवं पांच अन्य लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाई है। रजिस्ट्रेशन की हो रही है जांच घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीओ अखिलेश कुमार, एसडीपीओ महेश चौधरी, सीओ राजेश कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार एवं सीएचसी के दो डॉक्टर नर्सिंग होम पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। नर्सिंग होम को सील करने के पूर्व रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कागजातों की जांच की जा रही है।

# नगर पंचायत द्वारा आयोजित 5 किमी के मिनी मैराथन दौड़ में अव्वल रहे शिवलाल एवं काजल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



नगर पंचायत में बुधवार को मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश के मार्गदर्शन एवं लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में किया गया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले सफाईकर्मियों एवं निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में उत्तीर्ण स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र के अलावे अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पार्षद मानती देवी, उपमुख्य पार्षद फिरोजा खातून, बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार एवं सीआरपीएफ के शहीद एएसआई दिनेश चौधरी की माता शकुन्ती देवी मौजूद रही। स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत दिवस एवं गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बुधवार को 5 किमी लंबी मिनी मैराथन सह स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया था। इस दौड़ में लगभग 250 पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। मिनी मैराथन दौड़ की शुरुआत इंटर विद्यालय के पिछले द्वार से सुबह 6 बजे प्रारम्भ हुई, जो बांके मोड़, संगत, राज शिवलाय, पुरानी बस स्टैंड होते हुए पुनः इंटर विद्यालय के प्रांगण में समापन हुआ। मिनी मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में 5 किमी की दूरी सिरदला के शिवलाल कुमार ने 19 मिनट 11 सेकेंड में तय कर प्रथम स्थान, मांगोडीह-गंगटिया के कारू यादव ने 19 मिनट 25 सेकेंड में द्वितीय स्थान एवं चौथा गांव के राकेश कुमार ने 19 मिनट 30 सेकेंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में गैरिबा गांव की काजल कुमारी ने 28 मिनट 8 सेकेंड में प्रथम स्थान, चौथा गांव की निभा कुमारी ने 29 मिनट 35 सेकेंड में द्वितीय स्थान एवं बभनटोली निवासी शालिनी कुमारी ने 30 मिनट 20 सेकेंड में तृतीय स्थान प्राप्त की।वहीं मिनी मैराथन दौड़ में टॉप 10 में मुकेश कुमार, अमन कुमार, सचिन कुमार, अंकित कुमार, रोहित कुमार, चंद्रशेखर कुमार व शिबू कुमार शामिल है। स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत यूथ कनेक्ट हेतु डॉ. भीम राव अंबेडकर राजकीय उच्च विद्यालय में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 60 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में आशीष कुमार ने प्रथम स्थान, नीरज कुमार ने द्वितीय स्थान व सचिन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं चित्रकला प्रतियोगिता में रोहित कुमार ने प्रथम स्थान, विक्कू कुमार ने द्वितीय स्थान व देवराज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि मिनी मैराथन दौड़ में महिला व पुरुष वर्ग के प्रथम तीन लोगों शील्ड, सर्टिफिकेट और टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं निबंध और चित्रकला में उत्तीर्ण छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे नगर पंचायत के पुरुष सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र के साथ टीशर्ट और महिला सफाईकर्मियों को साड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीसी व स्कूली बच्चों ने जीते पुरस्कार

**बक्सर।** भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फ़ोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित वॉलीबॉल सद्भावना मैच में मुख्य अतिथि एनसीसी (30 बीएन) के सीओ कर्नल रितेश आनंद ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर के सद्भावना मैच की शुरुआत की। इस मैच में राज्य, जिला स्तर के अंडर 17 के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दोनों टीमों के बीच मैच काफी रोचक रहा, जिसमें विश्वजीत उपाध्याय की टीम विजेता रही। वहीं पियुष कुमार की टीम उपविजेता रही। विजेताओं को सीओ कर्नल रितेश आनंद ने ट्रॉफी प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना के सहायक प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह ने कहा स्वच्छता की शुरुआत खुद से और अपने घर से करनी होगी तभी हमारा देश स्वच्छ हो सकता है। उन्होंने कहा की परिवार सबसे छोटी इकाई है जब कई घर जब मिलते है तो गाव फिर गावों से ज़िले,प्रदेश और तब राष्ट्र तक की परिकल्पना पर अगर विचार किया जाए तो हम इस अभियान को सफल बनाने की ओर अग्रसर है।किसी भी सफलता के लिए सतत ओर निरंतर प्रयास का होना जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एनसीसी (30 बी एन),बक्सर के सीओ कर्नल ने कहा की हमे पूरी ऊर्जा के साथ देश के विकास के लिए काम करना होगा और ये तभी संभव है जब हम स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छता और स्वस्थ का नाता बहुत ही अहम है। हमे आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की जरूरत है ताकि हम अपनी सकारात्मक ऊर्जा का उपयोग देश को विकसित करने मे कर सके। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के बीच पुरस्कार को ले कर रहा। इस सत्र का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना के अमरेन्द्र मोहन ने किया। उन्होंने बच्चों से स्वच्छता सहित अन्य आयामों पर प्रश्न पूछे। बक्सर के विभीन स्कूलों के बच्चों ने सही जवाब दे कर मुख्य अथिति के हाथों पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वछता शपथ का आयोजन किया गया। पंजीकृत सांस्कृतिक दल के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

### गड़हनी पीएचसी रास्ते की हुई मापी, जल्द होगा रास्ता का निर्माण कार्य



**गड़हनी।** स्थानीय नगर पंचायत गड़हनी अंतर्गत पीएचसी अस्पताल रोड में जलजमाव से अब मरीजों को जल्द निजात मिल जाएगा। मंगलवार को नगर पंचायत के पहल पर विभागीय जेई के द्वारा अस्पताल जाने वाला सड़क का मापी की गई और जल्द इस्टीमेट बनाकर निर्माण कार्य होगा।बता दे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क पर हल्की बारिश होने के बाद ये रास्ता नारकीय बन जाता है। मोटरसाइकिल व साईकिल क्या पैदल भी जाना मुश्किल था,आये दिन लोग उस रास्ते मे गिरते हैं।लगभग दो माह से जल जमाव को लेकर अस्पताल कर्मी से लेकर बीआरसी कर्मियों एवं आम जनता सहित मरीज परेशान थे।इस समस्या को विभिन्न अखबारों के माध्यम से प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। आज जेई के द्वारा पीएचसी प्रभारी सुनील महेन्द्र कपूर के मौजूदगी में सड़क की मापी कराया गया। बता दे कि पीएचसी प्रभारी के द्वारा कई बार नगर पंचायत में रास्ता बनाने को ले आवेदन दिया गया था जिसको ले आज नगर पंचायत हरकत में आया।

### शराब बेचने के लिए सीआरपीएफ के दो जवान बने फर्जी डीआईजी

**आरा।** अंतरराष्ट्रीय शराब की तस्करी और जल्दी धनवान बनने के लिए एक सीआरपीएफ का जवान सीआरपीएफ का डीआईजी बन गया। इसके बाद वह कार पर नीला नंबर प्लेट पर एक स्टार और गाड़ी के ऊपर फ्लेसर लाइट और पुलिस का स्टिकर लगाकर निकल पड़ा शराब की तस्करी करने। सीआरपीएफ का जवान सीआरपीएफ का कमांडो वर्दी पहना था और अपने एक साथी को भी वही वर्दी पहनाया और उत्तर प्रदेश के बनारस से 180 लीटर विदेशी शराब गाड़ी में रख कर पटना के लिए निकल पड़ा। बीच रास्ते में ही आरा - पटना फोर लेन पर कुल्हडिया टोल प्लाजा के पास सोमवार को रात में वाहन चेकिंग के क्रम में पकड़ा गया। जिसके बाद गिरफ्तार सीआरपीएफ जवान से पूछताछ में पता चला की वह डीआईजी नही है। वह सीआरपीएफ का हेड कांस्टेबल है और दिल्ली में पोस्टेड है। जो मूल रूप से पटना जिले के शेखु कुमार है। वह पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के पितवारा गांव के रहने वाले ईश्वर नाथ शर्मा का पुत्र है। दूसरा सीआरपीएफ की वर्दी में फर्जी जवान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तीस खोड़ा गांव के रहने वाले सतीश कुमार है। वह चन्द्रदेव वर्मा का पुत्र है और शेखु का दोस्त है। बहुत कमाने के चक्कर में मूलधन से नाता तोड़ा जवान सीआरपीएफ का जवान शेखु कुमार बहुत जल्दी में करोड़पति बनने के चक्कर में अपनी नौकरी से भी नाता तोड़ लिया और शराब के तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हो गया। पसीने की कमाई के पैसे से खरीदी गाड़ी को भी पुलिस के हवाले कर दिया।




### छात्राओं ने फ्रेशर एंड फेयरवेल में मचाया धमाल

**आरा।** महंथ महादेवानंद महिला महाविद्यालय के बीसीए की छात्राओं ने फ्रेशर एंड फेयरवेल में जमकर धमाल मचाया। छात्राओं ने गीत व नृत्य की पस्तुति कर उपस्थित छात्राओं का खूब मनोरंजन किया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ मीना कुमारी, बर्सर डॉ सुप्रिया झा, डॉ राजीव कुमार, डॉ मनोज कुमार, राघवेंद्र नारायण एवं अमरजीत मिश्र ने किया। बीसीए सत्र 2024- 27 के स्वागत समारोह एवं सत्र 2020-23 एवं 2021-2024 की छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। प्राचार्य डॉ मीना कुमारी ने कहा कि यह दौर तकनीकी शिक्षा का है। बीसीए के बच्चे सामर्थ्य वान हों एवं देश-विदेश में अपने को शिखर पर स्थापित करें। बर्सर डॉ सुप्रिया झा ने कहा कि यह युग साइबर एक्सपर्ट का है। आने वाले दिनों में सबको इसकी आवश्यकता है। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने कहा कि छात्राओं को आईटी की दुनिया में स्थापित करने के लिए प्रेरणा दिया गया है। बीसीए सत्र 2024 -27 की मिस फ्रेशर पूनम कुमारी को चुना गया। पूनम दौलतपुर निवासी अमरेश प्रसाद सिंह एवं नीलम देवी की पुत्री है। वे भविष्य में प्रोग्रामिंग में अपने आप को स्थापित कर देश सेवा करना चाहती हैं। बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड सत्र 2020-2023 के सोनम कुमारी एवं 2021-24 के दीक्षा आर्यन को मिला। सोनम जगदेव नगर निवासी हरबंश सिंह की पुत्री एवं दीक्षा जहानपुर छपरा निवासी शंभु कुमार की पुत्री है। छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए करेंगे भरपूर सहयोग बीसीए के शिक्षक राघवेंद्र नारायण विकास ने उज्जवल भविष्य के लिए छात्राओं को भरपूर सहयोग करने को कहा। शिक्षक अमरजीत मिश्रा ने छात्राओं को उनको प्रोग्रामिंग की दुनिया में उच्चतम शिखर प्राप्त करने की कामना की। मौके पर शिक्षक डॉ मनोज कुमार, डॉ रुपाली गुप्ता,सहायक नीतीश कुमार एवं नंद जी उपस्थित थे। संचालन उरूज अख़लाक़, निक्की एवं महवीश इमाम, रितिका एवं रिया ने किया। प्रियम, आद्या, पूनम, सिमरन, निकिता, शालवी, अंजलि, प्रज्ञा, मनीषा, रोमा, सुधा, रिया प्रियम, रितिका रिम्स, दीक्षा, रिया, श्वेता व पिंकी ने मनमोहक नृत्य व गीत की प्रस्तूत की।



# हथियार के साथ बदमाश को किया गिरफ्तार

## अपराध की साजिश रच रहा था, टीम गठित कर पुलिस ने की कार्रवाई

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के करनामेपुर थाना पुलिस ने अपराध की साजिश रचते एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई माधोपुर में हुई है। जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह ने दी। पकड़ा गया रूदल यादव करनामेपुर के मरचइया डेरा का निवासी है। इसके पूर्व के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि माधोपुर गांव के पास एक शख्स अवैध हथियार लेकर घूम रहा है, जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। एसपी राज ने जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह और करनामेपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम जब माधोपुर गांव पहुंची तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। बाद में सशस्त्र बलों की मदद से उसे धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ कर अवैध हथियार के बारे में पता लगा रही है।



**बोलेरो से अंग्रेजी शराब की खेप जब्तः** करनामेपुर थाना पुलिस ने माधोपुर गांव के पास से एक बोलेरो गाड़ी को जब्त कर अंग्रेजी शराब की खेप बरामद करने में सफलता हासिल की। हालांकि, गाड़ी पर सवार तीन धंधेबाज भाग गए। तलाशी के दौरान 750 एमएल के 2 कार्टन, 180 एमएल के 35 कार्टन और 375 एमएल के दो कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। इसे लेकर नामजद प्राथमिकी की गई है। जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# दारोगा के बेटे की सड़क हादसे में मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ नौकरी के लिए इंटरव्यू देकर पटना से लौटा था, पैदल घर जाने के दौरान अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

आरा-सलेमपुर मुख मार्ग पर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के पकवा इनार के समीप मंगलवार की देर शाम सड़क हादसे में दारोगा के बेटे की मौत हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव निवासी हरेराम शुक्ला का 27 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश शुक्ला है और जो प्रतियोगिता की तैयारी करता था। इधर, मृतक के चाचा रामदत्त शुक्ला ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह ट्रेन से पटना प्राइवेट जॉब के लिए इंटरव्यू देने गया था। देर शाम वो वापस आरा लौटा। पैदल घर आ रहा था। इसी दौरान पकवा इनार के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रास्ते से गुजर रहे एक लड़के ने सूचना उसके परिजनों को दी।

**इसी साल शादी हुई थीः** परिजन घायल को सदर अस्पताल ले गए थे. जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। मृतक के पिता झारखंड के चाईबासा स्थित पुलिस लाइन में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं। मृतक के परिवार में मां उषा देवी, पत्नी सीमा देवी, तीन बहन गुड़िया, लक्ष्मी, प्रियंका और दो भाई नीरज व राहुल है। मृतक अपने तीन भाई व तीन बहन में बड़ा था। उसकी शादी इसी वर्ष मार्च महीने में हुई थी।

# करंट से व्यक्ति की मौत, बिजली खंभे पर रख दी थी हाथ

## ग्रामीणों ने डंडे के सहारे युवक को पोल से छुड़ाया

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में मंगलवार की देर शाम करंट से युवक की मौत हो गई। वो शौच के लिए गया था। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव निवासी टनकु प्रसाद का 29 वर्षीय बेटा योगेंद्र प्रसाद है। पेशे से मजदूर था। मृतका का साला संतोष कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम को शौच करने के लिए गया था। उन्होंने पहले खैनी खाया उसके बाद रास्ते में बिजली के खंभे पर हाथ रख दिया। खंभे में बिजली प्रवाहित हो रही थी। काफी देर तक बिजली के पोल पर सटा रहा, तभी ग्रामीणों की नजर उसपर पड़ी। ग्रामीणों ने नजदीक जाकर उसे देखा और फिर बिजली के पोल से डंडा मारकर छुड़ाया ।

**ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचनाः** आनन-फानन में ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा स्थित पीएचसी से सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक अपने दो भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी मीरा देवी और एक बेटी खुशबू है।

# भोजपुर में 1 दिन बाद मिला युवक का शव, गांव का लड़का बुलाकर ले गया था साथ

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर में घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या कर फेंका गया युवक का शव बरामद हुआ है। उसका शव हसन बाजार थाना क्षेत्र के नोनार हाल्ट स्थित रेलवे ट्रैक से बुधवार को बरामद किया गया। शव के मिलने से गांव और आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। मृतक के ललाट पर कटा हुआ जख्म का निशान और दाहिने गाल पर गोल छेद का निशान पाया गया है। इसके कारण परिजन द्वारा गांव के ही युवक पर उसे घर से बुला और उसकी गोली मार कर हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकें जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी स्व.मुद्रिका राम का बेटा रमेन्द्र राम(35) है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के बड़े भाई नेकलाल राम ने बताया कि गांव का ही युवक मंगलवार की शाम करीब 7 बजे उसे घर से बुला कर ले गया था। देर रात तक जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच बुधवार को उसका शव नोनार रेलवे ट्रैक पर फेंका हुआ बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन तुरंत वहां पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं, दूसरी तरफ मृतक के बड़े भाई नेकलाल राम ने घर से बुलाकर ले गए उक्त युवक पर अपने छोटे भाई रमेन्द्र राम की गोली मारकर हत्या करने और उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी अनीता देवी और एक बेटा अंशु कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी अनीता देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बस ने 3 को रौंदा, एक को 200 मीटर घसीटा, मौत, भोजपुर में समोसा खाने जा रहे थे तीनों

निज संवाददाता। आरा


गुस्से में लोगों ने गाड़ी को लगाई आग

भोजपुर में मंगलवार रात एक बस ने बाइक से जा रहे तीन युवकों को रौंद दिया। इनमें 2 भाई और तीसरा दोनों का दोस्त था। धक्का मारने के बाद बस ने छोटे भाई को 200 मीटर तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोस्त की इलाज के दौरान जान चली गई। बड़े भाई की हालत गंभीर है। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव निवासी राज नारायण सिंह का बेटा सन्नी कुमार (18) है। और शंभू सिंह का बेटा टाइगर कुमार (22) शामिल हैं। जबकि सन्नी का बड़ा भाई गौतम कुमार (22) घायल है, उसका आरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों अपने किसी रिश्तेदार के यहां से लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले समोसा खाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने बस में आग लगा दी। एक्सीडेंट के बाद बस के यात्री इधर-उधर भागने लगे। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव स्थित होटल के सामने की है।

**पुलिस ने बुलाई दमकल की टीमः** वहीं सूचना पर जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, बिहिया थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने लगे। इसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम को फोन कर बुलाया। टीम के आने के बाद आग बुझाई गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के पिता राज नारायण सिंह ने बताया कि मौसा हरे राम सिंह को नाती हुआ था। मंगलवार की शाम वह तीनों बाइक से मिठाई खाने गए थे। वहां से वे लोग अमराई नवादा स्थित एक होटल में समोसा खाने जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही बेलगाम सवारी बस ने उन्हें रौंद दिया।

**पुलिस ने पहुंचाया अस्पतालः** डायल-112 की पुलिस ने गौतम कुमार और शंभू सिंह को इलाज के लिए बिहिया पीएचसी से आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

# बक्सर में LADCS कार्यालय में कई पदों पर बहाली

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिला में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम पर संविदा के तहत भर्ती की जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि गया की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत LADCS कार्यालय में रिक्तियों की सूचना प्राप्त हुई है। जिसमें लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम बक्सर में संविदात्मक रूप से कार्यालय सहायक, लिपिक, रिसेप्शनिस्ट-सह-डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर चयन हेतु योग्य उम्मीदवार आवेदन विहित प्रपत्र में दे सकते हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 9 अक्टूबर है। इन पदों की मासिक वेतन से लेकर सीट की डिटेल देते हुए बताया गया कि लिपिक पद के कुल एक पद हैं। जिसका वेतन बीस हजार प्रतिमाह है।

रिस्पेसनिस्ट-सह-डाटा इंट्री ऑपरेटर के लिए एक पद पर बहाली होनी है। जिसका मासिक वेतन 19 हजार रुपए है। एक पद कार्यालय अनुसेवक या मुंशी के लिए खाली है। जिसकी मासिक वेतन 13 हजार रुपए दर्शाया गया है। मासिक वेतन और रिक्त पदों के साथ जानकारी दी गई है कि आवेदन पत्र का प्रारूप भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक जिले के वेबसाइट https://buxar.nic.in पर जाकर भी जानकारी ले सकते हैं।

# स्वच्छता को लेकर बनाया मानव श्रृंखला, लोगों में जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर नगर परिषद ने गांधी जयंती के मौके पर डीडीसी डॉ महेंद्र पाल और नगर परिषद के ईओ के नेतृत्व में स्वच्छता को लेकर किला मैदान में मानव श्रृंखला बनाया गया। यह काम नगर परिषद के स्वच्छता कर्मी, एनसीसी के कैडेट्स, स्काउट गाइड के कैडेट्स, वार्ड पार्षद और अन्य लोगों के सहयोग से स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया। नगर परिषद युवा अमित कुमार ने बताया कि मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 17 सितंबर से जिले में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की कई गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभाग और संस्थानों से समन्वय स्थापित कर किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित डीडीसी ने बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आज मानव श्रृंखला बनाकर शहरवासियों से नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अभिप्रेरित किया जा रहा है। हम सभी को गंदगी जैसी कुरीति को अपने समाज से मुक्त करने के लिए इस अभियान का हिस्सा बनकर सबको साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। विशेषकर युवा-युवतियों को स्वच्छता जैसे मुहिम में आगे आकर प्रतिभागी करना होगा। स्वच्छ बक्सर की परिकल्पना में शहरवासियों का साथ भी अति आवश्यक है। 10 साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती के दिन ही स्वच्छता अभियान की शुरुआत किया था। 10 साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# अवैध हथियार के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार दो थाना क्षेत्रों से 29 जिंदा कारतूस बरामद

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की आशंका

बक्सर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार है। जिसके पास से एक देशी राइफल,एक दो नाली बंदूक ,एक देशी कट्टा के साथ 29 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जिसके बाद पुलिस ने आशंका जताई है कि अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। इसके साथ अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। इसकी जानकारी बक्सर एसपी शुभम आर्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी है। बताया कि यह कार्रवाई जिले के मुरार थाना और डुमरांव थाना में की गई है।

**हाथ में अवैध हथियार लेकर घूम रहा था छात्रः** पीसी में जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि इसको लेकर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। पहला मामला मुरार थाना का है। जहां पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुरार थाना अंतर्गत ग्राम ओझाबराव में लक्ष्मण साह अवैध हथियार के साथ घूमते देखा गया है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर पुलिस लक्ष्मण साह के घर में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में घर की घेराबंदी कर विधिवत तलाशी ली गई। तालाशी के क्रम में उक्त घर से 1 दो नाली बंदूक और 29 कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद हथियार और कारतूस के संबंध में पूछताछ जाने पर बताया कि बरामद हथियार उनके पुत्र को हरेन्द्र सिंह उर्फ हरेन्द्र यादव ने दिया है। वहीं, एक और सूचना मिली थी कि ओझाबराव हाई स्कूल का एक छात्र अपने हाथ में अवैध हथियार लेकर घूम रहा छापेमारी के क्रम में एक विधि निरूद्ध बालक को 1 देशी कट्टा और 1 लोहे के पंजा के साथ हिरासत में लिया गया। इस संबंध में बक्सर मुरार थाना आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है।

**अवैध शराब की खरीद-बिक्री की सूचना पर छापेमारीः** दूसरा मामला डुमरांव थाना के सुरौंधा गांव का है। पुलिस को सूचना मिली कि नथुनी राम द्वारा अपने घर में अवैध शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलने पर नथुनी राम के घर में छापमारी की गई। इस क्रम में पुलिस बल को उक्त घर से एक व्यक्ति भागता हुआ दिखाई दिया। जिसे गठित टीम द्वारा पकड़ लिया गया। पूछताछ के क्रम में पकड़ाए व्यक्ति ने अपना नाम नथुनी राम बताया। घर की विधिवत तालाशी के क्रम में 1 अवैध देशी राईफल बरामद किया गया। इस संबंध में डुमरांव थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# रेलवे का टेक्नीशियन रैकी कर चुराता था बाइक

## ♦ मुंगेर में सहयोगी को पार्ट्स बेचता, जमालपुर कारखाना, रेलवे स्टेशन से उड़ाई 7 बाइक, 2 गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने रेल इंजन कारखाना में कार्यरत रेलकर्मी और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर एक टाटा मैजिक पर लोड दो चोरी की बाइक सहित कई पाट्र्स भी बरामद किए हैं। बरामद बाइक पाट्र्स में बरौनी से चोरी की गई बाइक पाट्र्स भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपी शादीपुर निवासी गणेश प्रसाद का बेटा आनंद और बड़ी बाजार निवासी मोहम्मद जहीर का बेटा शाहनवाज उर्फ पप्पू है। आनंद रेल इंजन कारखाना के एमटीएस शॉप में टेक्नीशियन 3 के पद पर कार्यरत है, जिसका टिकट नंबर 2170 है।

**कारखाना और रेलवे स्टेशन पर करता था रैकी:** आनंद, कारखाना, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर पहले खड़ी बाइक की रेकी करता था। फिर मौका मिलते ही वहां से लेकर रफूचक्कर हो जाता था। फिर शाहनवाज के पास जाकर बेच देता था। शाहनवाज मुंगेर में ही टाउन हॉल के पास बाइक रिपेयरिंग और पाट्र्स की दुकान भी चलाता था। यहां से ही वह चोरी की बाइक का पार्टस अलग-अलग कर उसे बेच दिया करता था। रेल डीएसपी मनीष आनंद ने कहा कि जमालपुर में हाल के दिनों हुई बाइक चोरी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड आनंद और उसके सहयोगी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आनंद की निशानदेही पर एक मैजिक पर लोड दो बाइक और कई बाइकों के पाट्र्स भी मिले हैं। बरामद बाइक में एक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई है। जबकि रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हुई एक बाइक का पार्टस बरामद किया गया है। बाइक का नंबर प्लेट और पार्टस भी बरामद किया गया है। पाट्र्स की भी पहचान कराई जा रही है।



**तीन महीने में 7 बाइक हुई थी चोरी:** पुलिस सूत्रों की मानें तो पिछले तीन माह में दोनों ने मिलकर जमालपुर से कुल 7 बाइक चोरी की थी। इनमें से चार बाइक रेल इंजन कारखाना, एक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र और दो बाइक रेलवे स्टेशन से उड़ाई गई थी। लगातार बाइक चोरी की घटना जमालपुर में पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई थी।

**फुटेज में हुई थी पहचान, दो माह बाद आया हाथ:** पुलिस सूत्रों की मानें तो आनंद की बाइक चोरी की तमाम घटनाएं सीसीटीवी फुटेज में कैद थी। पुलिस आनंद की पहचान में जुट गई थी। आखिरकार पुलिस के तकनीकी रूप से जांच की जिसके बाद आरोपी की पहचान हुई। रेल डीएसपी मनीष आनंद ने कहा कि जमालपुर में हाल के दिनों हुई बाइक चोरी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड आनंद और उसके सहयोगी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आनंद की निशानदेही पर एक मैजिक पर लोड दो बाइक और कई बाइक्स के पाट्र्स को बरामद किया गया है। बरामद बाइक में एक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई है जबकि रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हुई एक बाइक का पार्ट बरामद किया गया है। कहा कि कई बाइक के नंबर प्लेट और पार्टस भी मिले हैं। पाट्र्स की भी पहचान कराई जा रही है। छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद, रेल थाना की प्रभारी एसएचओ अब्लीना हंसदा, एसआई संजय कुमार, निरंजन कुमार, कांस्टेबल शत्रुघ्न और प्रतिभा शामिल थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआईएससीई क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए भागलपुर के खिलाड़ी रवाना

**भागलपुर।** सीआईएसएस बोर्ड की नेशनल चैंपियनशिप के लिए बिहार - झारखंड रीजनल अंडर 19 क्रिकेट टीम में शामिल भागलपुर जोन के छह खिलाड़ी मंगलवार को रवाना हो गए। कोच संदीप ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन भोपाल में 3 से 6 अक्टूबर तक होना है। बिहार-झारखंड सीआईएससीई रीजनल अंडर -19 क्रिकेट टीम में भागलपुर जोन के छह खिलाड़ियों के अलावा अन्य खिलाड़ी धनबाद, जमशेदपुर रांची और पटना जोन से शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भागलपुर जोन से आरव राज, कुमार अमितेश, बैदुल्लाह नसर, संतोष राज और सादिक खान को टीम में शामिल किया गया है।

### ट्रेनों में वेटिंग, यात्री 26% तक अधिक किराया देकर लौटेंगे

**भागलपुर।** दुर्गापूजा से ही त्योहारों का मौसम शुरू हो जाता है। दूसरे राज्यों में रहने वाले प्रवासी घर आने के लिए ट्रेनों का सहारा लेते हैं। विक्रमशिला, गरीबरथ, फरक्का जैसी ट्रेनों में वेटिंग हो गयी है। प्रवासियों अब 26 प्रतिशत तक अधिक किराया लगाकर सफर अपने घर लौटेंगे। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों के सहारे यात्रियों का राहत देने की कोशिश की है लेकिन इन ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग हो गयी है। जिन यात्रियों के टिकट बुक नहीं हो पाए हैं उनके सामने अब सिर्फ तत्काल में टिकट लेना मजबूरी है। ट्रेनों में वेटिंग दुर्गापूजा. दीपावली और छठ पर्व पर होने से मुश्किलें बढ़ गयी हैं। रेल अधिकारियों का कहना है कि मांग होने पर ट्रेनों के फेरे व संख्या बढ़ाई जा सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि भागलपुर क्षेत्र में रेलवे दो लाख यात्रियों के लिए इस बार तैयारी कर रहा है। विक्रमशिला, फरक्का, गरीबरथ जैसी ट्रेनें जो दिल्ली से आती हैं। उनमें लंबी वेटिंग और रिग्रेट की स्थिति अलग-अलग तिथियों में है।



### टीएनबी के एनसीसी कैडेटों ने रैली निकाली




**भागलपुर।** गांधी जयंती के मौके पर टीएनबी कॉलेज में एनसीसी कैडेटों ने मंगलवार को रैली निकाली और संगोष्ठी की। कॉलेज में एनसीसी अफसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवाशीष ने कहा कि गांधी जी के मूल सिद्धांत सत्य, अहिंसा, सर्वोदय, अंत्योदय और सत्याग्रह हैं। उन्होंने गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम... गाया। पूर्व एसयूओ राज शुक्ला, यूओ आयुष यादव, सार्जेंट साहिल कुमार, सार्जेंट रीतिका कुमारी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर पौधरोपण के लिए पेड़ भी दिए गए। आयोजन में कैडेट जिया रानी, मेघा भारती, मुस्कान, रोशनी, करिश्मा, वैष्णवी, राधा, अंकित, बिट्टू, दीपक, निखिल, करण, सुधांशु, नीतेश, रवि, अभिषेक, सनी, शुभम शामिल थे।।

### कर्मियों ने रजिस्ट्रार को घेरा, पूछा एडवांस रोकने का पत्र दिखाएं

**भागलपुर।** टीएमबीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा कर्मचारियों के लगातार निशाने पर हैं। फेस्टिवल एडवांस को लेकर उन्होंने फाइल पर ऐसी टिप्पणी कर दी जिससे कर्मचारियों को यह राशि मिलने में ही पेच लग गया था। अब कर्मचारियों ने उन्हें घेरा तो रजिस्ट्रार बैकफुट पर चले गए। शनिवार को रजिस्ट्रार कर्मचारियों को ढूंढ़ते नहीं मिल रहे थे। सोमवार को भी मुद्दा गरमाया रहा। अब मंगलवार को कर्मचारियों ने उन्हें गेस्ट हाउस में घेर लिया। स्थिति ऐसी हो गई कि कुलपति प्रो. जवाहर लाल को गेस्ट हाउस पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस भी पहुंची थी। कर्मचारी रजिस्ट्रार से अपनी परेशानी पर बात करने उनके कार्यालय पहुचे थे।

## मंथन कला परिषद द्वारा गांधी जी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन



निज संवाददाता | खगौल (पटना)

महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के अवसर पर खगौल के दानापुर रेलवे स्टेशन के समीप आज (बुधवार) को चर्चित नाट्य संस्था मंथन कला परिषद द्वारा गांधीजी के जीवन पर आधारित नाटक "सफाई में भलाई" की प्रस्तुति की गई। इस नाटक का उद्देश्य रोचक तरीके से गांधीजी के महत्वपूर्ण संदेशों को जनमानस तक पहुंचाना था। नाटक में गांधीजी के जन्म, स्कूली शिक्षा, दक्षिण अफ्रीका में हुए दुर्व्यवहार, स्वच्छता अभियान, सत्याग्रह और छुआछूत जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अभिनेताओं ने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करने में वे सफल रहे। प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा लिखित एवं निर्देशित इस नाटक में बापू की महत्वपूर्ण भूमिका में नीरज सिंह ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर पर दानापुर की पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने कहा कि गांधीजी के विचार कल भी प्रासंगिक थे और आज भी हैं। संस्था के महासचिव एवं बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री गांधीजी के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं। रंगकर्मी अमन कुमार ने बताया कि इस नाटक का उद्देश्य महात्मा गांधी के संघर्ष और उन शहीदों को याद करना है, जिन्होंने अपने देश की आज़ादी के लिए अपनी जान की परवाह नहीं की।

## गांधी एक विचार प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

निज संवाददाता | पटना




मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गांधी विषयक सेमिनार आयोजित किया गया शिक्षा विभाग में याद किए गए महात्मा गांधी "हम इतिहास नहीं बनेंगे बल्कि इतिहास बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे" यह बात आज मौलाना मजहरुल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'गांधी एक विचार प्रक्रिया' विषयक सेमिनार पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ। अली इमाम ख़ान ने कही। गांधी जी को याद करते हुए मुख्य अतिथि डॉ। ख़ान ने कहा कि 'गांधी जी की तरह हमें हर तरह की असमानता का विरोध करना चाहिए। इसके लिए सत्य और अहिंसा के हथियारों का प्रयोग करके सत्याग्रह हेतु प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उन्होंने गांधी के विचारों संपूर्णता में समझने की बात करते हुए कहा कि 'गांधी जी के सत्य को उत्तरसत्यवाद के संदर्भ में समझने की ज़रूरत है। गांधी जी के वैष्णव जन की परिकल्पना को तब तक सार्थक नहीं समझा जा सकता है जब तक अंत्योदय को भारतीय परिदृश्य में पूर्णत लागू नहीं कराया जाता। मौलाना मजहरुल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय के कुलसाचिव कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि 'गांधी होना बहुत कठिन है और गांधीवादी होना तो अति कठिन कार्य है। गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में लागू करना चाहिए। उन्होंने गांधी के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक दर्शनों की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने बुनियादी शिक्षा की चर्चा की। वक्ता के तौर पर पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के डॉ मुकेश ने पत्रकार के तौर पर गांधी जी को रेखांकित किया। प्रेस और मीडिया के भारतीय परिदृश्य में उनकी प्रासंगिकता को गांधी जी के जंतर द्वारा बताया कि आज भी महात्मा गांधी के विचार प्रेस हेतु प्रासंगिक हैं। गांधी एक विचार प्रक्रिया विषयक सेमिनार की अध्यक्षता करते हूए शिक्षा विभाग के संकाय अध्यक्ष डॉ असदुल्लाह ने गांधी और मौलाना मझहरूल हक़ की विचारों की एकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षा विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ। मुक्ता ने रखी। इस अवसर पर पैंतीस विद्यार्थियों ने गांधी जी के विभिन्न पहलुओं पर पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र का संचालन ऋचा आर्य ने किया। इस अवसर पर मानविकी के संकाय अध्यक्ष डॉ एजाज़ आलम,डॉ रणजीत, डॉ. चंद्रेश्वरी, डॉ. तारिक़, डॉ. तृष्णा डॉ तहसीन, डॉ जावेद, डॉ. रहमान, डॉ. तौक़ीर, डॉ. मुमताज़, डॉ अबरारूल, डॉ. ज़ाकिर हुसैन, डॉ. निखिल सहित नाहिद, एहतेशाम, संजर, सपना, विनंदिता, पूजा, शाहनवाज़, याहिब, सूरज, धर्मेंद्र,कई विद्यार्थी शामिल हुए।

## बेटी की शादी के 5 दिन पहले पिता की मौत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में मंगलवार की देर रात मजदूरी कर वापस घर लौट रहे मिस्त्री को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सन्होला-जगदीशपुर मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया और नारेबाजी की। इस दौरान घंटों आवागमन बाधित रहा। घटना सन्हौला मुख्य मार्ग कमालपुर पेट्रोल पंप के थोड़ा आगे की है। मृतक की पहचान धनकुंड थाना क्षेत्र के बबुरा निवासी मोहम्मद रियासत के बेटे मोहम्मद फारूक (55) के रूप में की गई है। 6 अक्टूबर को मृतक की बेटी की शादी है। शादी के पांच दिन पहले पिता की मौत की सूचना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है। मोहम्मद फारूक मजदूरी करके घर वापस सनहौला होते हुए बबुरा स्थिति घर लौट रहे थे।

एक घंटे तक लोगों ने जताया विरोधः घटना के बाद मौके से ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने सनहौला-जगदीशपुर मुख्य मार्ग को एक घंटे तक जाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकाला। इधर, पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत करवाया। सनहौला थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की जा रही है।

## तिनटंगा के ज्ञानीदास टोला में कटाव, 25 मीटर बोल्डर पीचिंग ध्वस्त

निज संवाददाता। रंगरा

इस साल ढाई करोड़ की लागत से कराया गया था कटावरोधी काम गंगा का जलस्तर घटते ही तिनटंगा दियारा दक्षिणी पंचायत के ज्ञानीदास टोला में भीषण कटाव शुरू हो गया है। रविवार को जल संसाधन विभाग की ओर से इसी वर्ष ढाई करोड़ रुपए की लागत से नदी किनारे कराई गई बोल्डर पीचिंग करीब 25 मीटर के दायरे में ध्वस्त हो गया। कटाव का दायरा बढ़ता जा रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। 200 घरों पर कटाव का खतरा मंडराने लगा है। कटाव स्थल से लोगों के घर महज 100 से 400 मीटर की दूरी पर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कटाव की रफ्तार यही रही तो तीनों टोले के सैकड़ों घर गंगा में विलीन हो जाएंगे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**
**e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No- 5/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 952**
**Dated:- 30.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Local Nala H.L. Bridge over Daltonganj-Lesliganj-Panki Road At Chainage: - 32+200 Km, 34+100 Km & 36+600 Km for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 6,92,54,100.00 (Rupees Six Crore Ninety Two Lacs Fifty Four Thousand One Hundred) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 6,92,600.00 (Rupees Six Lacs Ninety Two Thousand Six Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 12 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 15.10.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 06.11.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 12.11.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562—225019 |
| 10. | | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 337786Road(23-24)D

**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,**
**NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR**
**Request for Proposal/E-Procurement Notice**
REQUEST FOR PROPOSAL NO. UDD/NPSBN/07/2024-25 (4th Call) Date: 28-09-24

Request for Proposal are invited on behalf of **SHRI BANSHIDHAR NAGAR, NAGAR PANCHAYAT (NPSBN),** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies/firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar, Garhwa in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 950.65 & 6064.07 | 9.50 | 25000.00 | 16 Month Construction & 20 Yrs O&M |
| 2 | Publication of Tender on Website | 28-09-2024 | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 28-09-2024 | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 15-10-2024 | | | |
| 5 | Last Date/Time for Receipt of bid Online | 22.10.2024 By 3:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 23.10.2024 By 4:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Administrator, NP. Shri Banshidhar Nagar | | | |
| 8 | Mobile Number | 9771198870 | | | |
| 9 | E-mail | npsbnagar@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | | |

Only e-tenders are acceptable. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Contractor should be registered in appropriate class as per NIT.
3. Estimated cost/ Quantity may vary.

**Administrator,**
**NP. S.B. Nagar**

PR.NO.337753 Urban Development(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**ई—निविदा आमंत्रण सूचना**

ई—निविदा संख्या – 21/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 28.09.2024

1.कार्य का विवरण :—

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रंका | RWD/GARHWA/ 57/2024-25 | रंका रमकंडा मुख्य पथ से खपरो ग्राम में बसावटों को जोड़ने हेतु पथ निर्माण कार्य। (10.400 कि0मी0) | 1043.051 | दस करोड़ तेतालीस लाख पाँच हजार एक सौ रूपये। | 18 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :— 04.09.2024
3. ई—निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :— 17.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :—19.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई—निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561—299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

PR 337733 (Rural Work Department) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**
**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:—17/2024—25**

1 विभाग का नाम :— भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :— कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :— 18/10/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :— 19/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :— 19/10/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :— 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0—02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :— क्रमांक—6 के क्र0सं0—1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरण:—

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of Four Court Building in Court Campus Garhwa Under Garhwa for the year 2023-24. | ` 24,56,600/- | ` 49,200/- | ` 5000/- | 15 दिन |
| 2 | Renovation of S.D.P.O. Residence in Banshidhar Nagar, District Garhwa for the year 2024-25 | ` 9,69,800/- | ` 19,400/- | ` 1250/- | 15 दिन |
| 3 | Installation of Deep Boring (200x150mm dia) & 2 H.P. Submersible Pump Set in Campus of Judge (A -Type) Quarter Garhwa for the year 2024-25. | ` 4,19,100/- | ` 9,000/- | ` 750/- | 07 दिन |
| 4 | Renovation of Sub -Divisional Police Officer Residence in Ranka Under Garhwa District for the year 2024-25. | ` 6,03,400/- | ` 12,100/- | ` 1250-/ | 07 दिन |
| 5 | Heightening of Compound Wall & Parking Light in S.D.O. Residence Ranka Under Garhwa District. | ` 14,92,400/- | ` 29,900/- | ` 2500-/ | 15 दिन |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः— ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

PR 337719 Building(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में कचरे से बनेंगे गैस और खाद, प्रधानमंत्री आज करेंगे उदघाटन

**रांची, एजेंसी।** राजधानी के लोगों को कूड़े से ढेर से अब निजात मिलेगी। गेल के झिरी स्थित बायो कंप्रेस्ड गैस प्लांट का उदघाटन बुधवार को होगा। प्लांट का उदघाटन ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उदघाटन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गयी है। इधर, गेल के अधिकारियों ने मंगलवार को भी प्लांट का जायजा लिया। गीले कचरे को बायो गैस में परिवर्तित किया जायेगा। कचरे से खाद के साथ-साथ बायो गैस बनेगा। प्रारंभ में 150 मीट्रिक टन कचरे से हर दिन 5000 किलो सीएनजी तैयार होगा। प्लांट से हर दिन 25 टन ऑर्गेनिक खाद भी तैयार होगा। वर्तमान में एक प्लांट तैयार है। इसके बाद दूसरा प्लांट भी चालू किया जायेगा। वर्तमान में हर दिन 25-30 टन कचरे से ट्रायल का काम चल रहा है। गीले कचरे की जरूरत को रांची नगर निगम पूरा कर रहा है। यह प्लांट आठ एकड़ में बना है। उत्पादन शुरू होने के बाद इसे कैसकेड में भर कर शहर के अलग-अलग सीएनजी स्टेशनों पर भेजा जायेगा। इसके बाद इसका प्रयोग हो सकेगा।

### निरसा में चोरी की बाइक के साथ 2 चोर गिरफ्तार

**धनबाद , एजेंसी।** निरसा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटना ने पुलिस की नींद उड़ा दी थी। इसी के आलोक में निरसा थानेदार मंजीत कुमार ने बाइक चोरों के खिलाफ अभियान चला रखा था। पुलिस ने जाल बिछाकर मंगलवार को चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। निरसा के जामताड़ा रोड पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप बाइक चोर वहां खड़ी बाइक को लेकर भाग रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने दस किलोमीटर तक पीछा कर कुमारधुबी होते हुए मैथन मोड़ में उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के समीप से चोर बाइक लेकर तेज गति से भाग रहा था। पीछा कर मैथन मोड़ के पास बाइक के साथ युवक सूरज भुइयां व एक अन्य को दबोच लिया गया। लंगड़ा नामक चोर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार सूरज कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के मेढ़ा का रहने वाला है। सूचना पर कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार भी दलबल के साथ पहुंच गए।

### साहिबगंज में फरक्का- ललमटिया एनटीपीसी लाइन को उड़ाया; हो सकता था बड़ा रेल हादसा

**बरहेट (साहिबगंज), एजेंसी।** अपराधियों ने मंगलवार की रात साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा घुटू टोला के पास फरक्का-ललमटिया एनटीपीसी लाइन को उड़ा दिया। इससे इस लाइन पर कोयले की ढुलाई ठप हो गई है। इस रेललाइन से ललमटिया कोयला खदान से एनटीपीसी फरक्का को कोयले की आपूर्ति की जाती है। इस लाइन पर केवल मालगाड़ी ही चलती है। रात लगभग 12 बजे रांगा घुटूटोला के पास अपराधियों ने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि रेलवे ट्रैक का टुकड़ा दुर्घटनास्थल से काफी दूर जाकर गिरा। इस घटना में रेललाइन में 470 सेंटीमीटर का गैप हो गया। एनटीपीसी फरक्का के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं।

### रांची से भुवनेश्वर के लिए फ्लाइट बंद, विभिन्न शहरों के लिए रोजाना 30 विमान

**रांची, एजेंसी।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के लिए विंटर शिड्यूल जारी कर दिया गया है, जो एक अक्तूबर से प्रभारी है। इसके तहत कुछ विमानों के आवागमन के समय में परिवर्तन किया गया है। वहीं, रांची से भुवनेश्वर के लिए विमान सेवा बंद कर दी गयी है। वहीं, रांची से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट की संख्या पांच से बढ़ कर सात कर दी गयी है। रांची से हैदराबाद के लिए विमान की संख्या चार से घटा कर तीन कर दी गयी है। विमानों की संख्या पूर्व में यानी समर शिड्यूल में 30 थी, उसे यथावत रखा गया है। विंटर शिड्यूल में कोलकाता के लिए तीन फ्लाइट, बेंगलुरु के लिए 07 फ्लाइट, मुंबई के लिए 02, दिल्ली के लिए 09, हैदराबाद के लिए 03, पटना के लिए 02, देवघर के लिए 01, अहमदाबाद के लिए 01, चेन्नई के लिए 01 और पुणे के लिए 01 फ्लाइट की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। रांची से देश के विभिन्न शहरों के लिए तीन एयरलाइंस के विमान उड़ान भरते हैं।

# झारखंड हाईकोर्ट ने कहा- सरकार, विधान सभा सहयोग न करें, तो कोर्ट आ सकती है सीबीआई




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति-प्रोन्नति घोटाले की जांच सीबीआइ को सौंपे जाने का आदेश देने के बाद एक अक्तूबर को 116 पेज के आदेश की प्रति सार्वजनिक की। इसमें कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अगर जांच के दौरान सरकार-विधानसभा की ओर से सहयोग नहीं किया जाता है, तो सीबीआइ इसकी शिकायत कोर्ट से कर सकती है। वहीं, कोर्ट ने पहले न्यायिक आयोग की रिपोर्ट पर वर्षों चुप्पी साधे रहने और जनहित याचिका दायर किये जाने के बाद दूसरे आयोग के गठन पर सवाल उठाया है। साथ ही इस पूरे प्रकरण में राज्य सरकार और विधानसभा की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाये हैं।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने सीबीआई को विधानसभा में नियुक्ति-प्रोन्नति में बरती गयी अनियमितताओं के साथ ही इस मामले में शामिल उच्चपदस्थ लोगों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट ने नियुक्तियों के दौरान पैसा लेने के आरोपों से जुड़े सीडी की भी जांच करने को कहा है। वहीं, संबंधित सभी विभागों को सीबीआई जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि नियुक्ति-प्रोन्नति मामले से संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंपे जायें। न्यायालय ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा की गयी टिप्पणियों से प्रभावित नहीं हो और खुले दिमाग से जांच करे।न्यायालय ने सभी पक्षों की दलील और शपथ पत्रों सहित दस्तावेज में वर्णित तथ्यों के आधार पर कई महत्वपूर्ण सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा है कि विधानसभा की ओर से यह बताया गया कि पहले आयोग की रिपोर्ट की अनुशंसाओं के आलोक में मिली अनियमितताओं के आधार पर 26 अगस्त 2019 को एक आदेश जारी कर राम सागर और रवींद्र कुमार सिंह को सेवानिवृत्त करा दिया गया। न्यायालय ने यह सवाल उठाया है कि अगर पहले आयोग में सिर्फ दो ही अनियमितताएं मिली थीं और उस पर कार्रवाई भी कर दी गयी, तो दूसरा आयोग बनाने की जरूरत क्या थी?

न्यायालय ने पहले आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष को सीबीआई जांच की अनुशंसा किये जाने पर वर्षों खामोश रहने की घटना को गंभीरता से लिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि पहले आयोग ने वर्ष 2018 में अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसमें अनियमितता का उल्लेख करते हुए कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी थी। पर कार्रवाई नहीं की गयी। आयोग की रिपोर्ट पर वर्षों धूल जमती रही। हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर किये जाने के बाद इस मामले में तेजी आयी। इसके बाद इस मामले में दूसरे आयोग का गठन किया गया। दूसरे आयोग ने रिपोर्ट सौंपी।

पहले आयोग में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी थी। दूसरे आयोग में किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने की अनुशंसा की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कई बार दोनों आयोग की रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया, लेकिन कोर्ट द्वारा दिये गये सामान्य आदेश के आलोक में आयोग की रिपोर्ट नहीं सौंपी गयी। कोर्ट द्वारा कार्रवाई की चेतावनी देने के बाद दोनों आयोग की रिपोर्ट न्यायालय में पेश की गयी। इससे सरकार और विधानसभा की भूमिका संदेहास्पद हो जाती है।

# केरेडारी में उग्रवादियों का उत्पात, कोयला ढुलाई में लगी पांच हाइवा में की आगजनी

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले में एक बार फिर उग्रवादियों का उत्पात देखने को मिला है। यहां केरेडारी थाना क्षेत्र के केरेडारी-टंडवा मुख्य मार्ग पर स्थित डाम्भाबागी में सोमवार की देर रात करीब दो बजे हथियारबंद उग्रवादियों ने केरेडारी एनटीपीसी खनन माइंस से कोयला ढुलाई में लगी पीएनएम कंपनी के पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया। जिन पांच हाइवा में आगजनी की गयी है, उसमें तीन ओडिशा और दो हजारीबाग के नंबर हैं। इस आगजनी की घटना में पांचों वाहनों की केबिन और इंजन जलकर राख हो गयी है। हथियारबंद उग्रवादियों ने भय उत्पन्न करने के लिए एक वाहन में दो-तीन राउंड फायरिंग भी की है। हालांकि इस घटना को उग्रवादियों ने अंजाम दिया है या फिर अपराधियों ने पुलिस दोनों पहलुओं की जांच कर रही है। लेकिन इस घटना को टीपीसी उग्रवादी संगठन द्वारा अंजाम देने की बात सामने आ रही है।

### पुलिस ने घटनास्थल से खोखा किया बरामद

घटना के संबंध में बताया ड्राइवर ने बताया कि देर रात करीब रात 2।30 बजे एक दर्जन से अधिक संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये और हाइवा चालकों के साथ मारपीट की। इसके बाद दहशत फैलाने के लिए पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और हाइवा में लगी आग को बुझाया। मौके पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी कुलदीप कुमार और इंस्पेक्टर अनिल कुमार भी पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। सूचना है कि पुलिस की घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। बता दें कि चार दिन पहले भी हथियारबंद अपराधियों ने एक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के कार्यालय में घुसकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था।

## पीएम मोदी के लिए रांची से मंगवाया गया है यह स्पेशल कार, इसी पर सवार होकर लोगों का करेंगे अभिवादन




**हजारीबाग, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी 2 अक्टूबर को हजारीबाग में रहेंगे। जहां वे विनोबा भावे विश्व विद्यालय से कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद वे मटवारी मैदान के लिए रवाना होंगे और बीजेपी की परिवर्तन रैली को संबोधित करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से हजारीबाग के लिए रवाना होंगे। इसके बाद एक खास कार से विवि जाएंगे। यह वाहन बुलेटप्रुफ होगा।

प्रधानमंत्री के काफिले में तीन स्पेशल गाड़ियां होगी। एक वाहन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सवार होंगे। इसी वाहन से नरेंद्र मोदी हेलीपैड से विभावि सभा स्थल जायेंगे। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन रांची से रोड शो के लिए एक सुजकी कंपनी का स्पेशल वाहन मंगाया है। सूत्रों की मानें तो पीएम इसी गाड़ी से मटवारी गांधी मैदान सभा स्थल का चक्कर लगा लोगों का अभिवादन करेंगे। यह वाहन पांच सीट का है।

जिला परिषद चौक से मटवारी गांधी मैदान चौक तक बैरिकेडिंग की जा रही है। दो अक्टूबर को विशेष ट्रैफिक व्यवस्था शहर में रहेगी। दो अक्टूबर की सुबह से ही शहर के प्रवेश मार्गों पर ट्रैफिक के कड़े इंतजाम रहेंगे। शहर की सड़कों पर छोटी और बड़ी सवारी वाहनों पर रोक रहेगी। रांची की ओर से आने वाले सवारी वाहन भारत माता चौक फोर लेन बाइपास से निकलेंगे। पटना से आनेवाले वाहन नगंवा टोल प्लाजा से बाइपास होते हुए गुजरेंगे।

इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी के आगमन रूट से अतिक्रमण हटाया गया। मटवारी गांधी मैदान के दोनों ओर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, पीटीसी, नया समाहरणालय सहित कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया।

# रिटायरमेंट के बाद नियुक्ति पर किसी तरह की आपत्ति नहीं उठाई जा सकती, झारखंड हाईकोर्ट का फैसला




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति सेवानिवृत्ति के बाद नहीं उठाई जा सकती। हालांकि, अगर आपत्ति सेवा में रहते हुए की गई हो और जारी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान वह सेवानिवृत्त हो जाता है तो उसके मामले में सुनवाई की जा सकेगी।

इसके साथ ही जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने प्रार्थी को संशोधित वेतनमान का लाभ और अन्य बकाया भुगतान का निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। इस संबंध में फूलचंद ठाकुर ने याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि उसकी नियुक्ति एक अगस्त 1975 में एसपी कालेज, दुमका में शाषी निकाय ने टाइपिस्ट के पद पर की थी।

31 वर्ष तक कालेज में काम करने के बाद वह 31 दिसंबर 2006 को सेवानिवृत्त हो गए। सेवा के दौरान उन्हें कालेज के एक प्रस्ताव के माध्यम से लाइब्रेरी सहायक के पद पर समायोजित किया गया था, क्योंकि टाइपिस्ट के लिए कोई पद स्वीकृत नहीं था।

उनका वेतन एक अप्रैल 1981 से प्रभावी चौथे वेतन संशोधन के अनुसार तय किया गया था और सेवानिवृत्ति तक उसी वेतनमान के आधार पर वेतन मिलता रहा। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड सरकार ने पांचवें और छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार घटक कालेजों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए वेतनमान संशोधित किए हैं, जो क्रमशः एक जनवरी 1996 और एक जनवरी 2006 से प्रभावी हैं। इन अवधियों के लिए कर्मचारियों के वेतन संशोधन की कालेज द्वारा अनुशंसा की गई और अनुमोदन के लिए उच्च शिक्षा विभाग को भेजा गया।

अनुशंसा के बावजूद उच्च शिक्षा विभाग ने स्वीकृत वेतन निर्धारण चार्ट में प्रार्थी का नाम शामिल नहीं किया। इस कारण प्रार्थी का वेतन और पेंशन पांचवें और छठे वेतन आयोग के अनुसार संशोधित नहीं किया गया और उसे चौथे वेतन आयोग के आधार पर पेंशन मिलती रही। इसके बाद कर्मचारी ने वर्ष 2015 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने वेतन निर्धारण का आग्रह किया।

इस पर अदालत ने प्रतिवादी अधिकारियों को उसके अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय ने कर्मचारी के संशोधित वेतन निर्धारण को राज्य सरकार को भेज दिया, लेकिन राज्य ने कर्मचारी की नियुक्ति के लिए स्वीकृत पद की नहीं रहने का हवाला देते हुए तीन मई 2019 को वेतन निर्धारण से इन्कार कर दिया।

प्रार्थी ने वर्ष 2021 में फिर हाईकोर्ट में याचिका दायर की और राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देते हुए वेतन निर्धारण और अन्य लाभ देने का आग्रह किया। सुनवाई के बाद अदालत ने सरकार के आदेश को रद्द कर दिया और प्रार्थी का वेतन निर्धारण का आदेश सरकार को दिया। अदालत ने माना कि प्रार्थी इसका हकदार था।

## कांटाटोली फ्लाइओवर का उदघाटन 4 अक्टूबर को, सीएम हेमंत सोरेन 2500 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास



**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार तीन और चार अक्तूबर को राजधानी को दो तोहफे देगी। मुख्यमंत्री तीन अक्तूबर को कांके के सुकुरहुटू में तैयार ट्रांसपोर्ट नगर के फेज-1 और चार अक्तूबर को कांटाटोली फ्लाइओवर का उद्घाटन करेंगे। तीन अक्तूबर को ही मुख्यमंत्री सुकुरहुटू के आइटीबीपी कैंप के पास आयोजित समारोह में टांसपोर्ट नगर के फेज-2 का शिलान्यास भी करेंगे।

बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर का फेज-1 और कांटाटोली फ्लाइओवर लगभग तैयार हैं। उद्घाटन के बाद दोनों जगहों को चलायमान कर दिया जायेगा। कांटाटोली फ्लाइओवर में रैंप का निर्माण बाद में किया जायेगा। फ्लाइओवर पर खादगढ़ा बस स्टैंड के पास नामकुम की ओर जाने के लिए और उसके सामने पेट्रोल पंप के पास लालपुर जाने के लिए रैंप का निर्माण किया जाना शेष है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पथ निर्माण विभाग की करीब 2500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। चार अक्तूबर को इन परियोजनाओं के शिलान्यास व उदघाटन का कार्यक्रम है। राजधानी के लिए हरमू (सहजानंद चौक से जज कॉलोनी) फ्लाइओवर, बहुबाजार कनेक्टिंग फ्लाइओवर और धनबाद के मटकुरिया फ्लाइओवर का शिलान्यास किया जायेगा। हरमू फ्लाइओवर का अभी टेंडर निकला हुआ है। इसे फाइनल करना है। वहीं, कनेक्टिंग फ्लाइओवर का टेंडर लगभग फाइनल हो गया है। मटकुरिया फ्लाइओवर का निर्माण वहां के लोगों की मांग पर की जा रही है।

## एसबीयू में वर्ल्ड फार्मेसी डे पर कार्यक्रम आयोजित

**रांची, एजेंसी।** मंगलवार को एसबीयू के फार्मेसी विभाग द्वारा वर्ल्ड फार्मेसी डे के अवसर पर आयोजित मीटिंग ग्लोबल हेल्थ नीड्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू ) के महानिदेशक प्रो। गोपाल पाठक ने कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में उपयुक्त जानकारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सरला बिरला विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के अलावा इस दिशा में सराहनीय पहल हो रही है और हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। फार्माकोजेनोमिक्स और फार्मेसी की भूमिका के विषय में भी उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बीआईटी मेसरा के फार्मेसी विभाग की प्रमुख डॉ। पापिया मित्रा मजूमदार, एफडीए के संयुक्त निदेशक सुमंत कुमार तिवारी समेत सहायक निदेशक रामकुमार झा ने भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1945 के विषय में विस्तार से बताया। डॉ। पापिया ने फार्मेसी के क्षेत्र में अवसरों और रिसर्च की जानकारी दी। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति की गई। संचालन डॉ। शुभ्रजीत मंत्री और धन्यवाद भाषण निशा सिंह ने दिया। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी, डॉ। शैलेश नारायण, सबिता कुमारी, पल्लवी रानी, अंजलि मिश्रा समेत विवि के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित हुए।

## जब चुनाव आया तो प्रधानमंत्री को आदिवासी याद आने लगे : सुप्रियो भट्टाचार्य




**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री बुधवार को 15 दिनों के बाद फिर झारखंड के दौरे पर आ रहे है। प्रधानमंत्री का हजारीबाग में कार्यक्रम है। जो प्रधानमंत्री के कार्यालय के सूचना आयी है कि एकलव्य विद्यालय के संबंध में कुछ घोषनाएं है। साथ ही जनजाति ग्रामीण उन्नयन के लिए भी कुछ घोषणा है।

भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव जैसे ही सामने आ गया है वैसे प्रधानमंत्री को आदिवासी बहुत याद आ रहा है। राष्ट्रपति को चुनाव का एक तंत्र बनाकर उनका भी नाम लिया जाता है। आदिवासियों के प्रति उनका जो प्यार उमड़ा है। 2014 से लेकर जब से वह प्रधानमंत्री बने है। जो झारखंड का बकाया राशि है वह राशि हमे दे देते।

उन्होंने कहा कि गांव, देहात, शहर के अंतिम पायदान पर खड़े हमारी बहनों, माताओं, किसानों, युवाओं को हमारे हेमंत सरकार ने 2019 के बाद जो योजनाएं चलायी है। हर प्रकार की योजनाएं चाहे वह छात्रों के लिए हो, महिलाओं के लिए हो, शिक्षा के लिए हो, स्वास्थ्य के लिए हो, मजदूरों के लिए हो उन योजनाओं को चलाने में हमें आसानी हो जाती। एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये यह कम नहीं होता। कई राज्यों का वार्षिक बजट से भी ज्यादा है। यह बकाया है। उन्होंने कहा कि हमने इस राज्य को संघर्ष और बलिदान पर लिया है। हमको हमारा हक और अधिकार दीजिए।

## झारखंड में सीटों के लिए साथ बैठेंगे इंडिया के नेता, सीएम हेमंत सोरेन से मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन में जल्द ही सीटों पर तालमेल होगा। इसके लिए गठबंधन के घटक दल के नेता एक साथ बैठेंगे। पहले प्रदेश स्तर पर और इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं के बीच बैठक होगी। सीटों के तालमेल और सरकार के कार्यों व योजनाओं को लेकर कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई मुलाकात में राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन, जनहित से जुड़े मुद्दों और राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

कांग्रेस प्रभारी ने मुख्यमंत्री से कहा कि 2019 चुनाव के घोषणा पत्र में जो कुछ छूट रहा है, उसे भी पूरा करने की दिशा में कार्रवाई की जाए, ताकि जनता के बीच हम सिर उठा कर जा सकें। सरकार ने घोषणा पत्र से ज्यादा कई मामलों में आगे बढ़ कर कार्य किया है, लेकिन जो कुछ भी नहीं हो सका है, उसे पूरा कर सकें। इसके अलावा 2024 के चुनाव के लिए घोषणापत्र पर भी आपस में चर्चा की जा सकती है। अलग-अलग घोषणा पत्र में कोई विरोधाभाष न हो।

# कोडरमा-राजगीर रूट पर कब से शुरू होगा ट्रेनों का परिचालन? डीआरएम ने दे दी जानकारी




**झुमरीतिलैया, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने मंगलवार को निर्माणाधीन कोडरमा-तिलैया-राजगीर रेल लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जमुदा स्टेशन और पहाड़ियों के बीच बन रही सुरंगों का जायजा लिया और निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया। डीआरएम ने मार्च 2025 तक सभी सुरंगों का निर्माण पूरा करने और पहाड़ों के बीच से रेलवे ट्रैक बिछाने का निर्देश दिया।

डीआरएम सिन्हा के साथ सहायक अभियंता प्रवीण भी निरीक्षण में उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने बताया कि इस रेलखंड पर चार सुरंगों और सात बड़े पुलों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इनमें से 350 मीटर, 305 मीटर, 255 मीटर और 250 मीटर की सुरंगें बन रही हैं। इन सुरंगों पर तेजी से काम चल रहा है और दिसंबर तक सभी पुलों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने बताया कि इस रेलखंड के चालू होने से न केवल यात्री ट्रेनें चलेंगी, बल्कि कोयला परिवहन में भी बड़ी सहूलियत होगी। बानादाह से एनटीपीसी बाढ़ तक कोयले से लदी 15 मालगाड़ियां आसानी से आ-जा सकेंगी। इससे इस क्षेत्र के व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यात्री गाड़ियों का भी परिचालन शुरू होगा, जिससे झारखंड और बिहार के बीच यात्रा सुगम हो जाएगी।जानकारी के अनुसार तिलैया-राजगीर रेलखंड पहले से ही चालू है और अब तिलैया से कोडरमा को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। तिलैया से खरौंद स्टेशन तक 24 किलोमीटर की रेल लाइन का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि झराही स्टेशन से 17 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक बिछाया जा चुका है। अब 23 किलोमीटर का काम बाकी है, जिसमें जंगलों और पहाड़ों के बीच से गुजरने वाली रेल लाइन का निर्माण शामिल है। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच से गुजरेगा रेलमार्ग इस रेलखंड का सबसे आकर्षक हिस्सा घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच से गुजरना होगा। डीआरएम सिन्हा ने बताया कि यह रेलमार्ग पर्यटकों के लिए भी बेहद आकर्षक साबित होगा, क्योंकि राजगीर, नालंदा, पावापुरी, ककोलत जैसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल इस रेलखंड से सीधे जुड़ जाएंगे। झारखंड और पश्चिम बंगाल से आने वाले पर्यटकों के लिए यह मार्ग यात्रा को और भी आनंदमय बना देगा।

राजगीर-कोडरमा भाया तिलैया रेलखंड की परियोजना को 2004 में मंजूरी मिली थी, लेकिन भूमि अधिग्रहण, किसानों के मुआवजे और वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में काफी समय लग गया। अब सभी अड़चनें दूर कर दी गई हैं और काम चार फेज में तेजी से पूरा किया जा रहा है। वर्ष 2025 तक ट्रेनों का परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# बेकाबू हो सकता है युद्ध

लेबनान में शुक्रवार को हुए इस्राइली हमले में हसन नसरल्लाह का मारा जाना हिज्बुल्ला के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। इस्राइली सेना और नेतन्याहू सरकार के लिए यह उतनी ही बड़ी कामयाबी है। अफसोस की बात यह है कि इस कथित झटके या कामयाबी के बाद भी इस क्षेत्र में शांति की संभावना मजबूत नहीं हुई है। इसके उलट संघर्ष के बेकाबू होने का खतरा बढ़ गया है। पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से हिज्बुल्ला का नेतृत्व कर रहा नसरल्लाह मध्यपूर्व के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शुमार किया जाता था। उसकी कमी की जल्द भरपाई होना मुश्किल है। मगर हिज्बुल्ला के लिए यह इकलौता झटका नहीं है। हाल के हमलों में उसके एक दर्जन से ज्यादा टॉप के कमांडर मारे जा चुके हैं। बहुचर्चित पेजर और वॉकी टॉकी हमलों ने उसके इंटरनल कम्युनिकेशन सिस्टम को भी लगभग खत्म कर दिया है। ऐसे में खुद को समेटकर इस्राइल पर दोबारा वैसा ही हमला करना हिज्बुल्ला के लिए काफी मुश्किल होगा। ताजा झटका कितना भी बड़ा हो, यह समझना गलत होगा कि इससे हिज्बुल्ला इस्राइल के सामने समर्पण कर देगा। पिछले कुछ दशकों में हिज्बुल्ला दुनिया का सबसे ताकतवर नॉन स्टेट एक्टर बन चुका है। उसके पास 1,50,000 से अधिक रॉकेट और मिसाइलें बताई जाती हैं। उसकी सैन्य ताकत किसी मिडल साइज के देश के बराबर मानी जाती है। हिज्बुल्ला ने कहा भी है कि वह इस्राइल के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा। कुछ समय पहले तक 12 देशों की ओर से प्रस्तावित युद्धविराम को लेकर जो भी बची-खुची उम्मीद थी, वह अब समाप्त हो गई है। ताजा कामयाबी ने इस्राइल का उत्साह और बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हिज्बुल्ला की मिसाइलों का खतरा समाप्त करने के बाद इस्राइल अपने सैनिकों को लेबनान में घुसने का आदेश देता है। अगर ऐसा हुआ तो यह एक और लंबी लड़ाई की शुरुआत साबित हो सकती है। निगाहें ईरान पर भी टिकी हैं। वह पहले से नाराज है। तेहरान के एक गेस्टहाउस में हमास नेता इस्माइल हानिये की मौत का बदला भी उसे लेना है। नसरल्लाह की मौत उसके लिए भी झटका है। देखने वाली बात यह है कि उसकी प्रतिक्रिया कितनी और कैसी होती है। जहां तक भारत की बात है तो बाकी पूरी दुनिया की तरह वह भी यही चाहेगा।

## हिमाचल में सड़क किनारे कारोबार पर रार

कुछ राजनेता सार्वजनिक बयान देते वक्त शायद ध्यान नहीं रख पाते कि किसी मसले पर उनकी सरकार और पार्टी का क्या रुख है। इसलिए अक्सर वे विवाद के घेरे में आ जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के लोक कल्याण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का सड़क किनारे कारोबार करने वालों के लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता संबंधी बयान भी कुछ ऐसा ही था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हिमाचल में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सड़क पर कारोबार करने वालों के लिए दुकान के सामने अपना नाम और पहचान लिखना अनिवार्य किया जाएगा। सरकार ने अपने ही मंत्री के बयान का कर दिया खंडन। इस बयान पर हिमाचल प्रदेश सरकार सतर्क हुई और उसने अपने मंत्री के बयान का खंडन करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं किया है। इस बयान पर विक्रमादित्य सिंह को केंद्रीय नेताओं की नसीहत भी सुननी पड़ी। हालांकि उन्होंने अपने बयान के बारे में सफाई दे दी है, मगर इससे कांग्रेस को असहज होना पड़ा है। कांवड़ यात्रा के समय जब उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया था कि यात्रा मार्ग के सभी दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखना होगा, तब कांग्रेस ने उसका पुरजोर विरोध किया था। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को वह आदेश वापस लेना पड़ा था। विक्रमादित्य सिंह ने उस प्रकरण से कोई सबक लेना शायद जरूरी नहीं समझा। इसके अलावा उन्होंने वक्त की नजाकत भी नहीं समझी। उनका बयान ऐसे समय में आया, जब हिमाचल प्रदेश के शिमला और मंडी समेत कई जगहों पर मस्जिदों के लिए कथित रूप से अवैध रूप से जमीन कब्जा करने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इसी संदर्भ में मांग उठी थी कि बाहर से आने वाले मजदूरों और सड़क किनारे कारोबार करने वालों का पंजीकरण होना चाहिए। इसे लेकर राज्य सरकार ने एक समिति भी गठित की है, जिसे उन्होंने सरकार और समिति के सामने रखने के बजाय सार्वजनिक मंच पर साझा कर दिया। यों भी एक परिपक्व नेता से अपेक्षा की जाती है कि जब तक वह किसी मसले पर अंतिम निर्णय न ले ले और सरकार उसे स्वीकार न कर ले, तब तक उस पर बयानबाजी से बचने का प्रयास करे। दरअसल, सड़क किनारे या बाजारों में दुकान चलाने वालों के पंजीकरण, पहचान प्रदर्शित करने आदि को लेकर कुछ संवैधानिक प्रावधान हैं।

# गांधी गाथा से गुजरते हुए

*बीती 28 जुलाई को विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में थे। वहां के फ्रीडम पार्क में उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। अगर गांधी नई पीढ़ी को नहीं लुभा रहे होते, तो भला एक जापानी मेयर को क्या पड़ी थी कि वह बापू के गुजरने के दशकों बाद उनकी प्रतिमा की स्थापना टोक्यो में करवाए सदी बदल गई।*

**(शशि शेखर)**

हम उस वक्त एक खूबसूरत संध्या से गुजर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका में अक्तूबर की शामें वसंत में नहायी होती हैं, लेकिन पंचतारा होटल के उस रोशन हॉल में विचारों की गुनगुनाहट तैर रही थी। हमारे बीच अहमद कथराडा थे। उनके विचार आंदोलन की आंच में पककर परिपक्व हुए थे। हम लोग पूरे उतावलेपन के साथ उनसे दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों की स्थिति, नव-स्थापित लोकतंत्र और मोहनदास करमचंद गांधी के शुरुआती आंदोलनों को जानने की कोशिश कर रहे थे। उन्हीं लम्हों में मैंने कथराडा से पूछा था कि गांधी को दक्षिण अफ्रीका में गाहे-बगाहे विरोध क्यों झेलना पड़ता है क्या लोग उन्हें दक्षिण अफ्रीका का दोस्त नहीं मानते उनका जवाब गौरतलब था- गांधी को कहां विरोध का सामना नहीं करना पड़ा उन पर जीते-जी हमले हुए और अब गुजरने के इतने बरस बाद अगर लोग उनके विरोध के नाम पर मशहूरियत पाते हैं, तो साफ है कि गांधी आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा था, भूलिए मत, जैसे-जैसे उनका विरोध होगा, वैसे-वैसे नई पीढ़ी उनके बारे में उत्सुक होगी। वे उनके बारे में जब भी, जितना भी जानेंगे, उतना सीखेंगे। कितनी सही बात कह गए थे कथराडा! जो नहीं जानते, उन्हें बताने में हर्ज नहीं कि अहमद कथराडा को उन दिनों नेल्सन मंडेला का उत्तराधिकारी माना जाता था। पीटर बोथा की रंगभेदी सरकार के पतन के बाद मंडेला ने उन्हें अपना संसदीय सचिव नियुक्त किया था। कथराडा ने मंडेला के साथ जेल काटी थी और वह उनके विश्वस्त थे। भारतीय गुजराती बोहरा मूल का होने के कारण कथराडा राष्ट्रपति भले न बन सके, मगर जीवन भर अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता में कमी नहीं आई। उस दिन एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह भी कहा था कि गांधी ने ही हमें सिविल नाफरमानी सिखाई। मैं भी पहली बार अवज्ञा आंदोलन के आरोप में गिरफ्तार हुआ था। बरसों बीत गए। कथराडा की बातें आज भी उस वक्त दिमाग में घंटियां बजा उठती हैं, जब हम गांधी के बारे में अनर्गल प्रलाप सुनने को अभिशप्त होते हैं। अगले हफ्ते बापू की जयंती है। आपने पता नहीं ध्यान दिया या नहीं, पिछले कुछ वर्षों से गांधी जयंती के दिन सोशल मीडिया में एक जुमला 'टॉप ट्रेंड' कराया जाता है- नाथूराम गोडसे अमर रहें। ग्लानि के उन गर्हित लम्हों में हमेशा मुझे कथराडा याद आते हैं। वह सही थे, गांधी की यह शक्ति है और यही तत्व उन्हें अमरत्व प्रदान करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अगर नाथूराम गोडसे ने गांधी की हत्या नहीं की होती, तो आज उसे कोई जानता तक नहीं। उसका अकेला कारनामा राष्ट्रपिता के खून से हाथ धोना था। इसके उलट अगर 30 जनवरी, 1948 की उस अभागी शाम को गांधी किसी अन्य वजह से चल बसे होते, तब भी वह अपने 78 वर्षीय जीवन में इतना कुछ कर चुके थे कि सदियों तक उन्हें भुला पाना संभव नहीं होगा। यह अकारण नहीं है कि जब कोई शीर्ष राजनेता भारत आता है अथवा हमारे सत्तानायक परदेस जाते हैं, तो गांधी को नमन करना नहीं भूलते। पिछले ही महीने की तो बात है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद महत्वपूर्ण यात्रा पर यूक्रेन गए थे। वहां 'पीस पार्क' में उन्होंने मोहनदास करमचंद गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और ट्वीट किया- बापू के आदर्श सार्वभौमिक हैं और वे लाखों लोगों को उम्मीद देते हैं। हम सब उनके दिखाए मानवता के मार्ग का अनुसरण करें। मोदी खुद इस उम्मीद से कीव गए थे कि तीसरे हत्यारे वर्ष में प्रवेश करती रूस और यूक्रेन की जंग थम सके। आज विश्व के तमाम नेता भारत की ओर इस उम्मीद से क्यों देख रहे हैं उनके मन में यकीनन यह ख्याल आता होगा कि गांधी के देश-प्रदेश से आया मोदी जैसा शख्स ही ऐसा करा सकता है। ब्रांड गांधी आज भी भारत की सबसे मजबूत नुमाइंदगी करता है। इसका एक और उदाहरण देता हूं। बीती 28 जुलाई को विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में थे। वहां के फ्रीडम पार्क में उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। अगर गांधी नई पीढ़ी को नहीं लुभा रहे होते, तो भला एक जापानी मेयर को क्या पड़ी थी कि वह बापू के गुजरने के दशकों बाद उनकी प्रतिमा की स्थापना टोक्यो में करवाए सदी बदल गई, पर गांधी आज भी शांति, स्वतंत्रता और समानता के प्रतीक हैं। यही वजह है कि बांग्लादेश में पिछले दिनों जब हिंदुओं पर कहर बरपा हुआ, तो वहां के सुधी जनों ने गांधी का ही स्मरण किया। बंगालियों की यादों में बापू का खास मुकाम है। आजादी से कुछ महीने पहले भड़के दंगों में सर्वाधिक झुलसने वाली जगहों में नोआखाली भी था। वहां सदियों से साथ रह रहे लोग एक-दूसरे के प्राणों के दुश्मन बन गए थे। वह साल 1946 की 7 नवंबर थी, जब गांधी वहां अमन का पैगाम लेकर पहुंचे। वह नंगे पांव गांव-दर-गांव नापते। लोगों के आंसू पोंछते। यह उन्हीं का जादू था कि बाद में मुसलमानों ने क्षतिग्रस्त मंदिरों के पुनर्निर्माण में शिरकत की। महान वैज्ञानिक न्यूटन ने कहा था- हर क्रिया की समान व विपरीत प्रतिक्रिया होती है। बापू इसके अपवाद न थे। उनके शांति प्रयासों को कुछ लोगों ने उलटे भाव से लिया, लेकिन गांधी विपरीत धाराओं को अनुकूल बनाना जानते थे। कैसे इस घटना पर गौर फरमा देखें। आजादी से दो दिन पहले वह कलकत्ता पहुंचे थे। वहां नाराज भीड़ ने उन्हें घेर लिया। नारे लग रहे थे- गांधी वापस जाओ। उस समय गांधी ने जो कहा, उसे इतिहास ने अपने दिल में दर्ज कर लिया। आप भी सुनें- 'मैं यहां हिंदुओं और मुसलमानों की एक समान सेवा करने आया हूं। अपनी सुरक्षा मैं आपके हवाले करता हूं। मेरा विरोध करने के लिए आपका स्वागत है... मैं अपनी जीवन-यात्रा के आखिरी हिस्से में हूं... लेकिन अगर आप फिर से पागल हुए, तो मैं उसका साक्षी बनने के लिए जीवित नहीं रहूंगा।' उनकी कोशिशों ने कलकत्ता को बचा लिया और गदगद भाव से अखबारों ने उन्हें 'वन मैन आर्मी' के खिताब से नवाजा था। एक तरफ बांग्लादेश में गांधी इस ऐतिहासिक अवदान के लिए याद किए जा रहे थे, तो भारत में कुछ हफ्ते पहले इसका उल्टा हो रहा था। पिछली 19 मई को ग्वालियर में गोडसे की जयंती मनाई गई और कुछ लोगों ने उसकी तस्वीर की आरती उतारी। इस आयोजन के चित्र अखबारों में छपे। पता नहीं, यह वक्त का विद्रूप है या फिर कुछ लोगों का अपनी दुकान चलाने का उपक्रम चाहे जो हो, पर यह सच है कि इंसानियत असत्य के अंधेरों में भटकने के बावजूद सत्य की अनथक तलाश का दूसरा नाम है। कथराडा की तरह मुझे भी गांधी की अजरता में कोई संदेह नहीं।

# वीभत्य दृश्यों के साथ गूंजती विश्व युध्द टंकार

**(डां. रवीन्द्र अरजरिया)**

तृतीय विश्व युध्द के दरवाजे पर दस्तक हो चुकी है। विशेष सम्प्रदाय का राज्य, वर्चस्व की स्थापना और सीमाओं के विस्तार को लेकर जंग का माहौल बन चुका है। आतंकी गिरोहों को तैयार करके सम्प्रदायिकता का परचम फहराने वाले राष्ट्रों अपने मंसूबे जाहिर कर दिये हैं। उन्होंने हमास के कन्धे पर हाथ रखकर निरीह लोगों को मौत के घाट उतारा, अबलाओं की अस्मिता लूटी और आम आवाम का अपहरण किया। भयाक्रान्त करके अपनी शर्तें मनवाने के लिए किया गया यह दुष्कृत्य उसके ही गले की फांसी बन गया। प्रतिशोध की ज्वाला ने गाजा को जलाना शुरू कर दिया। हमास ने अपने गैरमानवीयता वाले षडयंत्र पर मानवता की दुहाई देना शुरू कर दी। मासूमों के मदरसों, यतीमों के यतीमखानों, बीमारों के अस्पतालों, इबादत वाली मस्जिदों जैसे संवेदनशील जगहों के नीचे हमास की सुरंगें बदस्तूर इजराइल पर जबाबी कार्यवाही करके जुल्म का रोना रोता रहा। फिलिस्तीन के लोगों ने अपने मासूमों को लाशों में बदलना कुबूल किया परन्तु हमास के जल्लादों को बेनकाब नहीं किया। खण्डहर होती इमारतों में तडफते लोगों का मंजर किसी वीभत्स दृश्य की करुण कहानी कहते रहे मगर कट्टरता का पाठ सांसों की कीमत पर ही रटाया जाता रहा। हमास के पास इतना पैसा कहां से आया कि वह हजारों किलोमीटर लम्बी सुरक्षित और आधुनिक संसाधनों से युक्त सुरंगें बना सका। मिसाइलों, गोलों, राकेट लांचरों, मशीनगनों जैसे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद हेतु धनराशि के अलावा अवैध डील करने के सम्पर्क कहां से आये। अन्तर्राष्ट्रीयस्तर पर पहचान बनाने की नवीनतम तकनीक कहां से आई। इन जैसे सभी सवालों का एक ही जबाब है कि साम्प्रदायिक एकता के नारे तले कट्टरता का बुलंद होता इकबाल। यह सब एक ही दिन में नहीं हुआ। जनसंख्या के विस्तार के साथ ही समूची दुनिया पर कब्जा करने की नियत ने भी विकास पाया। आवश्यकता से अधिक की आय ने खुराफाती जुमले इजाद करना शुरू कर दिये। कहीं तेल की इफरात कमाई तो कहीं फितरा का हिस्सा। कहीं जकात का पैसा तो कहीं मजहबी मजलिसों के नाम पर बक्शीस। कट्टरता के नाम पर लोगों के दिमाग में जिस्म के बाद की दुनिया का तिलिस्म पैदा किया गया। इंसानियत का ब्रेनवाश करने के बाद उन जुनूनी जमातों को जेहाद की जमीन पर जंग के लिए उतार दिया गया। धीरे-धीरे इस जहर को खून में शामिल करने के बाद जगह-जगह इनके अड्डे बनाये गये जहां से दुनिया को अपनी जद में लिया जा सके। हमास की जेहादी सोच पर जब इजराइल ने हमला किया तो हिजबुल्लाह ने चौधरी बनकर धमकाना शुरू किया। जब हिजबुल्लाह के अड्डे नस्तनाबूत होने लगे तो हूती ने हमलों की कमान सम्हाली। हमास, हिजबुल्लाह और हूती के बाद दुनिया के नौ आंतकी संगठन अब अपनी बारी के लिए अंधेरी कोठरी में दुबके बैठे आकाओं की ओर देख रहे हैं। वहां से हरी झंडी मिलते ही एक-एक करके वे इस जंग में कूद जायेंगे। लेबनान के बाद ईरान, ईराक, कतर, यमन, सीरिया, तुर्की, पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानस्तान के लडाके अपनी जेहादी तैयारियों में जुट गये हैं। आतंकी संगठनों के नाम पर अनेक देशों की सेना के जवान, सिक्यूरिटी कमाण्डो, सुरक्षाबल के सैनिक भी वर्दी उतार कर दुनिया फतह करने निकल पडेंगे। ऐसे में वे देश भी नहीं बचेंगे जिन्होंने अपने लाभ के लिए जल्लादों के हाथों में अस्तुरे बेचे हैं। गवाही है कि अमेरिका के पैदा किये आतंकियों ने उसे भी नहीं बक्सा था। हथियारों के सौदागरों ने अपने खूनी कारोबारों को चमकाने के लिए निरीह लोगों को निशाना बनाने वालों की पर्दे के पीछे से मदद की है। उनका मानना था कि वे इन जालिमों का उपयोग करके पैसा भी कमायेंगे और अपने दुश्मनों को नस्तनाबूत करने में भी सफल हो जायेंगे। प्रतियोत्तर में दुश्मनों ने भी उनके लिए ऐसे ही बंदोबस्त पहले से ही कर रखे थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5510

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5509

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## वर्ग पहेली 5510

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1828 को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रसिद्ध वीरांगना का जन्म हुआ था (6)
7. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
8. वश में होने वाला (4)
10. संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार, तानने की क्रिया (2)
11. मुक्ति, छुटवारा (3)
13. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित उपन्यास, निर्मला के बाद यह उनका दूसरा यथार्थवादी उपन्यास है (3)
14. चंद्रमास के दो बराबर भागों में से एक, पंख, डैना (2)
16. ईशदूत, रसूल, पैगम्बर (2)
17. रामानुज जिनका विवाह कुशध्वज की कन्या मांडवी के साथ हुआ था (3)
18. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
19. पराजित, हारा हुआ (3)
20. नौका, किश्ती (2)
21. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. यह संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति है (8)
2. इस वृक्ष की छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
3. बेल (2)
4. बड़वानी से करीब 8 किमी दूर जैन धर्म के मानने वालों का एक तीर्थस्थल (5)
5. ईश्वर, भगवान, प्रभु (2)
6. प्रवेश, दाखिला, भराव, भराई (2)
9. देश भक्त, वतन से मुहब्बत करने वाला, राष्ट्र को सर्वोत्तम जानने वाला (6)
12. सच्चा, विश्वसनीय (5)
15. घायल, क्षतिग्रस्त, खंडित (2)
17. भरे होने का भाव (3)
19. कच्चे आम या इमली का बना हुआ खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)

### वर्ग पहेली 5509 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | पु | र | | | य | दि |
| रू | म | | ज | य | कि | श | न |
| र | क | मी | | म | ना | | |
| त | | ना | | ज | रा | सं | ध |
| | अं | कु | श | | | जी | न |
| न | ग | मा | | | जा | व | क |
| वा | | री | ता | | पा | नी | |
| ब | री | | न | य | न | | |

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और धीरे-धीरे भाग्य आपका साथ देगा। आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी और कारोबार से जुड़े कष्ट से मुक्ति मिलेगी और समस्याएं दूर होंगी। आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आज सकारणीय दूर की यात्रा भी हो सकती है। छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है।

### वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके घर में किसी किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है और इसके आर्थिक स्वरूप को लेकर बात हो सकती है। जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करनी चाहिए।

### कर्क

आज दिन आनंद से भरा होगा। आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी तरक्की को देखकर ऑफिस में सहयोगियों को आपसे जलन होगी। यहां तक कि आपकी अपनी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने के लिए आपको दोगुना मेहनत करने की जरूरत है। आपको लाभ होगा।

### सिंह

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी चिंताएं दूर होंगी। आपके करियर में तरक्की के योग हैं और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज भी वह चिन्ता आपको परेशान कर सकती है। आप परिवार के साथ कहीं स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं और इसमें आपको सफलता प्राप्त होगी।

### मिथुन

आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा और आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। बेहतर होगा कि इस वक्त आप किसी निवेश को लेकर जोखिम न लें।

### कन्या

आज का दिन बिना वजह की दौड़भाग करने में बीतेगा और आपको शाम में सफलता मिलने से थकान का अनुभव नहीं होगा। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको मिल सकते हैं और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।

### तुला

आज दिन शुभ नहीं है और आप बिना कारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। कुछ परेशानियां तो आपके स्वभाव के कारण बढ़ जाती हैं। आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने आ सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा और पुरानी योजनाओं में आपको लाभ होगा। आपको रुका धन मिलने से आपका मन खुश रहेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। रात के समय मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मिलेगा और उसमें आपका धन भी काफी खर्च हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा।

### मकर

आज आर्थिक लाभ होगा और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। ग्रह चाल भाग्य में वृद्धि होने से आपका दिन शुभ होगा। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कुंभ

आज उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ होगा। लाभ के सुअवसर आपको दिन भर प्राप्त होंगे। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सभी योजनाएं सफल होंगी।

### धनु

आज लाभ होगा और आपको अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें तो आपके लिए अच्छा होगा। नवीन योजनाओं में आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण हो जाएंगे। पुराने झगड़े और झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ और आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको प्रसन्नता होगी। आपके जीवन से विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी से रुपया उधार न लें वरना आपको वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता-गुरु की सेवा करें तो आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### पैसों का लेन-देन ही नहीं तो ईडी कैसे कर सकती है जांच: सिद्धरमैया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया एमयूडीए स्कैम को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। इस बीच उन्होंने मंगलवार को विवाद पर अपना रुख कड़ा करते हुए कहा है कि मैसूर में उनकी पत्नी पार्वती को उनकी जमीन के बदले में जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने सवाल उठाए हैं कि अगर पैसों का कोई लेन देन नहीं हुआ है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कैसे बन सकता है और प्रवर्तन निदेशालय इसकी जांच कैसे कर सकती है। सीएम ने कहा है कि ईडी द्वारा मामले की जांच करने की कोई गुंजाइश नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा है कि एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी के 3.16 एकड़ जमीन के बदले सिर्फ कंपनसेटरी जमीन दी गई थी। मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरी राय में अधिग्रहित जमीन के बदले में दिए गए प्लॉट मनी लॉन्ड्रिंग के तहत नहीं आते हैं।

### कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' का शानदार समापन हुआ


**मुंबई, एजेंसी।** दर्शकों को कुछ अभूतपूर्व स्टंट्स के उल्लेखनीय रोलरकोस्टर राइड पर घुमाने के बाद, कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी' ने करण वीर मेहरा को इस सीज़न के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ताज़ पहनाया। रोमांच के तूफान के बीच, करण वीर मेहरा ने मानवीय क्षमता की सीमाओं से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी ने क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप की पोजिशन हासिल की। अपराजित सफलता के एक्शन से भरपूर सफर को जारी रखते हुए, भारत के पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो ने एक बिल्कुल नया ट्विस्ट लेते हुए अपने 14वें सीज़न के सफर में यूरोपीय स्वर्ग, रोमानिया पहुंचा। इस खूबसूरत देश में शो का डेब्यू करके, डर के बैटलग्राउंड ने स्क्रिप्ट को पलटते हुए, ड्रीम डेस्टिनेशन को स्केयर-केशन में बदला दिया जिसने दर्शकों को नौ सप्ताह तक अपनी स्क्रीन से चिपकाए रखा। ऊंचाई से छलांग लगाने से लेकर पानी के अंदर संघर्ष करने तक, हर तरह के परिवहन साधन का इस्तेमाल डर के वाहन के रूप में किया गया, और प्रतियोगियों का पहली बार भालू से आमना-सामना हुआ। ब्लॉकबस्टर निर्देशकऔर लोकप्रिय टीवी होस्ट रोहित शेट्टी की मेज़बानी में, हुंडई की प्रस्तुति, पावर्ड बाय चार्ज्ड, स्पेशल पार्टनर्स इंडिका इजी हेयर कलर, विक्स एंड बर्जर पेंट्स, शो का 14वां सीज़न एक शानदार एक्शन के बाद समाप्त हो गया।

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के वर्ल्ड हार्ट डे मैराथन ने दिल की अच्छी सेहत की मुहिम को प्रोत्साहन दिया

**अहमदाबाद एजेंसी।** भारत में कार्डियक साइंसेज के सबसे बड़े और सबसे अनुभवी सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने 29 सितंबर, 2024 को विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में बड़े स्तर पर मैराथन का आयोजन किया। दिल की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा अंगदान के नेक कार्य में सहयोग देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मैराथन की तीन श्रेणियों – यानी 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की मैराथन दौड़ में 2,000 से अधिक लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। समुदाय को दिल की सेहत की परवाह करते हुए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना ही इस पहल का उद्देश्य था, ताकि सभी लोग दिल का ख्याल रखने के साझा लक्ष्य के साथ एकजुट हो सकें। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले मैराथन धावक श्री जगत करणी के साथ-साथ सुश्री नीता देसाई, आईपीएस, ट्रैफिक, अहमदाबाद, तथा श्री नीरव बारोट, पुलिस इंस्पेक्टर, अहमदाबाद भी उपस्थित थे। उनकी मौजूदगी ने इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ दिल की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा समुदाय को शारीरिक तंदुरुस्ती से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की सभी की सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया।

# लोकतंत्र या नोट तंत्र, पंजाब में सरपंच पद की 2 करोड़ में नीलामी; चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
पंजाब में ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं। इस बीच, गुरदासपुर जिले के एक गांव में सरपंच पद के लिए हुई नीलामी में 2 करोड़ रुपए की बोली लगी है। इसकी खबर मिलते ही राज्य चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है। आयोग ने लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाली ऐसी नीलामी पर राज्य के सभी जिलाधिकारी-सह-जिला चुनाव अधिकारियों से इस संबंध में 24 घंटे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पंजाब राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि बड़ी लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत इस तरह की प्रक्रिया के कानूनी और नैतिक परिणामों की जांच करने के लिए राज्य चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मुद्दे के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नर-सह-जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में ऐसी किसी भी विशेष घटना, चाहे रिपोर्ट की गई हो या प्रक्रिया में हो, की पूरी बारीकी से निगरानी करें और 24 घंटों के भीतर अपनी टिप्पणियों सहित विस्तृत रिपोर्ट आयोग को पेश करें। ये नीलामी पंजाब के गुरदासपुर के गांव हरदोवाल कलां में सरपंच पद की हुई है। हरदोवाल कलां जिले के सबसे बड़े गांवों में से एक है। यहां सरपंच पद के लिए आयोजित नीलामी की बोली 50 लाख रुपए से शुरू हुई जिसमें स्थानीय बीजेपी नेता आत्मा सिंह ने 2 करोड़ रुपए की ऊंची बोली लगाई। बोली की प्रक्रिया के बाद चेक से



भुगतान करने वाले स्थानीय भाजपा नेता आत्मा सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने एक ऐसे सरपंच को चुनने का निर्णय लिया है जो गांव के लिए अधिकतम धनराशि देगा। उन्होंने कहा कि नीलामी की राशि गांव के विकास पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की एक समिति कोष आवंटन पर फैसला करेगी। आत्मा सिंह के पिता भी गांव के सरपंच रह चुके हैं। पंजाब में 15 अक्टूबर को पंचायत के चुनाव होंगे। वहीं, इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनि?धिमंडल वित्त मंत्री हरपाल चीमा के नेतृत्व में राज्य चुनाव आयोग पहुंचा और चुनाव आयुक्त से अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। चीमा ने उन रिपोर्टों पर चिंता जताई जिनमें संकेत दिया गया है कि कुछ व्यक्ति सरपंच और पंच पदों के लिए नीलामी में शामिल होकर चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनैतिक प्रथा न केवल हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की पवित्रता को धूमिल करती है बल्कि सार्वजनिक प्रतिनिधित्व के सार को भी खतरे में डालती है। आप प्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग से ऐसी किसी भी अनियमितता के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया और तुरंत जांच की मांग की। वहीं, कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी सरपंच पद की नीलामी की निंदा की है और इसका आयोजन करने वालों के लिए जेल की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह खुला भ्रष्टाचार है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में आवेदनों के डिस्पोजल रेट में उत्तराखण्ड देश में पहले नम्बर पर



**विशेष संवाददाता | देहरादून।** सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया है कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना की गाइडलाइन में संशोधन के बाद इस योजना के प्रति लोगों की तेजी से रूचि बढ़ी। अभी इस योजना के तहत 174 मेगावाट की परियोजनाओं पर कार्य गतिमान हैं। इस योजना के तहत टिहरी, उत्तरकाशी और चम्पावत जिला में काफी अच्छा कार्य हो रहा है। मोरी तहसील के कुकरेड़ा गांव में सोलर के साथ अदरक की खेती का कार्य भी हो रहा है। एक ही भूमि का दो तरीके से सदुपयोग किया जा रहा है। सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत राज्य में आवेदनों के डिस्पोजल रेट के हिसाब से उत्तराखण्ड देश में पहले नम्बर पर है। इस योजना में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा भी इस योजना के तहत सब्सिडी दी जा रही है। आगामी दो-तीन साल में राज्य के सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में स्मॉल हाइड्रो पॉवर पॉलिसी भी संशोधित की गई है, इसके तहत छह प्रोजेक्ट में निविदा की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त कुल 19 प्रोजेक्ट और पाइपलाइन में हैं। उन्होंने बताया कि इन्वेस्टर समिट के दौरान भी स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट को लेकर कंपनियों ने रूचि दिखाई गई है। राज्य में पंप्ड स्टोरेज प्लांट पालिसी भी बनाई गई है। इसमें इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत दिल्ली में हुए रोड शो में जेएसडब्लू ग्रुप ने अपनी रूचि दिखाई थी। कंपनी ने उस समय 15 हजार करोड़ का एमओयू हस्ताक्षरित किया था जिसमें से 8 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल की फ़ाइल स्वीकृति हो चुकी है और बहुत ही जल्द उसके अलॉटमेंट आर्डर एक समारोह में प्रदान किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट अल्मोड़ा में प्रस्तावित है। इसके अलावा अन्य कंपनियों ने भी पंपड स्टोरेज प्लांट में अपनी रुचि दर्शायी है। "प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, राज्य में ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, बल्कि युवाओं और ग्रामीणों को अपने गांवों में रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है।"

## मीट-मुर्गे की दुकानें और मांसाहारी होटल तुरंत बंद कराएं; नवरात्र से पहले भाजपा विधायक की चेतावनी

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने नवरात्र में मीट-मुर्गे की दुकानों और मांसाहारी होटल और ढाबों को बंद कराने के लिए मोर्चा खोल दिया है। भाजपा विधायक ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी लोनी को पत्र लिखकर सभी मीट की दुकानों और मांसाहारी होटलों को तत्काल बंद करने को कहा है।

विधायक ने कहा कि नवरात्रों के दृष्टिगत कई कॉलोनियों के निरीक्षण के दौरान एवं कई स्थानों पर मीट की दुकान और मांसाहारी होटल खुले होने की सूचना प्राप्त हुई है, जो बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा है कि नवरात्र में चारों तरफ और लोनी में मंदिरों-घरों में पूजा-पाठ, जागरण, रामलीला आदि धार्मिक कार्यों का आयोजन किया जाता है। ऐसे में लोनी क्षेत्र में मीट की दुकानों का खुला पाया जाना चिंताजनक है।

मंदिर एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अवागमन के रास्ते में मांस की दुकानों का खुला होना धार्मिक सौहार्द की दृष्टि से भी गलत है। विधायक ने पुलिस और प्रशासन को वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि वह स्वयं निरीक्षण करेंगे यदि कोई मीट की दुकान खुली मिलती है तो उसे तुरंत बंद कराया जाएगा। कोई अधिकारी ऐसी दुकानों को संरक्षण देता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



बता दें कि, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को हर पल सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ महापर्व तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकों से संवाद करते हुए त्योहार में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। योगी ने कहा कि त्योहारों के मौके पर पुलिस और प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहना चाहिए।

## धामी सरकार ने तीन साल में शुरु किए दो मेडिकल कॉलेज

**विशेष संवाददाता | देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन साल के कार्यकाल के दौरान, उत्तराखण्ड में दो नए मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुके हैं। धामी सरकार के कार्यकाल के दौरान 2022 में अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुका है, और अब इसी सत्र से हरिद्वार मेडिकल कॉलेज भी शुरू होने जा रहा है। दोनों जगह की कुल 200 नई सीटें जुड़ने से उत्तराखण्ड में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में मेडिकल सीटों की संख्या बढ़कर 625 हो गई है। पुष्कर सिंह धामी सरकार के कार्यभार ग्रहण करने से पहले प्रदेश में श्रीनगर, देहरादून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज ही संचालित हो रहे थे। हालांकि तब तक अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज और हरिद्वार मेडिकल कॉलेज पर भी काम शुरू हो चुका था। कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ ही एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन दोनों मेडिकल कॉलेजों को प्राथमिकता पर शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके बाद दोनों मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर पूरा किया गया। जिसमें से अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज का निर्माण पहले पूरा होने पर यहां 2022 से ही मेडिकल की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब इसी क्रम में हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण कार्य पूरा होने से इसी शैक्षिक सत्र से यहां भी एमबीबीएस की 100 सीटों पर प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है।

## दो सालों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में हुई 26 प्रतिशत वृद्धि

**विशेष संवाददाता | देहरादून**



सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बुधवार को मीडिया सेंटर सचिवालय में मीडिया से औपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2022 में आगामी 05 वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया। राज्य की जी.एस.डी.पी में पिछले 20 माह में 1.3 गुना वृद्धि हुई है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 02 लाख 05 हजार रूपये थी 2023-24 में यह बढ़कर 02 लाख 60 हजार रूपये हो गई है। पिछले दो सालों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर दो सालों में प्रतिव्यक्ति आय 01 लाख 50 हजार 906 से बढ़कर 01 लाख 84 हजार हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रति व्यक्ति आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सचिव डॉ.आर. मीनाक्षी सुंदरम ने जानकारी दी कि भारत सरकार के पी.एल.एफ.सर्वेक्षण के अनुसार राज्य का 2022- 23 में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 15 से 29 आयु वर्ग में 43.7 प्रतिशत था जो 2023-24 में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार राज्य का वर्क पॉपुलेशन रेशियो 37.5 प्रतिशत से बढ़कर 44.2 प्रतिशत हो गया है। 15 से 59 आयु वर्ग में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 60.1 से बढ़कर 64.4 प्रतिशत और वर्क पॉपुलेशन रेशियो 57.2 से बढ़कर 61.2 प्रतिशत हो गया है। राज्य में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 56 से बढ़कर 60.7 प्रतिशत और वर्क पॉपुलेशन रेशियो 53.5 से बढ़कर 58.1 हो गया है। राज्य में वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15 से 29 आयु वर्ग में यह 26.1 प्रतिशत से बढ़कर 32.4 प्रतिशत और 15 से अधिक आयु वर्ग में 37 प्रतिशत से बढ़कर 43.7 प्रतिशत हुई है। राज्य में लखपति दीदी योजना और महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने की वजह से भी महिलाओं के वर्क पॉपुलेशन रेशियो में वृद्धि हुई है। राज्य में 15 से 29 आयु वर्ग में बेरोजगारी दर में कमी आई है।

## दुख हो जाएंगे दूर, पैसे भी मिलेंगे; गाजियाबाद में हिंदुओं के धर्मांतरण का एक और खुलासा

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में धर्मांतरण का एक और मामला सामने आया है। इस बार आरोपियों ने दुख-दर्द दूर करने और पैसों का लालच देकर महिला पर धर्मांतरण का दबाव बनाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। एसीपी वेवसिटी लिपि नगायच ने बताया कि सैन विहार निवासी एक महिला ने मोहल्ले में रहने वाली पुष्पा और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि पुष्पा उस पर काफी दिनों से ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रही है। बार-बार मना करने पर उसे प्रलोभन देने शुरू कर दिए। सोमवार को वह उसे रास्ते में मिली और कहा कि अगर वह ईसाई धर्म अपनाती है तो उसके सारे दुख दूर हो जाएंगे और पैसे भी मिलेंगे। आरोप है कि मना करने के बावजूद अन्य महिलाओं की मदद से उसे गली नंबर-12 में रहने वाले सोनू के मकान में जबरन ले गई। वहां आरोपी उसे जबरन बाइबिल पढ़वाने लगे।

महिला का कहना है कि प्रार्थना सभा के दौरान उसका पति अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया और हंगामा करते हुए उसे आरोपियों से बचाया। आरोप है कि पुष्पा और उसके साथी क्षेत्र में रहने वाले तमाम लोगों पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना चुके हैं और कई लोगों का धर्मांतरण भी करा चुके हैं। एसीपी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी. ने बताया कि पीटीआई के मोबाइल में 51 पदाधिकारियों के नाम मिले थे। इनकी कुंडली खंगाली जा रही है। ये लोगों का धर्मांतरण कराने की मुहिम में लगे थे। एसआईटी की टीम इनके बारे में जानकारी जुटा रही है। वहीं, गिरोहों को मिल रही फंडिंग की डिटेल खंगाली जा रही है। नंदग्राम पुलिस ने नंदग्राम में धर्मांतरण गिरोह का खुलासा करते हुए इन्राहम इंस्टीट्यूट के पीटीआई जेराल्ड मैथ्यूज मैसी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रारंभिक जांच में डेढ़ सौ अधिक लोगों का धर्मांतरण कराने की बात सामने आई थी। एक सप्ताह के अंदर पकड़े गए धर्मांतरण गिरोहों की तह तक जाने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नंदग्राम में पकड़े गिरोह के संपर्क में आकर हापुड़ में तैनात एक पुलिसकर्मी ने भी धर्म परिवर्तन किया था।

## गाजियाबाद में पुलिस और गोकशी करने वाले बदमाशों के बीच हुआ एनकाउंटर, 2 को लगी गोली

**गाजियाबाद एजेंसी।** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बुधवार तड़के पुलिस और गोकशी करने वाले बदमाशों के बीच हुए एनकाउंटर के बाद पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस और कार की तलाशी लेने पर उसमें से गौकशी करने के औजार बरामद हुए हैं।

एसीपी (मोदीनगर) ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बुधवार को तड़के करीब 02.00 बजे भोजपुर थाना पुलिस द्वारा ग्राम मुकीमपुर और ग्राम अमीपुर नगोला के बीच पुलिया के पास चेंकिग की जा रही थी। इस बीच सामने से एक सिल्वर कलर की कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने जब कार को रुकने का इशारा किया तो उसमें सवार 3 बदमाश उतरकर भागने लगे। इस दौरान उनमें से एक बदमाश ने भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। इसके बाद पुलिस की ओर से की गई जबावी फायरिंग में उस बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

## महाराष्ट्र में अब रामदास आठवले भी दिखा रहे तेवर, भाजपा लीडरशिप से की 10 सीटों की मांग

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। किसी भी दिन इलेक्शन कमिशन की ओर से महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों का आयोजन हो सकता है। इस बीच एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अब तक भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के शिंदे गुट के बीच ही इसे लेकर संघर्ष की स्थिति थी। अब रामदास आठवले की पार्टी आरपीआई ने भी 10 सीटों की मांग कर दी है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को बताया है कि उनकी पार्टी आरपीआ आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आठ से 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले), भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के महायुति गठबंधन का हिस्सा है। एनडीए को ही महाराष्ट्र में महायुति नाम दिया गया है। आठवले ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत की जा रही है और उन्होंने भाजपा के महाराष्ट्र चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र यादव से उनकी पार्टी की मांगों के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें संदेश दिया है कि आरपीआई (आठवले) को आठ से 10 सीट मिलनी चाहिए। मुझे हमारे गठबंधन के साझेदारों भाजपा, शिवसेना और राकांपा पर यकीन है। आरपीआई (आठवले) का अलग वोट बैंक है।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने बढ़ाया टार्गेट, चालू खरीफ सत्र में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ सरकार ने 2024-25 खरीफ विपणन सत्र के लिए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा है। चालू खरीफ विपणन सत्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा करने तथा सुझाव देने के लिए गठित मंत्रिपरिषद उप समिति की मंत्रालय नया रायपुर में सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति ने राज्य में किसानों से अनुमानित 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का निर्णय लिया।

अधिकारियों ने बताया कि दीपावली के पर्व और राज्य स्थापना दिवस पर राज्योत्सव को ध्यान में रखते हुए धान खरीद 15 नवंबर से शुरू किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदने का निर्णय भी लिया गया। सभी खरीद केंद्रों को 'इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन' की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

अधिकारी ने बताया कि मंत्रिमंडल उपसमिति ने जूट (पटसन) आयुक्त तथा 'जेम पोर्टल' के जरिये जूट बैग खरीदने का भी निर्णय लिया ताकि धान की खरीद सुव्यवस्थित हो सके और किसानों को जूट बैग आसानी से उपलब्ध हो सकें। खरीफ के पिछले मौसम में राज्य में समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई थी और अनुमान लगाया जा रहा है कि चालू मौसम में यह 160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी।

बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य



वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और 20 सूत्रीय क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। अधिकारी ने बताया कि राज्य में 2,058 सहकारी समितियों और 2,739 धान खरीद केंद्रों के जरिये खरीद की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## सार समाचार

### भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्व कप, 24 देश लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जायेगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है।

विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है। इस टूर्नामेंट में एक हफ़्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे।

इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### सुमित नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर



**शंघाई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

ईरानी कप



# सरफराज खान ने ठोकी डबल सेंचुरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरानी कप 2024 में मुंबई के मिडिल ऑर्डर बैट्समैन सरफराज खान का जलवा देखने को मिला है। 26 साल के इस बल्लेबाज ने डबल सेंचुरी ठोक दी है। इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले सरफराज को बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में बेंच पर बैठना पड़ा था।

विराट कोहली, ऋषभ पंत और केएल राहुल की वापसी के कारण उन्हें प्लेइंग 11 में मौका नहीं मिला। सरफराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले डबल सेंचुरी ठोक दिया है। ऐसे में टीम चुनते वक्त अब किसी अन्य बल्लेबाज को मौका देने पर शायद ही विचार किया जाए।

**ईरानी कप में सबसे बड़ी पारी वसीम जाफर के नाम**

सरफराज खान से पहले वसीम जाफर, युवराज सिंह और रवि शास्त्री समेत 10 बल्लेबाजों ने ईरानी कप में दोहरा शतक जड़ा था। ईरानी कप में सबसे बड़ी पारी वसीम जाफर के नाम है। यशस्वी जायसवाल भी इस लिस्ट में हैं। उन्होंने मुंबई के लिए 2018 में 286 रन की पारी खेली थी। दूसरे नंबर पर मुरली विजय हैं। उन्होंने 2012 में रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए 266 रन की पारी खेली थी।

# टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेगी सबसे अमीर महिला क्रिकेटर

**16 साल की उम्र में नाम की ये बड़ी उपलब्धि**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं के टी-20 वर्ल्ड कप 3 अक्टूबर से शुरू होने वाला है. एक से बढ़कर एक खिलाड़ी मैदान में होंगी. कोई सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तो कोई सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाली. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस बार टी-20 वर्ल्डकप खेल रही कौन सी महिला खिलाड़ी है सबसे अमीर?

मेंस क्रिकेटरों में विराट कोहली सबसे ज्यादा कमाते हैं. लेकिन, बात जब सबसे अमीर महिला क्रिकेटर की आती है तो लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की एलिसा पेरी का नाम सबसे ऊपर आता है.

महिला टी-20 वर्ल्डकप 2024 में हिस्सा ले रही 34 साल की एलिसा पेरी सबसे अमीर क्रिकेटर हैं. और, ऐसा नहीं है कि वो सिर्फ इस टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सबसे अमीर महिला क्रिकेटर बनी हैं बल्कि बीते कई सालों से महिला क्रिकेटरों के बीच वही सबसे अमीर हैं.

### एलिसा पेरी की कमाई कितनी है?

अब सवाल है कि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसा पेरी की कमाई कितनी है? उनकी कुल नेटवर्थ 14 मिलियन डॉलर की बताई जाती है, जिसे अगर भारतीय रुपयों में तौलें तो कुल रकम 117 करोड़ रुपये से थोड़ी ज्यादा ही होती है. बेशक सबेस रईस मेंस क्रिकेटर विराट कोहली की धन-दौलत के आगे एलिसा पेरी के 117 करोड़ रुपये कुछ भी नहीं.

लेकिन, ये भी सच है कि महिला क्रिकेटरों के बीच उन्हीं के नाम का डंका है.



### बचपन से ही खेलों में दिलचस्पी

एलिसा पेरी की गिनती आज ना सिर्फ ऑस्ट्रेलिया बल्कि पूरी दुनिया के सबसे अनुभवी और बेहतरीन ऑलराउंडर्स में होती है. क्रिकेट में जिस मुकाम को आज वो छू चुकी हैं और जो अमीरी का आलम देख चुकी हैं, वहां तक पहुंचने के सफर की शुरुआत उन्होंने काफी छोटी उम्र से ही कर दिया था. एलिसा पेरी को बचपन से ही खेलों में दिलचस्पी थी. वो एक साथ दो खेल खेल रहीं थी और दोनों ही खेलों में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू भी एक ही उम्र में किया.

### 16 साल में नाम की ये उपलब्धि

महज 16 साल की उम्र में एलिसा पेरी ने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट और सॉकर दोनों में डेब्यू किया. वो इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर बनीं. वो ऑस्ट्रेलिया के लिए आईसीसीऔर एफआईएफए के वर्ल्ड कप खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनीं. साल 2014 में एलिसा पेरी को क्रिकेट और सॉकर में से किसी एक का चुनाव करना पड़ा और उन्होंने क्रिकेट को चुना.

### टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत कड़ी

एलिसा पेरी ऑस्ट्रेलिया के लिए 157 टी-20 इंटरनेशनल खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 1956 रन बनाने के अलावा 126 विकेट लिए हैं. ऑस्ट्रेलिया को अपने इस अमीर और अनुभवी खिलाड़ी से महिला टी-20 वर्ल्डकप 2024 में काफी उम्मीदें हैं.

# फ्रेजर-मैकगर्क को दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी: आरपी सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के बड़े हिट वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस युवा बल्लेबाज को भविष्य के लिए तैयार करना चाहती है। फ्रेजर-मैकगर्क को एक सलामी बल्लेबाज के रूप में डेविड वॉर्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के लिए 234.04 की स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे।

हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका प्रदर्शन शुरुआती दौर में अच्छा नहीं रहा, लेकिन फ्रेजर-मैकगर्क ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में अर्धशतक जड़कर कमबैक किया, और उन्होंने सभी को उस क्षमता की याद दिलाई जो



उन्हें कैपिटल्स के लिए रिटेंशन का दावेदार बनाती है। आरपी सिंह ने जियोसिनेमा से कहा, फ्रेजर-मैकगर्क अपनी अलग खेल शैली और इस फ्रैंचाइजी पर उनके प्रभाव के कारण निश्चित रूप से बने रहेंगे। ऋषभ पंत को कप्तान के रूप में बरकरार रखा जाएगा।

दो स्पिनर, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव टीम में बने रहेंगे। अन्य के लिए, आप आरटीएम का उपयोग कर सकते हैं क्योंकि कई फ्रेंचाइजी आरटीएम का उपयोग करने की उम्मीद में खिलाड़ियों को रिलीज करती हैं। आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन से पहले टीमों के लिए अपने रिटेंशन को अंतिम रूप देने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर है। दस आईपीएल फ्रेंचाइजी अपनी आईपीएल 2024 टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं, जिसमें ज्यादा से ज्यादा पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं।

# कप्तानी छोड़ने के बाद भी टीम के लीडर की भूमिका में बने रहेंगे टिम साउदी : न्यूजीलैंड क्रिकेट

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** टिम साउदी ने न्यूजीलैंड टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह फैसला श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद लिया है। अब टॉम लैथम न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के कप्तान होंगे।



टॉम लैथम, जिन्होंने पहले 9 बार टेस्ट टीम की कप्तानी की है, अगले शुक्रवार को भारत दौरे पर साउदी सहित 15 सदस्यीय टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे। 2008 में डेब्यू के बाद से ब्लैक कैप्स के लिए 102 टेस्ट मैच खेले वाले टिम साउदी ने 382 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के लिए उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट केवल सर रिचर्ड हैडली ने लिए हैं। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2022 में केन विलियमसन के बाद कप्तानी का जिम्मा उठाया था।

उन्होंने 14 टेस्ट (6 जीत, 6 हार, 2 ड्रॉ) में टीम की कप्तानी की है। इस साल साउदी का खुद का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा, उन्होंने पिछले आठ टेस्ट में सिर्फ 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में न चुना जाए।

# बुमराह फिर नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने, इस दिग्गज को मात्र एक अंक से पछाड़ा

**आईसीसी रैंकिंग:**

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज के रूप में अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया जबकि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तीसरे स्थान पर पहुंच गए। आईसीसी के अनुसार कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की हाल ही में 7 विकेट की जीत के दौरान मैच में छह विकेट लेने के बाद बुमराह ने टीम के साथी रविचंद्रन अश्विन को मात्र एक अंक से पीछे छोड़ दिया और दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस जीत में प्रति पारी तीन विकेट शामिल



हैं। अश्विन ने उस मैच के दौरान 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन (चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच स्थान ऊपर 28वें स्थान पर) ने रैंकिंग सुधार किया।

श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की क्योंकि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 विकेट लेकर सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए, लेकिन इस सप्ताह की रैंकिंग अपडेट भारत के नाम है जिसने बांग्लादेश पर सीरीज में जीत दर्ज की, जिससे वे अगले साल होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की।



# बाबर आजम की बढ़ती मुश्किलें, दूसरी बार छोड़ी कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खामोश बल्ला और फ्लॉप कप्तानी से जूझ रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम का भाग्य इन दिनों उनका साथ नहीं दे रहा। एक समय था जब उनकी तुलना स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से की जाती थी, और अब पाकिस्तान ही उनकी फजीहत कर रहा है। बाबर अब वनडे और टी20 में पाकिस्तान के कप्तान नहीं होंगे। उन्होंने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। इसकी वजह उन पर हावी होता दबाव था क्योंकि हर कोई उनकी आलोचना कर रहा है, यहां तक कि उनका खुद का देश भी उनके खिलाफ है। ये दूसरी बार है जब बाबर ने पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दिया है।

पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ने की जानकारी बाबर आजम ने आधी रात सोशल मीडिया के जरिए शेयर की। उन्होंने वर्कलोड मैनेजमेंट का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है। हालांकि, यह बात जगजाहिर है कि बाबर पर कप्तानी छोड़ने के लिए दबाव दिया जा रहा था। इसका मुख्य कारण हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से कभी न भूलने वाली घरेलू शिकस्त थी जिसमें उनका बल्ला खानोश रहा था। आंकड़ों की बात करें तो बाबर आजम की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खराब नहीं रहा, लेकिन लगातार बड़े इवेंट में फ्लॉप होना और अमेरिका से टी 20 विश्व कप में बुरी तरह से हार जाना उनके लिए परेशानी का सबब बन गया। बाबर ने अपने पोस्ट में कहा, मेरे प्यारे फैन्स, मैं आज आपसे एक अहम बात शेयर कर रहा हूं।

# चाइना ओपन में सिनर का खिताबी मुकाबला अल्काराज़ से

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी ब्यूंचाओकेटे का 2024 चाइना ओपन एटीपी और डब्ल्यूटीए इवेंट में शानदार प्रदर्शन मंगलवार को यहां समाप्त हो गया, जब वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में विश्व नंबर 1 इटली के जानिक सिनर से हार गए। सिनर का फाइनल में विश्व नंबर 3 स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ से मुकाबला होगा। टूर्नामेंट में दुनिया में 96वें स्थान पर रहने के बाद ब्यूंचाओकेटे ने चौथे वरीय रूस के आंद्रेई रुब्लेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, 22 वर्षीय खिलाड़ी शीर्ष वरीय इतालवी खिलाड़ी को मात देने में असमर्थ रहे और 6-3, 7-6(3) से हार गए। शुरुआती सेट में स्कोरलाइन 2-2 पर पहुंचने के बाद, सिनर ने ब्यूंचाओकेटे की



सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बनाकर सेट पर नियंत्रण हासिल करना शुरू कर दिया। हालांकि अंडरडॉग एक गेम जीतने में कामयाब रहा, लेकिन सिनर ने सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट ज़्यादा प्रतिस्पर्धी था, जिसमें ब्यूंचाओकेटे ने 6-6 तक अपनी पकड़ बनाए रखी, उसके बाद 2024 यूएस ओपन चैंपियन ने महत्वपूर्ण टाईब्रेक जीता।

ब्यूंचाओकेटे ने कहा, सिनर ने मुझ पर बहुत दबाव डाला। आज मेरी सर्विस बहुत खराब थी, संभवतः सप्ताह की सबसे खराब, लेकिन मैंने मैच के दौरान खुद को एडजस्ट करने की कोशिश की। शायद मैं इन गहन मैचों के बाद बहुत थक गया था।

सिनर ने कहा, ब्यूंचाओकेटे एक बहुत ही ठोस खिलाड़ी है। उसने पिछले कुछ महीनों में सफलता हासिल की है, और मुझे उम्मीद है कि वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। सिनर फाइनल में विश्व नंबर 3 स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ का सामना करने के लिए तैयार है, जिन्होंने विश्व नंबर 5 रूस के दानिल मेदवेदेव को 7-5, 6-3 से हराया। अल्काराज़ ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैंने अच्छा खेला। जाहिर है, अगर मैं दानिल को हराना चाहता हूं, तो मुझे उच्च गुणवत्ता वाला टेनिस खेलना होगा। बीजिंग में अपने पहले फाइनल में पहुंचकर वाकई बहुत खुश हूं।

चीनी दिग्गज झांग शुआई, जिन्हें चाइना ओपन से पहले लगातार 24 मैच हारने पड़े थे, ने 23वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्दालेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। झांग ने कहा, मैं चाइना ओपन में फिर से अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

## न्यूज बाइट्स

### गांधी जयंती पर स्वच्छता रैली और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का समापन

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** स्वच्छता ही सेवा -2024 अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति औरंगाबाद के द्वारा स्वच्छता के संकल्प को साकार करने हेतु स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान स्वच्छता रैली प्रखंड कार्यालय परिसर औरंगाबाद से प्रारंभ होकर समाहरणालय परिसर में समाप्त की गई। साथ ही समाहरणालय परिसर की सफाई की गई तथा गांधी जी के प्रतिमा के पास सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायतों में आयोजित की गई।इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रती जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली के आयोजन के अवसर पर निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी, स्वच्छता कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर शांति समिति की बैठक

# जर्जर सड़क और बिजली व्यवस्था सुधार की उठी मांग, शांति बनाए रखने की अपील

- जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरब्रिज पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर जनता के उपयोग में लाया जाएगा।

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

**स्थानीय समस्याओं का उठा मुद्दा**

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि नगर के कई इलाकों में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है, जिससे दुर्गा पूजा के दौरान आवागमन में कठिनाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिन्हें तत्काल ठीक किया जाना चाहिए। इसके अलावा, बिजली की तारें भी काफी जर्जर हो चुकी हैं, जिससे बिजली आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो सकता है।

आगामी दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर रफीगंज ब्लॉक सभागार भवन में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूजा समितियों के सदस्य, स्थानीय नागरिक और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और स्थानीय समस्याओं का समाधान करना था। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, वार्ड पार्षद नूरूल खां सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नगर में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पदाधिकारियों से शहरी क्षेत्रों में जर्जर सड़कों की मरम्मत और बिजली व्यवस्था को सुधारने की मांग की। इसके अलावा, पूजा के मद्देनजर जगह-जगह पर शौचालय की व्यवस्था करने की भी आवश्यकता बताई गई। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, वार्ड पार्षद नूरूल खां सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नगर में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पदाधिकारियों से शहरी क्षेत्रों में जर्जर सड़कों की मरम्मत और बिजली व्यवस्था को सुधारने की मांग की। इसके अलावा, पूजा के मद्देनजर जगह-जगह पर शौचालय की व्यवस्था करने की भी आवश्यकता बताई गई। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्थानीय समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और जनता को आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत, बिजली की समस्या का समाधान, और दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान हेतु निर्देश दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ओवरब्रिज पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर जनता के उपयोग में लाया जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल, अनुमंडलाधिकारी संतन कुमार सिंह और एसडीपीओ अमित कुमार ने भी बैठक में भाग लिया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसपी ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहेगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। अधिकारियों ने दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का भरोसा दिलाया। शांति समिति की इस बैठक में जिला पदाधिकारी, एसपी, एसडीओ, रफीगंज बीडीओ, सीओ, ईओ और थाना अध्यक्ष समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा दुर्गा पूजा समिति के सदस्य और शांति समिति के सदस्य भी बैठक में शामिल हुए।

इस बैठक के दौरान प्रशासन और जनता के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी स्थापित हुई और उम्मीद है कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी समस्याओं का समाधान करते हुए एक सुरक्षित और सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

व्यवहार न्यायालय परिसर में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

# स्वच्छता दिनचर्या का हिस्सा, इसके प्रति सजगता प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व : प्रभारी जिला जज

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया और उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा स्वयं परिसर में झाड़ू लगाया गया।

इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम, न्यायकर्ता शोभित सौरभ सहित न्यायालय कर्मी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी, अर्ध विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई पर निरंतर ध्यान देने की बात कही गयी। इस अभियान में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण द्वारा पूरे न्यायालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई किया गया तथा प्रत्येक दिन साफ-सफाई रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि विगत सात-आठ वर्षो से स्वच्छता एक जन क्रान्ति बनकर उभरी है और बड़े पैमाने पर सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण इसकी बानगी है। भारत सरकार महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपना को पूरा करने के लिए दो अक्टूबर, 2014 को इसकी शुरूआत की गयी थी, जिसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का यह परम कर्तव्य होना चाहिए कि स्वच्छता उसके दिनचर्या का हिस्सा बनें। स्चच्छता कोई एक दिन का काम नहीं है इसपर निरंतरता आवाश्यक रूप से कई तरह के बदलाव का वाहक जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्व का निर्वह्न करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने कहा कि आप जिस स्थल पर है वहां की सफाई का ध्यान रखें अगर यह काम प्रत्येक व्यक्ति करता है तो किसी भी स्थल पर गंदगी का नामों निशान नहीं रहेगा। सचिव द्वारा बताया गया कि पारा विधिक स्वयं सेवक जिला विधिक सेवा प्राधिकार का एक महत्वपूर्ण अंग है और इनका फैलाव जिले के प्रत्येक क्षेत्र है और पारा विधिक स्वयं सेवको को इसमें शामिल करने से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का प्रभाव व्यापक है।

# बिहार में पर्यटन और संस्कृति के प्रचार हेतु रिल्स मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार सरकार के पर्यटन विभाग और औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 'बिहार पर्यटन एक इनफ्लूएंसर की नजर में' शीर्षक से एक विशेष रिल्स मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बिहार की समृद्ध संस्कृति और पर्यटन स्थलों को देशभर में अधिकतम प्रचारित करना और आम जनता के बीच इसकी पहचान बढ़ाना है। इसके तहत राज्य के पर्यटन विभाग के सचिव ने सभी जिला पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर इनफ्लूएंसरों की भूमिका पर्यटन के प्रचार-प्रसार में बेहद महत्वपूर्ण होती है। ये इनफ्लूएंसर अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जिले की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों, बिहार के प्रसिद्ध व्यंजन, ईको-टूरिज्म और कला संस्कृति को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, साथ ही सोशल मीडिया पर उनके कम से कम 50,000 फॉलोअर्स होने अनिवार्य हैं। प्रतिभागियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी पोस्ट आपत्तिजनक या विवादित न हो। प्रतियोगिता हेतु कई श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन, इको-टूरिज्म, धरोहर और ऐतिहासिक पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन, बिहार के व्यंजन, तथा कला और संस्कृति प्रमुख हैं। प्रत्येक प्रतिभागी इन श्रेणियों में अधिकतम तीन वीडियो जमा कर सकते हैं, जिनमें मुख्य वीडियो 60 से 120 सेकंड्स का और अतिरिक्त शॉर्ट्स 10 से 15 सेकंड्स का होगा। सभी वीडियो बिहार से संबंधित होने चाहिए। प्रतियोगियों को अपने वीडियो गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा करने होंगे, जिसका लिंक 2 अक्टूबर 2024 को पर्यटन विभाग की वेबसाइट (www.tourism.bihar.gov.in) पर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन तीन मापदंडों पर आधारित होगा - वीडियो की पहुंच, प्राप्त लाइक्स और कितने लोगों ने वीडियो साझा किया। प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ वीडियो के लिए 1 लाख रुपये का पुरस्कार, दूसरे स्थान के लिए 50,000 रुपये और तीसरे स्थान के लिए 10,000 रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बिहार सरकार राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है, जिससे बिहार के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिल सके।

# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में गांधी और शास्त्री जयंती का भव्य आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बुधवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र (पीईटीसी) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक और जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष मोहम्मद मसउद आलम की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरित करना था। निदेशक मोहम्मद मसउद आलम ने अपने संबोधन में छात्रों को इन महान व्यक्तियों के जीवन से सीखने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप लोगों को इन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इनकी तरह अपने देश की सेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित होना आज की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों ने गांधीजी के अहिंसा और शास्त्रीजी के सादगी और ईमानदारी के आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। निदेशक आलम ने विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को इन महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए अपने अध्ययन में और अधिक परिश्रम करना चाहिए ताकि आप प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च स्थान प्राप्त कर सकें और देश के लिए गर्व का कारण बन सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

## बापू हर काल में रहेंगे प्रासंगिक : उदय कुमार सिंह



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला मुख्यालय स्थित पीएम अनुग्रह मध्य विद्यालय में हेडमास्टर उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से गांधी जयंती मना। विद्यालय परिवार ने गांधी जिनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। बच्चों ने गांधी जी पर चित्रकारी, निबंध एवम क्विज प्रतियोगिता में भाग लिए जिनके विजेताओं को हेडमास्टरवने पुरस्कृत भी किया। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बच्छोंनको संबोधित करते हुए कहा कि गांधी हर कालखंड में प्रासंगिक बने रहेंगे।उनकी अहिंसा, सत्य का प्रयोग, कर के सीखो और व्यवहारिक पेशेवर ज्ञान की वकालत हर युग में व्यवस्था के लिए उपयोगी रहेगी। पूरी दुनिया इस महामानव को आराध्य माना जाता है। आज पश्चिम एशिया में व्याप्त हिंसा एवं अराजकता के माहौल में गांधी जी का दर्शन ही एक मात्र उपचार हो सकता है। संयम अनशन उपवास उनकी पूरी जिंदगी का फलसफा रहा और भारत में दो सौ सालों की अंग्रेजी दासता को सहजता से उखाड़ फेंकने में सफल रहे।

# विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चारों विद्यालयों में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि गांधी जी ने कहा था कि 'खुद वह बदलाव बनें, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य गांधी जी के सपनों का भारत बनाना है, जहां हर बच्चे को शिक्षा मिले, सभी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों और लोग एकता और सद्भाव के साथ रहें।

इस कार्यक्रम में चारों विद्यालयों के प्राचार्यों—सरयू प्रसाद तांती, मोहम्मद मोजाहिर आलम, अशोक कुमार मिश्रा, और विनीता प्रकाश ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, और टेक्निकल एडवाइजर इंजीनियर विनय प्रकाश ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नगर परिषद दाउदनगर द्वारा आयोजित स्वच्छता पदयात्रा में विद्या निकेतन के सीनियर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह रैली नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर परिषद अध्यक्ष अंजली कुमारी ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता में हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। गांधी और शास्त्री जयंती के अवसर पर विद्या निकेतन, किड्ज वर्ल्ड, और संस्कार विद्या के परिसर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें क्विज, पेंटिंग, रंगोली, और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सीईओ आनंद प्रकाश ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया और उनसे यह अपील की कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें।

# बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बारुण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बिजली चोरी पर रोकथाम के लिए बारुण थाना क्षेत्र के कोसडीहरा में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच लोगों के खिलाफ बारुण थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता नीरज प्रभाकर, कनीय विद्युत अभियंता मनोज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि कनीय विद्युत अभियंता मनोज कुमार द्वारा दिए गए आवेदन में कोसडीहरा क्षेत्र के धर्मेंद्र राम, भागवत राम, नंदलाल राम, सुरेंद्र प्रसाद और भगवती सिंह का नाम शामिल है। आवेदन में बताया गया है कि उपरोक्त व्यक्तियों पर बिजली बिल बकाया होने के कारण उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गए थे। इसके बावजूद, इन व्यक्तियों ने किसी न किसी तरीके से बिजली चोरी की, जिससे सरकारी राजस्व को हानि पहुंची।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**

# स्वच्छता रैली और शपथ के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** स्वच्छता ही सेवा -2024 अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति औरंगाबाद के द्वारा स्वच्छता के संकल्प को साकार करने हेतु स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान स्वच्छता रैली प्रखंड कार्यालय परिसर औरंगाबाद से प्रारंभ होकर समाहरणालय परिसर में समाप्त की गई। साथ ही समाहरणालय परिसर की सफाई की गई तथा गांधी जी के प्रतिमा के पास सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायतों में आयोजित की गई।इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रती जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली के आयोजन के अवसर पर निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी, स्वच्छता कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

**भारतीय डाक विभाग**

डाक जीवन बीमा Postal Life Insurance

**कार्यालय, डाक अधीक्षक**
**औरंगाबाद मंडल, औरंगाबाद**

**डाक जीवन बीमा करने एवं Direct Agent बनने का सुनहरा अवसर**

डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा डाक विभाग की सबसे बेहतरीन सेवाओं में से एक है जो लम्बे समय से आम जनता के लिए उपलब्ध है। वर्तमान में वैसे व्यक्ति जो सरकारी अथवा गैर सरकारी सेवाओं में नहीं है एवं जिनके पास बी.टेक एवं अन्य स्नातक डिग्री उपलब्ध है वे डाक जीवन बीमा के लिए योग्य हैं। इस योजना के तहत डाक विभाग पूर्व से ही Direct Agent की भी नियुक्ति कर रहा है, जो अभी जारी है और यह नियुक्ति डाक विभाग के विभिन्न सेवा शर्तों के अनुसार किया जा रहा है। इसलिए आम इच्छुक जनता से अनुरोध है कि Direct Agent के माध्यम से डाक विभाग से जुड़कर आकर्षक Incentive का लाभ उठाएं। साथ ही योग्य व्यक्ति डाक जीवन बीमा कराकर अपने जीवन को सुरक्षित करायें।

**डाक अधीक्षक**
**औरंगाबाद मंडल, औरंगाबाद**

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग




**बाढ़ की स्थिति में पशु प्रबंधन**

- बाढ़ आने की स्थिति में पशु को रखने की व्यवस्था ऊँचे स्थान पर करना चाहिए जहाँ जल निकास की उचित व्यवस्था हो ताकि पशु परिसर साफ एवं सूखा रहे तथा गर्मी एवं नमी जनित रोगों से पशुओं को बचाया जा सकें।
- पशुशाला को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिये समय–समय पर कीटनाशक का उपयोग करना चाहिए।
- पशु गृह को अत्यधिक नमी से बचाने के लिए पशुशाला में चूने का छिड़काव करना चाहिए।
- पशुओं को संतुलित आहार तथा साफ एवं ताजा पानी उपलब्ध कराना चाहिए। बाढ़ में डुबी घास एवं पहले का भींगा हुआ भूसा आदि न खाने दें।
- अतःपरजीवी एवं बाह्य परजीवी का प्रकोप इस समय काफी होता है। अतः इनसे बचाव हेतु सभी पशुओं में कृमिनाशक दवा का उपयोग अवश्य करें।
- बाढ़ के समय मृत पशुओं से कई प्रकार की बीमारियाँ फैलने की संभावना अधिक होती है, अतः मृत पशुओं का निस्तारण सावधानीपूर्वक करें।
- बीमार एवं घायल पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना चाहिए एवं उपचार हेतु पशु चिकित्सक से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए।
- संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतें।



PR. No. 009774 (Animal)D. 2024-25

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित